www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 28 मई 2026 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 46 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मुंगेली की बौद्धिक पहचान पर सन्नाटा, कभी ज्ञान का मंदिर था, अब लटक रहा ताला!

सुशील शुक्ला

नव प्रदेश विशेष

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली की गलियों में कभी एक ऐसी जगह हुआ करती थी, जहां किताबों के पन्नों के साथ सपने पलते थे, विचार जन्म लेते थे और समाज को नई दिशा मिलती थी। 99 साल पुराना ऐतिहासिक 'विठा बाई मोहरे वाचनालय' केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि शहर की बौद्धिक आत्मा थी। यहां साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और जागरूक नागरिकों की आवाजाही से हर दिन ज्ञान की रोशनी फैलती थी, लेकिन बदलते दौर और प्रशासनिक उपेक्षा ने इस गौरवशाली धरोहर को वीरान बना दिया। यह ऐतिहासिक वाचनालय आज ताले में कैद है, दीवारें बदहाली की कहानी कह रही हैं और भीतर पसरा सन्नाटा मानो अपनी पहचान बचाने की गुहार लगा रहा है।

हम बात कर रहे हैं मुंगेली के ऐतिहासिक 'विठा बाई मोहरे वाचनालय' की। साल 1927 में स्थापित हुआ यह वाचनालय आज अपने वजूद के 99वें वर्ष में है, लेकिन आज इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। कभी शहर को गौरवशाली बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाला यह केंद्र आज एक बंद खंडहर के रूप में बदहाली के आंसू बहा रहा है। 1927 की ऐतिहासिक धरोहर पर आज ताला जड़ा हुआ है, विठा बाई मोहरे वाचनालय का इतिहास गौरवशाली रहा है। सन् 1927 में जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, तब जागृति फैलाने और शिक्षा के प्रसार के लिए इसकी स्थापना की गई थी। आज लगभग एक सदी (99 वर्ष) बीत जाने के बाद इस ऐतिहासिक भवन की कोई पूछ-परख नहीं रह गई है।

भवन के मुख्य दरवाजे पर सालों से एक भारी-भरकम ताला लटका हुआ है। देखरेख के अभाव में इमारत जर्जर हो चुकी है। दीवारें ढह रही हैं और यह ऐतिहासिक स्थल अब एक खंडहर में तब्दील हो चुका है। स्थानीय प्रबुद्ध जनों और बुजुर्गों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश और दुख है। उनका कहना है कि जिस वाचनालय ने मुंगेली को एक वैचारिक पहचान दी, उसे इस तरह लावारिस छोड़ देना हमारी संस्कृति और इतिहास का अपमान है। 99 साल पुरानी इमारतें किसी भी शहर की धरोहर होती हैं, आने वाली पीढ़ी के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धरोहर को संरक्षण की दरकार

एक दौर था जब यह जिला ज्ञान और साहित्य का केंद्र हुआ करता था। बुजुर्ग बताते हैं कि उस समय शहर में 4 प्रमुख वाचनालय संचालित थे, जहाँ सुबह-शाम अखबारों, पत्रिकाओं और किताबों पर गंभीर चर्चाएं हुआ करती थीं। समय का चक्र ऐसा घूमा कि आधुनिक दौर में वाचनालयों का स्वरूप बदलकर पुस्तकालयों (लाइब्रेरी) में सिमट गया।

धरोहर से खंडहर तक: उपेक्षा का शिकार हुआ 99 साल पुराना विठा बाई मोहरे वाचनालय

प्रशासनिक उदासीनता पर उठते सवाल

नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन की इस घोर अनदेखी के कारण जिले का यह गौरवशाली पन्ना इतिहास के गर्त में खोने की कगार पर है। जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि इसके गौरव को पुनर्जीवित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां जान सकें कि मुंगेली का इतिहास कितना समृद्ध था। देखना होगा कि क्या प्रशासन इस 99 साल पुरानी धरोहर की सुध लेता है या फिर यह ऐतिहासिक इमारत इतिहास के पन्नों से हमेशा के लिए मिट जाएगी।

आज बेबाक

बंगाल को बांग्लादेश बनाने का सपना देखने वाली ममता बानो के दिल के अरमां आसूंओं में बह रहे हैं। नये सीएम सुवेन्दु अधिकारी चुन चुन कर घुसपैठियों को खदेड़ रहे हैं। बांग्लादेश बार्डर पर घुसपैठियों का जमावड़ा लगता जा रहा है। बंगाल में टीएमसी नेताओं और उनके पालतू गुंडों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर की ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। यह सब देखकर बंगाली खुशी से चिल्ला रहे हैं- भालो- भालो..। अपने कोप भवन में मुंह लटकाए बैठी ममता बानो चिल्ला रही हैं - ये सब न चलबो...मगर उसकी सुनता कौन है? नोचती रहो खिसयानी बिल्ली की तरह खंभा।

गरमा-गरम

झुलसा रही सूरज की तपिश : जरूरतमंदों और बेजुबानों की प्यास बुझाने के लिए आगे आएं देशवासी

गर्मी से बेहाल देश, पीएम की जनता से अपील- हाइड्रेटेड रहें, सुरक्षित रहें

नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) का कहर जारी है। कई राज्यों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बढ़ती गर्मी और बढ़ते तापमान पर गहरी चिंता जताई है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को देशवासियों से सतर्क रहने, अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने और इस कठिन मौसम में एक-दूसरे की मदद करने की भावुक अपील की है।

मानवीय सहयोग की अपील: प्यासों को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा: इस कठिन मौसम में संवेदनशीलता की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सामूहिक और मानवीय सहयोग से ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील की, यदि संभव हो, तो अपने आस-पास के किसी भी प्यासे व्यक्ति को एक गिलास पानी जरूर दें। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेजुबान पशु-पक्षियों के प्रति दिखाएं करुणा

इंसानों के साथ-साथ वन्यजीवों और घरेलू जानवरों की सुरक्षा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह मौसम बेजुबानों के लिए भी बेहद कठिन है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर की बालकनी, छत, दुकान या कार्यालय के बाहर पानी से भरा एक छोटा मिट्टी का बर्तन (सकोरा) जरूर रखें। उन्होंने कहा कि आपका यह छोटा सा प्रयास किसी प्यासे पक्षी या जानवर के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के अंत में कहा कि इस भीषण गर्मी के दौरान हम सभी को संवेदनशीलता और करुणा के साथ एक-दूसरे तथा प्रकृति के सभी जीव-जंतुओं का ध्यान रखना चाहिए।

बुजुर्गों की देखभाल पर विशेष जोर

प्रधानमंत्री ने परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की सेहत को लेकर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य बुजुर्ग प्रियजनों का लगातार हालचाल लेते रहें। उन्होंने बुजुर्गों को दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने, अधिक से अधिक आराम करने, और नियमित अंतराल पर पानी या तरल पदार्थ लेने की सलाह दी।

बाहर निकलते समय पानी साथ रखें

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर देशवासियों के नाम एक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण लोगों की दिनचर्या पर सीधा असर पड़ रहा है। पीएम ने नागरिकों को सलाह दी कि वे पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि घर से बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखना न भूलें।

भीषण गर्मी में सतर्कता-संवेदनशीलता बरतें, जरूरतमंदों का सहारा बनें: साय

■ सीएम साय ने लोगों से स्वास्थ्य सुरक्षा, मानवीय संवेदना और पशु-पक्षियों के प्रति दायित्व निभाने की अपील की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक हिस्सों में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रदेशवासियों से सतर्कता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ इस चुनौतीपूर्ण समय का सामना करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि अत्यधिक गर्मी के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से पर्याप्त पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने तथा अनावश्यक रूप से तेज धूप में जाने से बचने का आग्रह करते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लू और तेज धूप से बचें, बाहर न निकलें

मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, श्रमिक साथियों तथा खुले में कार्य करने वाले लोगों का ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक बिगड़ती दिखाई दे, तो उसे तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर ले जाकर पानी, ओआरएस अथवा अन्य तरल पदार्थ उपलब्ध कराए जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सहायता भी सुनिश्चित की जाए।

तेंदूपत्ता अग्निकांड पर वन मंत्री का एक्शन, हटाए गए डीएफओ

■ अनुभवी अधिकारी की तैनाती, घटना की होगी निष्पक्ष जांच

नव प्रदेश लगातार

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में हुए तेंदूपत्ता अग्निकांड को लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। वनवासियों और तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत की कमाई को नुकसान पहुंचाने वाली इस गंभीर घटना पर मंत्री कश्यप ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बीजापुर के वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) रमेश कुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय रायपुर में संबद्ध किया गया है।

वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन में अनुभवी अधिकारी जाधव सागर रामचंद्र को बीजापुर का नया डीएफओ नियुक्त किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मारपीट का केस रफा-दफा करने कॉन्स्टेबल ने मांगी रिश्वत, सस्पेंड

■ प्रधान आरक्षक बोला- 3-3 को 5 हजार में कैसे छोड़ूंगा, 10 हजार करवा दो

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में एक हेड कॉन्स्टेबल ने 3 आरोपियों को छोड़ने के एवज में 10 हजार रुपए रिश्वत मांगी। पैसे मांगने का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल ने कहा कि 'तीन-तीन आदमी को 5 हजार रुपए में थोड़ी न छोड़ूंगा। तीनों के लिए 10 हजार रुपए करवा दो।' वीडियो 2 महीने पुराना है, अब वायरल हुआ तो एसएसपी रजनेश सिंह ने हेड कॉन्स्टेबल शोभित कैवर्त्य को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही मामले की विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। मारपीट के मामले में 3 आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नहीं करने के बदले रिश्वत मांगी गई थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्व सीएम ममता के खिलाफ सिलीगुड़ी में एफआईआर दर्ज

■ 2025 में कोलकाता के ईद कार्यक्रम में सनातन को गंदा धर्म कहने का आरोप

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। ममता पर आरोप है कि उन्होंने 2025 में कोलकाता में आयोजित ईद कार्यक्रम के दौरान सनातन और हिंदू धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

विवाद उस बयान को लेकर है, जिसमें 'गंदा धर्म' जैसे शब्द इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इस मामले पर ममता की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह शिकायत वकील रिंकी चटर्जी सिंह ने की है। उनका कहना है कि बयान से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

रिंकी ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेता पहले भी हिंदू धर्म को लेकर विवादित बयान देते रहे हैं। रिंकी के मुताबिक उन्होंने 2025 में भी शिकायत करने की कोशिश की थी लेकिन तब उनकी नहीं सुनी गई और उन्हें प्रताड़ित भी किया गया था।

ममता बनर्जी के करीबी विधायक दिलीप मंडल ओडिशा से गिरफ्तार

पुरी/ए.। ममता बनर्जी के करीबी नेता और दक्षिण 24 परगना के बिष्णुपुर सीट से टीएमसी विधायक दिलीप मंडल को पश्चिम बंगाल पुलिस ने ओडिशा में पुरी के एक होटल से हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक दिलीप मंडल को बंगाल पुलिस की एसटीएफ ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता ला रही है। हाल ही में टीएमसी विधायक दिलीप मंडल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। हालांकि, इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी है। वीडियो में आरोप है कि दिलीप ने एक अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धमकी दी थी। इस घटना को लेकर विधायक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

एसआईआर अवैध नहीं, आयोग शर्तों के साथ नागरिकता जांच सकता है: सुको

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) को वैध और संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने बुधवार को कहा कि एसआईआर मनमाना नहीं है और चुनाव आयोग को यह प्रक्रिया चलाने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने के लिए नागरिकता की जांच कर सकता है, लेकिन यह फैसला सिर्फ चुनावी उद्देश्यों तक सीमित रहेगा।

किसी व्यक्ति को अंतिम रूप से गैर-नागरिक घोषित करने का अधिकार आयोग के पास नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजा जाए।

जून 2025 में बिहार से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में पूरी हो चुकी है। इस दौरान 7.41 करोड़ वोटर्स के नाम हटाए गए, जिनमें सबसे ज्यादा 2.89 करोड़ नाम उत्तर प्रदेश से कटे। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी एसआईआर कराया गया, जबकि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ में बकरीद पर सख्ती, शिफ्ट में होगी नमाज, खुले में कुर्बानी-डीजे बजाने पर रोक

■ रायगढ़ में 1.50 लाख तक के बकरों की खरीदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस बार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद को लेकर प्रशासन और वक्फ बोर्ड पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द और स्वच्छता बनाए रखने के लिए वक्फ बोर्ड ने राज्यभर में सख्त गाइडलाइन जारी की है।

निर्देशों के अनुसार खुले स्थानों पर कुर्बानी, डीजे बजाने और धार्मिक आयोजनों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जबकि 6 से 11 बजे तक नमाज पढ़ी जाएगी। इस बीच ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खुले में कुर्बानी पर पूरी तरह रोक

छत्तीसगढ़ वक्फबोर्ड ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, मैदानों और खुले इलाकों में कुर्बानी की अनुमति नहीं होगी। कुर्बानी केवल अधिकृत स्लॉटर हाउस या निजी परिसरों के भीतर ही की जा सकेगी। वहीं, प्रशासन का कहना है कि यह फैसला स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और अन्य समुदायों की भावनाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके साथ ही नगर निगम की टीमों को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सुबह 6 से 11 बजे तक ही नमाज होगी

ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर भी समय तय किया गया है। राज्यभर की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज सुबह 6 बजे से 11 बजे के बीच अदा की जाएगी। प्रशासन के मुताबिक इससे ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था संभालने में आसानी होगी।

दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन

वर्तमान में जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जा रही है।

- सलीम राज, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड

दिक्कत : इंडिगो भी 7 प्रतिशत उड़ानें कम करेगी, महंगा फ्यूल और ऑपरेशन कॉस्ट बढ़ने का असर

एअर इंडिया हफ्ते में घटाएगी करीब 800 घरेलू फ्लाइट्स

नई दिल्ली/ए.। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया हर हफ्ते करीब 800 घरेलू उड़ानों में कटौती कर रही है। यह बदलाव जून से अगस्त 2026 के बीच रहेगा। कंपनी ने यह फैसला जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण लिया है। एक न्यूज रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंडिगो भी अपनी घरेलू उड़ानों में 5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की कटौती कर सकती है।

एअर इंडिया वर्तमान में हर हफ्ते करीब 4400 उड़ानें ऑपरेट कर रही है। इनमें करीब 3600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। कंपनी ने 22 प्रतिशत तक घरेलू फ्लाइट्स में कटौती का ऐलान किया है। एअर इंडिया का कहना है कि वह बाजार की मांग और ऑपरेटिंग परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रखेगी। जैसे ही परिस्थितियां सामान्य और स्थिर होंगी, उड़ानों की संख्या को दोबारा बहाल करने पर विचार किया जाएगा।

एविएशन एनालिटिक्स फर्म 'सिरियम' के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च और अप्रैल में भारत की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान युद्ध और फ्यूल की बढ़ती कीमतें मुख्य वजह

उड़ानों में कटौती की सबसे बड़ी वजह 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष है। इससे जेट फ्यूल की कीमतों में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, ईरानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल न करने की वजह से अंतरराष्ट्रीय रूट लंबे हो गए हैं और पाकिस्तानी एयरस्पेस पर पाबंदियों ने भी ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ा दी है।

फ्यूल खर्च 40 से बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंचा

इंटरनेशनल ऑटोमोबाइल फेडरेशन के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू सेक्टर में फ्यूल की कीमतों के भारी अंतर ने एयरलाइंस के नेटवर्क को वित्तीय रूप से अस्थिर बना दिया है। पहले एयरलाइंस के कुल ऑपरेशनल खर्च में फ्यूल का हिस्सा 40 प्रतिशत होता था, जो बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

गुजरात के कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त, तीन गिरफ्तार

कच्छ /गुजरात/ए. । गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं।

विजयन समर्थकों का ईडी टीम पर हमला, लाठी-पत्थर बरसाए

■ पूर्व केरलम सीएम की बेटी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप, घर पर ईडी की रेड

तिरुवनंतपुरम/ए.। केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किया। ईडी की 12 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 7 बजे तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन स्थित विजयन के घर समेत 10 ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेड करने पहुंची थी।

यह विजयन का किराए वाला घर है। रेड के दौरान विजयन और उनका परिवार घर में मौजूद था। जैसे ही यह खबर फैली तो विजनय के समर्थक उनके घर के बाहर जुटने लगे। दोपहर करीब 2 बजे टीम बाहर निकली तो सीपीआई कार्यकर्ताओं को विजयन के समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थर और बोतलें फेंकी। कारों के शीशे तोड़ दिए गए और लाठी से भी हमला किया। वहीं, इस रेड ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डेढ़ माह बाद खुला निर्माण का रास्ता, अब बदलेगी सीपत-बलौदा सड़क की तस्वीर

सीपत/नवप्रदेश। वर्षों से जर्जर हालत में लोगों की परेशानी का कारण बनी सीपत-बलौदा सड़क अब जल्द नए स्वरूप में नजर आएगी। करीब 14.40 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। निर्माण कार्य का जिम्मा संभाल रही ठेका कंपनी मेसर्स संजय कुमार अग्रवाल ने टेंडर जारी होने के करीब डेढ़ माह बाद लोक निर्माण विभाग के साथ एग्रीमेंट साइन कर लिया है।

इस परियोजना के लिए शासन ने 19 करोड़ 84 लाख 52 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। परियोजना के तहत सीपत से कुली स्थित लीलागर नदी तक पूरी सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ हिडाडीह का एस आकार वाला पुल, जिसे लगातार हादसों के कारण क्षेत्र का ब्लैक स्पॉट माना जाता है, उसे तोड़कर नए सिरे से सीधा बनाया जाएगा। बारिश के दौरान जलभराव से सड़क खराब होने की समस्या को देखते हुए करीब 300 मीटर नाली निर्माण भी प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद ठेकेदार ने करीब डेढ़ माह तक एग्रीमेंट नहीं किया था। सूत्रों की मानें तो डामर की बढ़ती कीमतों के कारण निर्माण लागत बढ़ने और नुकसान की आशंका के चलते यह देरी हुई। हालांकि लगातार बढ़ते जनदबाव, आंदोलन की चेतावनी और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद गुरुवार को आखिरकार एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी हो गई। सड़क निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने हाल ही में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो 22 मई से भारी वाहनों को रोककर चक्काजाम किया जाएगा। इसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और नायब तहसीलदार पूनम कन्नौजे, एसडीओपी लालचंद मोहले, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रविंद्र केला तथा थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने खम्हरिया पहुंचकर जनप्रतिनिधियों से चर्चा की थी। अधिकारियों ने तत्काल सड़क को चलने योग्य बनाने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था, जबकि जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा था कि 31 मई तक सुधार नहीं होने पर 1 जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू करा दिया है और अब एग्रीमेंट होने के बाद हजारों लोगों को इस जर्जर सड़क से राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद न केवल सफर आसान होगा, बल्कि लगातार हो रहे सड़क हादसों में भी बड़ी कमी आएगी।

न्यूज गैलरी

पटना साहिब जा रही संगत का भाटापारा रेलवे स्टेशन में हुआ भव्य स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिख संगठन के द्वारा पटना साहिब के लिए मंगलवार को रवाना हुई संगत को लेकर निकली ट्रेन के सुबह भाटापारा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर भाटापारा इकाई द्वारा संगत के लिए चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई।उपरोक्त जानकारी देते हुए अमरजीतसिंह सलूजा ने बताया कि संगत में लगभग 100 से ज्यादा लोग शामिल थे और सभी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं सेवा भावना देखने को मिली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन की टीम भी भाटापारा रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला का स्वागत किया गया। उनके साथ प्रदेश संस्थापक बंटी चावला एवं हरपाल सिंह भामरा का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष बबलू चावला, सचिव राजा गुम्बर, हरभगवान गुम्बर, बलवंत सिंह सलूजा, छत्तीसगढ़ सिख संगठन संयोजक अरुण छाबड़ा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, अकाल पुरख की फौज के अध्यक्ष राजा चावला, उपाध्यक्ष मन्नी छाबड़ा, बलविंदर सिंह सलूजा, जोंट्टी गुम्बर, गगन आनंद सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगत से गुरु घर की सेवा करने एवं समाज में एकता एवं सेवा भावना बनाए रखने का संदेश दिया गया।

मनरेगा की जगह अब वीबी-जी-रामजी योजना, ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार

छुरा /नवप्रदेश। केंद्र शासन ने ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ÷विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम-2025÷ यानी वीबी-जी-रामजी योजना को 01 जुलाई 2026 से देशभर में लागू करने की घोषणा की है। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) 2005 का स्थान यह नया अधिनियम लेगा।नई योजना के तहत अब प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी, जबकि पहले यह सीमा 100 दिन थी। सरकार का दावा है कि यह योजना केवल मजदूरी आधारित रोजगार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण, जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता को मजबूत करने पर विशेष जोर देगी।

30 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब एवं एक पुरानी बाइक जब्त की है।पुलिस के अनुसार ग्राम सलखंड जंगल कच्ची मार्ग में कार्रवाई के दौरान रनकोट थाना सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी गणेश भोई (24) एवं चंदर सिंग भोई (25) को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से हाथ भट्ठी से निर्मित करीब 30 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6 हजार रुपए बताई गई है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त एक पुरानी मोटरसाइकिल भी जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अछोला पुल के पास ट्रेलर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना क्षेत्र में अछोला पुल के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस के मुताबिक ग्राम अमोदी थाना आरंग निवासी प्राणदास मानिकपुरी (68) 24 मई को अपनी हीरो बाइक से ग्राम मोहंदी से महासमुंद की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 7.30 बजे अछोला पुल के आगे पीछे से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीके 8001 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में प्राणदास मानिकपुरी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक ग्राम बतरा थाना पाली निवासी शो कुमार खलखो (30) के खिलाफ धारा 106(1), 184 एवं 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आयोजनः विश्व पर्यावरण दिवस पर निबंध प्रतियोगिता व विविध कार्यक्रमों का आयोजन

रेलवे ने पौधरोपण कर पर्यावरण व पौधे संरक्षण का लिया संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण को प्रोत्साहित करने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत माऊंट रोड रेलवे कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. किशोर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मध्य रेलवे डॉ. निर्मला गुप्ता, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकगण एवं आर.पी.एच.ओ. के चिकित्सा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नैनपुर, डोंगरगढ़ तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी सहित अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन स्थानों पर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाकर हरित रेलवे एवं स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाया। साथ ही आज 27 मई को डॉ. बी.आर. अंबेडकर कॉन्फ्रेंस हॉल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी कार्यालय में 'पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव एवं समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता गतिविधियाँ भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित यह संपूर्ण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नपाध्यक्ष अशोक जैन ने किया डिजनीलैंड मीनाबाजार का शुभारंभ

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मिनी डिजनीलैंड मीना बाजार का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा पूजन एवं फिता काट कर शुभारम्भ किया गया।

अतिथियों द्वारा ततपश्चात मीना बाजार स्थल का भ्रमण कर लगाए गए झूले व मनोरंजक खेल के साथ साथ विभिन्न प्रकार के क्रॉकरी, घरेलू पर्दे ,बनारसी साड़ी ,जनरल सामग्री, फैंसी बैग, मोजड़ी, सूती खादी वस्त्र, घड़ी, व अन्य घरेलू उत्पाद हेतु सुसज्जित दुकानों का अवलोकन किया गया। छोटे बच्चों के लिए मनोरंजन झूले वह परिवार के लिए विक्रय हेतु विभिन्न प्रकार की दुकान लगाए गए हैं। अध्यक्ष श्री जैन ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर में ऐसे आयोजनों से एक ही स्थान पर जन सामान्य को विविध प्रकार की सामग्री देखने व क्रय करने का अवसर मिलता है। मीनाबाजार मिनी डिजनीलैंड आयोजन व पूजन उद्घाटन के अवसर पर नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले,पार्षद रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, मनोज कान्त पुरैना, कन्हैया सेन,सहित पार्षद गण श्रीमती रेखा पोषण पटेल, श्रीमती श्रद्धा मनीष वर्मा, लोकेश चेलक, सुरेश घृतलहरे, गौतम सिंह चैहान, चंद्रशेखर गुप्ता, श्रीमती डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू होरेलाल फेकर, शेख सलमान, श्रीमती ममता सुभाष राव पार्षद प्रतिनिधि व शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, रविन्द्र नामदेव, रवि फेकर, भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, राहुल सोनी, सुनील पाण्डे,गुरुदत्त तिवारी सहित मीनाबाजार के संचालक व कर्मचारी उपस्थित थे।

नरेंद्र जैन पर दर्ज फर्जी प्रकरण निरस्त हो, दोषी पुलिस अधिकारियों पर हो कड़ी कार्रवाई

■ **धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल मिले डीजीपी से**

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री छ ग़ शासन धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम से मुलाकात कर सूरजपुर जिले के कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण को तत्काल निरस्त करने तथा इस मामले में शामिल संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार, प्रदेश सचिव ब्रह्मानंद सिंह ठाकुर, रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र (पप्पू) बंजारे, रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार मेनन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, कन्हैया अग्रवाल तथा अधिवक्ता दिशांत सिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को अवगत कराया कि नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया मामला पूरी तरह से झूठा, निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है।

मटन मार्केट की दुकान का ताला तोड़ कब्जे की कोशिश, पालिका ने दुकान किया सील

■ **11 जून से आमरण अनशन करेंगे आप नेता उत्तम जायसवाल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में डी.एड. अभ्यर्थियों की नियुक्ति का मुद्दा अब और गंभीर रूप लेता जा रहा है। नियुक्ति की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों के समर्थन में आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है। पार्टी नेता उत्तम जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि यदि 10 जून तक पात्र डी.एड. अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दी गई, तो वे 11 जून से आमरण अनशन शुरू करेंगे।

153 दिनों से जारी है आंदोलन : पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में डी.एड. महिला और पुरुष अभ्यर्थियों के लगभग 2300 सहायक शिक्षक पद रिक्त हैं। इनमें से करीब 1600 पद आदिवासी महिला और पुरुष अभ्यर्थियों से जुड़े बताए गए हैं। अभ्यर्थी पिछले 153 दिनों से रायपुर के तूता धरना स्थल पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं।

आंदोलनकारी अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपने अधिकार और न्याय की मांग कर रहे हैं। लंबे समय से नियुक्ति नहीं मिलने के कारण वे मानसिक, आर्थिक और सामाजिक संकट से गुजर रहे हैं।

कोर्ट के आदेशों के बावजूद नियुक्ति नहीं: जायसवाल-

उत्तम जायसवाल ने अपने पत्र में दावा किया है कि माननीय उच्च न्यायालय और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद राज्य सरकार ने अब तक डी.एड. अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दी है। उन्होंने इसे अभ्यर्थियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय बताया।

मूक-बधिर बहेरापन से पीड़ित आदिवासी बेटी ने कहा मुख्यमंत्री चाहे तो मेरे होटों पर मुस्कान जिंदगी भर रहेगी?

छुरा नवप्रदेश/नवप्रदेश। आदिवासी बेटी लक्ष्मी जन्मजात मूक-बधिर,बहेरापन से ग्रसित है, उनसे बात करने वालों को कभी निराश नहीं करती, हाजिर जवाब देने में पीछे नहीं है, हर बातों का जवाब कागज पेन से लिखकर देती है , स्वयं लक्ष्मी निराश है तो शासन प्रशासन से, लक्ष्मी को बड़े रसूखदार परिवार से ताल्लुक नहीं रखती वह तो जंगल से लकड़ी लाकर खाना बनाने वाले रोज कमाने वाले परिवार की बेटी है दो रुपए किलो चावल खाने वाले परिवार में जन्मी पाली बढ़ी परिवार की बेटी है आदिवासी विकास खण्ड छुरा के वनांचल ग्राम रसेला जिला गरियाबंद निवासी परऊराम कुंजाम ने बताया कि आदिवासी समाज का होने का गरीब परिवार को कोई फायदा नहीं है शासकीय योजनाओं का लाभ अमीर आदिवासी को मिल रहा है गरीब आदिवासी का कोई सुनने वाला नहीं है, मेरी बेटी लक्ष्मी जन्म से न बोल पाती हैं न दोनों कान से सुन पाती है फिर भी कक्षा नवमी तक पढ़ाई तो कर ली आज इक्कीस बरस की हो गई है।

मंगल भवन बन गया शराबियों का अड्डा

■ **चौकीदार नदारद, सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुन्न**

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर का बड़ा मंगल भवन अब सामाजिक आयोजनों से ज्यादा शराबखोरी के लिए बदनाम होता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि सुबह हो या शाम, जब भी लोग भवन परिसर पहुंचते हैं वहां शराब की खाली बोतलें और गंदगी बिखरी मिलती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गेस्ट हाउस में शराबखोरी बंद होने के बाद अब शराबियों ने बड़ा मंगल भवन को नया अड्डा बना

लिया है।रोजाना असामाजिक तत्व यहां बैठकर खुलेआम शराबखोरी कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कोई कार्रवाई नजर नहीं आ रही। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर भवन का चौकीदार कहां है? सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुन्न पड़ चुकी है।

स्थानीय नागरिकों के मुताबिक रात ही नहीं बल्कि दिन के समय भी यहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। भवन परिसर में टूटी बोतलें, प्लास्टिक ग्लास और गंदगी देखकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। महिलाओं और आसपास रहने वाले परिवारों को भी इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नागरिकों ने नगर पंचायत और प्रशासन से मांग की है कि बड़ा मंगल भवन में तत्काल निगरानी बढ़ाई जाए, चौकीदार की जिम्मेदारी तय हो और शराबखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक भवन की गरिमा बचाई जा सके।

बागबाहरा टाउन हॉल में संपन्न हुआ सुशासन समाधान शिविर

बागबाहरा/नवप्रदेश। शहरी क्षेत्र में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन आज स्थानीय टाउन हॉल में किया गया, जहां ब्लॉक स्तर के विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। शिविर में नगर के 15 वार्डों से सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निराकरण भी किया गया।

शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पहुंचे हितग्राहियों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए, वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुकन्या प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास, पेयजल व्यवस्था, कृष्ण कुंज के रखरखाव, अवैध अतिक्रमण सहित सबसे अधिक शिकायतें अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ प्राप्त हुईं।

नगर पालिका अध्यक्ष ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

सुशासन तिहार शिविर के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने नगर पालिका के उप अभियंता एवं शिविर के नोडल अधिकारी दीपक अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे नियमित रूप से कार्यालय नहीं आते, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास, पानी, सफाई और अन्य मूलभूत सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शासन द्वारा चलाया जा रहा सुशासन तिहार सीधे जनता से जुड़ने का माध्यम है, इसलिए जनसमस्याओं का समय पर समाधान आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की लगभग 70 लाख रुपए की राशि पिछले 8 महीनों से हितग्राहियों के खातों में जमा नहीं हुई है, जिसके चलते कई आवास अधूरे पड़े हुए हैं।

अघोषित बिजली कटौती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार बिजली बाधित होने से पानी टंकियां नहीं भर पा रही हैं, जिससे नगर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

खरीफ की तैयारियों में जुटे किसान, अकरस जोताई शुरू

कोलिहा (लवन)/ नवप्रदेश। लवन क्षेत्र के ग्राम कोलिहा मुंडा बरदा चिरपोटा जामडोह कोहरौद कोरंदा डोगरा में खरीफ फसल की तैयारी को लेकर किसानों द्वारा खेतों में अकरस जुताई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए किसान अभी से खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं, ताकि समय पर बुवाई कर अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सके। इसी क्रम में ग्राम कोलिहा के किसान भगवान चंद्र वर्मा हेतराम वर्मा ओम प्रकाश वर्मा हितेंद्र कुमार वर्मा संतोष वर्मा तोष कुमार साहू सहित क्षेत्र के किसान ट्रैक्टर एवं

कृषि उपकरणों की सहायता से खेतों की गहरी जुताई कर रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अकरस जुताई करने से भूमि की ऊपरी कठोर परत टूट जाती है, जिससे मिट्टी में नमी संरक्षण बेहतर होता है तथा खरपतवार एवं कीटों का प्रभाव कम होता है। इसके साथ ही वर्षा का पानी भूमि में आसानी से समाहित हो जाता है, जिससे फसलों को पर्याप्त पोषण मिलता है। ट्रैक्टर मालिक नवीन वर्मा सहित किसानों का कहना है कि समय रहते खेतों की तैयारी करने से धान, मक्का, सोयाबीन एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई में सुविधा होती है। वर्तमान में कई किसान ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई कर भूमि को समतल बनाने में लगे हुए हैं। ग्रामीण अंचलों में सुबह से शाम तक खेतों में कृषि कार्यों की गतिविधियां देखी जा रही हैं।कृषि विभाग ने भी किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने तथा प्रमाणित बीज एवं संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।

मोर गांव मोर पानी बना जनआंदोलनः श्रमदान से नालों पर बोरी बंधान से गांवों में थमने लगा बारिश का पानी

सीपत/नवप्रदेश। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल के मोर गांव मोर पानी के अभिनव अभियान को मस्तूरी जनपद पंचायत क्षेत्र में ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों का व्यापक सहयोग मिल रहा है। जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देते हुए गांव-गांव में श्रमदान कर नालों पर बोरी बंधान बनाए जा रहे हैं, जिससे बारिश का पानी अब गांवों में ही रुकने लगा है।

मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत निरतु, कुकदा, बोहारडीह, लोहरसी, कुकुर्दी केरा, रैलहा, जैतपुर, नेवारी, जलसों, बकरकुदा, जुहली, खम्हरिया, मड़ई, सोंठी, पंधी, देवरी, बरेली, कौव्वताल और झलमला सहित कई गांवों में बोरी बंधान का कार्य तेजी से चल रहा है। कई स्थानों पर कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि अन्य गांवों में अभियान लगातार जारी है। इस पहल से किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को निस्तारी सुविधा का बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले बारिश का अधिकांश पानी तेज बहाव के साथ नालों से बहकर निकल जाता था, जिससे गर्मी के दिनों में जल संकट गहराने लगता था। लेकिन अब बोरी बंधान बनने से पानी गांवों में ही संरक्षित हो रहा है। इससे खेतों में नमी बनी रहेगी, भू-जल स्तर सुधरेगा और सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी। ग्रामीणों का कहना है कि मोर गांव मोर पानी अभियान ने लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामूहिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया है।

बोरी बंधान से गांवों को मिलेंगे फायदे

बोरी बंधान के इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार होगा और वॉटर लेवल गिरने से बचेगा, कुएं, हैंडपंप और तालाब लंबे समय तक पानी से भरे रहेंगे, खेतों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा, ग्रामीणों और पशुओं के लिए निस्तारी सुविधा बेहतर होगी, बारिश का पानी बहने के बजाय गांव में ही संरक्षित रहेगा,गर्मी के मौसम में जल संकट कम होगा। साथ ही किसानों की फसलों के उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी।

कलेक्टर के अभियान से हुए प्रेरित

मस्तूरी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेआर भगत ने बताया कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के मोर गांव मोर पानी अभियान से प्रेरित होकर पूरे जनपद क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 17 नालों को बोरी बंधान के लिए चिन्हांकित किया गया है, जिनमें कई स्थानों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है और कुछ जगहों पर कार्य पूर्ण भी हो गया है। शासन की मंशा है कि बारिश के पानी को गांवों में ही रोका जाए, ताकि भू-जल स्तर में सुधार हो और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। जनपद पंचायत मस्तूरी की कार्यक्रम अधिकारी रुचि विश्वकर्मा ने बताया कि मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत ग्रामीण अब जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। पूरे मस्तूरी क्षेत्र में चिन्हांकित नालों में से 8 नालों पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि अन्य स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम कुकदा के ग्रामीणों का मानना है कि कोसगाई नाला पर किया गया यह बोरी बंधान आने वाले समय में जल संरक्षण की बड़ी मिसाल बनेगा। इससे खेतों की सिंचाई, कुओं और हैंडपंपों के जलस्तर को बनाए रखने के साथ-साथ गर्मी में पेयजल संकट से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

न्यूज गैलरी

फार्मास्युटिकल साइंस में डॉ. अंजू मिश्रा ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी द्वारा डॉ. अंजू मिश्रा को फार्मास्युटिकल साइंस विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपलब्धि उन्होंने स्कूल ऑफ फार्मेसी, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर में अपने शोध कार्य के माध्यम से हासिल की है। डॉ. अंजू मिश्रा ने Development and Evaluation of Gastroretentive Microcapsules of BCS Class-II Drug for Peptic Ulcer विषय पर विस्तृत शोध किया। उनके शोध में पेप्टिक अल्सर जैसी गंभीर समस्या के उपचार को अधिक प्रभावी एवं शीघ्र बनाने के लिए विशेष अध्ययन किया गया है। शोध कार्य को चिकित्सा एवं फार्मास्युटिकल क्षेत्र में उपयोगी और महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस शोध कार्य को पूर्ण करने में स्कूल ऑफ फार्मेसी सीईसी बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. धीरज अहिरवार का विशेष सहयोग रहा।

महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

सीपत/नवप्रदेश। देशी शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 45 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले में अवैध शराब, गांजा एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान 'प्रहार' चलाकर अधिक से अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली गगन कुमार के मार्गदर्शन में थाना कोनी पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर थाना क्षेत्र में सतत निगरानी एवं पेट्रोलिंग की जा रही थी। 27 मई को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम जलसो में आरोपी विशाल वर्मा के कब्जे से अवैध रूप से रखी गई 45 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रवार्ता में केंद्र और भाजपा सरकार पर साधा निशाना

देश की जनता महंगाई, अपराध और अव्यवस्था से परेशानः भूपेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक दिवसीय प्रवास पर शहर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्र सरकार, भाजपा, आरएसएस और कथावाचकों पर तीखे राजनीतिक और धार्मिक सवाल दागते हुए माहौल गरमा दिया। अपने आक्रामक अंदाज में उन्होंने साफ कहा कि देश की जनता महंगाई, अपराध और अव्यवस्था से परेशान है, जबकि सत्ता 'मेलोडी' बनाने में व्यस्त है।

रामभद्राचार्य को लेकर पूछे गए सवाल पर भूपेश बघेल ने सीधे केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि संत-महात्मा समाज को दिशा देने का काम करते हैं, लोग उनसे जीवन की समस्याओं का समाधान पूछते हैं, लेकिन यदि कोई खुद को रामभक्त और गौभक्त कहता है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि केंद्र सरकार में ऐसे लोग क्यों बैठे हैं जो खुले तौर पर गोमांस भक्षण करते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू और पूर्वोत्तर के नेताओं का उदाहरण देते हुए भाजपा की कथित 'दोहरी नीति' पर हमला बोला। अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का मुद्दा उठाते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि भगवान राम ने स्वयं लंका प्रस्थान से पहले माता सीता की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की थी, लेकिन अयोध्या में हुए आयोजन में शंकराचार्यों को उचित सम्मान तक नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि धार्मिक परंपराओं को दरकिनार कर कुछ लोग स्वयंभू धर्मगुरु बनने की कोशिश कर रहे हैं। आरएसएस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि संघ आज खुद को हिंदू धर्म का सबसे बड़ा ठेकेदार समझने लगा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कभी किसी धार्मिक मंच पर वेद, उपनिषद या संस्कृत श्लोकों पर चर्चा की है? फिर हिंदू धर्म की 'ठेकेदारी' किस आधार पर की जा रही है? कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री पर कटाक्ष करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि जो लोग पर्ची देखकर भविष्य बता देते हैं, वे जनता को यह भी बताएं कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम आखिर कब कम होंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता महंगाई से परेशान है, लेकिन समाधान कहीं दिखाई नहीं दे रहा।

भारत की नीतियां दिल्ली तय कर रही हैं या वॉशिंगटन?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को यह जानने का अधिकार है कि भारत की नीतियां दिल्ली तय कर रही हैं या वॉशिंगटन। रूस से तेल खरीदने जैसे मुद्दों पर अमेरिका के दबाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनता महंगाई की आग में झुलस रही है और सरकार सिर्फ भाषणों में व्यस्त है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कवर्धा, कुनकुरी और मरवाही की घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार, व्यापारी की दिनदहाड़े हत्या और लगातार बढ़ते अपराध यह साबित करते हैं कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि यही 'सुशासन' है तो फिर प्रदेश को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। सरगुजा में कांग्रेस नेताओं के आंदोलन और आमरण अनशन को लेकर भी उन्होंने भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है और बिना किसी ठोस आधार के गंभीर धाराएं जोड़ रही है। बिश्रामपुर समेत कई इलाकों में तनाव की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में प्रशासनिक अराजकता अपने चरम पर पहुंच चुकी है। ढाकरो जनता पार्टी को मिल रहे समर्थन पर उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस में हैं और किसी दूसरी पार्टी को समर्थन देने का सवाल ही नहीं उठता, लेकिन यदि कोई नई राजनीतिक पहल कुछ ही दिनों में करोड़ों युवाओं का समर्थन हासिल कर रही है तो यह मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ जनता के गुस्से का संकेत है। उन्होंने कहा कि अब युवा सवाल पूछ रहा है और सत्ता के पास जवाब नहीं है।

विद्युत लोड़ की सही जानकारी देकर बिजली संकट से बचेंः ईडी अम्बस्थ

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में बढते तापमान और बिजली की रिकार्ड खपत के बीच एक सकारात्मक पहल देखने को मिली है, विद्युत कंपनी द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पर्यात मात्रा में पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना, क्षमतावृद्धि एवं आवश्यक लाइनों के विस्तार के कारण उच्चदाब लाइनों पर कहीं ओव्हरलोडिंग दर्ज नही हुई है, इसी तरह निम्नदाब लाइनों में कुछ स्थानों पर केबल जलने/तार टूटने की शिकायतें आती हैं जिनका सुधार तत्काल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु सभी उपलब्ध मेन्टेनेंस टीमों को इन्टर जोन कार्य करने, प्रोजेक्ट से अतिरिक्त टीमें नियुक्त कर सुधार कार्य शीघ्रातिशीघ्र करने के प्रयास को सफलता मिल रही है एवं आपसी समन्वय से कार्य दक्षता में अपेक्षित वृद्धि हुई है। मुख्यालय से प्रति उपसंभाग अतिरिक्त टीम प्रदाय की गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रखरखाव एवं सुधार कार्य तीव्रता से हो सकेंगें। इसी तरह प्रति जोन अतिरिक्त मेन्टेनेंस टीम की मुख्यालय द्वारा प्रदाय किये जाने की स्वीकृति प्रक्रियागत है जिसके बाद जोन क्षेत्र में रखरखाव एवं सुधार कार्यों में निश्चित रूप से दक्षता वृद्धि होगी। वर्तमान में विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा घरों के बिजली कनेक्शन में जितना लोड ले रखा है उससे कहीं अधिक विद्युत का खपत किया जा रहा है। जिसके कारण ट्रांसफार्मरों का फ्यूज उड़ने और उनका डीओ गिरने से लोगों को बार-बार विद्युत आपूर्ति में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह कई स्थानों पर लगाए गए केबलों में अत्याधिक गर्मी, तेज धूप तथा अत्याधिक लोड बढ जाने के कारण केबल आपस में चिपककर शार्ट होने लगते हैं। जिसकी वजह से कई स्थानों पर केबल पर शार्ट सर्किट की वजह से केबल जलते हैं एवं तार टूट जाते हैं, परिणामस्वरूप विद्युत प्रवाह बाधित हो जाती है। घटना की सूचना मिलते ही तकनीकी कर्मचारियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंच कर जले हुये हिस्से को हटाकर विद्युत प्रवाह प्रारंभ करती है। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के.अम्बस्थ ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे पीक आवर्स में बिजली का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें, एवं अपने वास्तविक भार की जानकारी दें ताकि उसके अनुरूप ट्रांसफार्मर स्थापना, क्षमतावृद्धि एवं अतिरिक्त सर्किट की स्थापना भार अनुरूप की जा सके।

भजन संध्या, सुंदरकांड पाठ और भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब

सीपत/नवप्रदेश। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सीपत स्थित बजरंगबली मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें भजन संध्या, सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषोत्तम मास को अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस अवसर पर विद्वान पंडितों ने बताया कि इस माह में पूजा-पाठ, जप, तप, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है, जिससे व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति और पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी भावना के साथ सीपत के ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से इस आयोजन को भव्य रूप दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे भजन संध्या से हुई, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं और महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसके बाद श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड का पाठ किया गया, जहां भक्तजन हनुमान चालीसा और प्रभु श्रीराम के भजनों में लीन नजर आए। महाआरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और उपस्थित श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाआरती के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए खीर, पुड़ी और खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक बताया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। 28 मई से बजरंगबली मंदिर प्रांगण में लगातार 8 दिनों तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन के दौरान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों और धर्म संदेशों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा, जिसे सुनने के लिए क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि पूरे सीपत क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक चेतना का संदेश भी प्रसारित किया।

निजी जमीन पर निर्माण कार्य, इंजीनियर पर परेशान करने का आरोप

बिल्हा/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 13 नगर पंचायत बिल्हा मेन रोड़ मंगल संस्कृतिक भवन के बाजू से अरपा भैंस झार परियोजना के अंतर्गत नहर का निर्माण किया गया है जिसमें बिल्हा किसान रूपचंद अग्रवाल स्वामित्व भूमि 54 ।7 रकबा 77 डिसमिल से निकालकर 20 डेसिमल नहर में शामिल किया गया है बचत भूमि 58 डिसमिल जो किसान की जमीन है पर किंतु आज दिनांक तक राजस्व विभाग एवं नहर परियोजना विभाग द्वारा सीमांकन न कर किसान रूपचंद अग्रवाल को नहीं बताया गया है कि आपकी बचत भूमि कहां और कितनी बचत है नहर विभाग के अधिकारियों को किसान द्वारा बार-बार बोले जाने के बाद भी सीमांकन नहीं कराया गया। वही आज पीडब्ल्यूडी अधिकारी इंजीनियर द्वारा किसान की निजी भूमि पर बिना किसी सूचना दिये जेसीबी लगाकर वहां रोड का निर्माण कराया जा रहा था जिसे किसान रोक कर जेसीबी मशीन को बंद करवाया और वापस भेज दिया दुसरे दिन किसान द्वारा अपनी बचत भूमि के चारों ओर गधडा करवा कर अपनी बचत भूमि को सुरक्षित कर फिर से पीडब्ल्यूडी इंजीनियर तिवारी द्वारा किसान की जमीन पर पहुंचकर उसे गड्ढे को जेसीबी से पटवाया गया और कहां है कि मुझे तहसीलदार ने बोला है जब तहसीलदार को बुलाया गया तो उन्होंने कहा है कि मैं निवेदन करने के लिए बोला था वहां गड्ढा को पाटने के लिए नहीं बोला था किसान द्वारा तहसीलदार से निवेदन करने पर सीमांकन करवाने की अनुमति लेना चाहा पर पीडब्ल्यूडी इंजीनियर द्वारा तहसीलदार को बोला कि आज ही वहां रोड बनेगी और सीमांकन में तीन-चार दिन लग जाएगा जिस पर बिना किसी निर्णय के वहां से तहसीलदार चला गया पीडब्ल्यूडी इंजीनियर द्वारा खुले आम बदमाशी की जा रही है किस को परेशान किया जा रहा है मानसिक प्रताड़ना की जा रही है सरे आम में रोड पर आम लोगों के बीच यह सब देखा गया है कि किस तरह से पीडब्ल्यूडी इंजीनियर द्वारा किसान की निजी भूमि पर अतिक्रमण कर रहा था जिसका विरोध किसान के द्वारा किया गया पर तहसीलदार द्वारा निर्णय नहीं लिया गया कलेक्टर एवं एसडीएम से निवेदन किसान द्वारा प्रेस के माध्यम से किया जा रहा है कि उसकी बचत भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण न कराया जाए एवं मुझे न्याय दिलाया जाए वहां व्यापारियों को रास्ता देने के लिए रोड का निर्माण कराया जा रहा है जबकि सबके पास उनकी अपनी निजी भूमि है उसे पर गाड़ियां वह अपने ट्रक अपने संसाधन चलाए जा सकते हैं अधिकारियों द्वारा निजी किसान की जमीन को रोड बनाकर मानसिक परेशान किया जा रहा है खेती करना है जिससे किसी मवेशियों न आ जाए किसान अपनी निजी भूमि को खोदकर चिरो तरफ़ घेरा कर सुरक्षित कर रहा था उसको पीडब्ल्यूडी इंजीनियर तिवारी जी द्वारा गढ़ों को जेसीबी लगा कर पाट दिया गया है खेत को और जिद्दी में अडा हुआ है वह बड़े अधिकारियों को भी नहीं सुन रहा है इस कलेक्टर से निवेदन है कि सज्ञांन में लेते हुए इस पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

अभियानः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान में बड़ी सफलता

भंडारा रोड स्टेशन पर 19 ट्रेनों की जांच, रेलवे ने की 75 हजार की वसूली

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु 26 मई को भंडारा रोड स्टेशन पर विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान स्टेशन परिसर एवं विभिन्न ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले तथा अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे यात्रियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 19 ट्रेनों की जांच करते हुए 200 मामलों में कार्रवाई की गई, जिससे रेलवे प्रशासन को कुल 75,480 की आय प्राप्त हुई। श्रेणी 'ए' के बिना टिकट यात्रा के 100 मामलों से 52,375, श्रेणी 'बी' के अनियमित यात्रा के 35 मामलों से 16,505, श्रेणी 'सी' अनियमित लगेज/सामान के 64 मामलों से 6,400 एवं धूम्रपान के 01 मामले से 200 की वसूली की गई। यह विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) अरविंद साव की अगुवाई में 03 सीटीआई, 15 टीटीई, 02 सीआई, 01 एमटीएस एवं 02 आरपीएफ कर्मियों सहित वाणिज्य एवं सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सम्बलपुर-सांगानेर के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये हुए उन्हे कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सम्बलपुर-सांगानेर के मध्य (एक तरफा) एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 08307 सम्बलपुर-सांगानेर स्पेशल ट्रेन सम्बलपुर से 29 मई शुक्रवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के रायगढ़, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, एवं शहडोल स्टेशनों में दिया गया है, जहां से यात्रीगण इस गाड़ी में यात्रा सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। गाड़ी संख्या 08307 सम्बलपुर-सांगानेर, स्पेशल ट्रेन सम्बलपुर से 29 मई शुक्रवार को 12.15 बजे रवाना होगी तथा रेंगाली आगमन 12.40 बजे, प्रस्थान 12.42 बजे, झारसुगुड़ा रोड आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.25 बजे, रायगढ़ आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, बिलासपुर आगमन 17.50 बजे, प्रस्थान 18.00 बजे, पेंड्रा रोड आगमन 20.00 बजे, प्रस्थान 20.02 बजे, अनूपपुर आगमन 20.45 बजे, प्रस्थान 20.50 बजे, शहडोल आगमन 21.40 बजे, प्रस्थान 21.42 बजे, कटनी मुड़वारा आगमन 23.15 बजे, प्रस्थान 23.25 बजे दूसरे दिन दमोह आगमन 00.48 बजे, प्रस्थान 00.50 बजे, सागर 01.45 बजे, प्रस्थान 01.50 बजे, मुंगावली आगमन 03.58 बजे, प्रस्थान 04.00 बजे, अशोक नगर आगमन 04.28 बजे, प्रस्थान 04.30 बजे, गुना आगमन 05.30 बजे प्रस्थान करेगी।

पोत्तनूर के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन आज

ग्रीष्मकालीन मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ और टिकटों की किल्लत को देखते हुए रेलवे ने बिलासपुर से पोत्तनूर के बीच एक फेरे के लिए (एक तरफा) समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 08201 बिलासपुर-पोत्तनूर समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 28 मई को रात 09:10 बजे रवाना होगी। छत्तीसगढ़ में इस ट्रेन का मुख्य ठहराव बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशनों पर दिया गया है। रायपुर में इसका आगमन रात 11:30 बजे होगा। 20 कोच वाली इस पूरी ट्रेन में 16 स्लीपर, दो सामान्य और दो एसएलआरडी कोच की सुविधा रहेगी, जिससे यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिल सकेगी। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड री-माडलिंग एवं नान-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस के मार्ग में अस्थाई बदलाव किया गया है। चूंकि यह छत्तीसगढ़ और रायपुर रेल मंडल के यात्रियों के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली एक प्रमुख ट्रेन है, इसलिए रेल प्रशासन ने यात्रियों को सतर्क रहने की अपील की है। गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 27 मई को अपने नियमित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाराणसी सिटी, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल होकर चलेगी। इस दौरान केराकत एवं जौनपुर में ठहराव निरस्त रहेगा।

सुविचार

खुद को मजबूत बनाओ, मुश्किलें आसान हो जाएंगी।अपनी लड़ाई खुद लड़ें क्योंकि भीड़ हौसला देती है लेकिन पहचान छीन लेती है।

सेवा और संकल्प के बारह साल

26 मई को प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपना 12 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। उनके नेतृत्व में पिछले 12 सालों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति के नए प्रतिमान तय किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 में भारत को विकसित भारत बनाने का जो महासंकल्प ले रखा है उस दिशा में उनके 12 साल का यह कार्यकाल एक मजबूत आधारशिला के रूप में याद रखा जाएगा। राष्ट्र प्रथम और सुशासन के मूल मंत्र को सिरोधार्य करते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 12 साल के दौरान गांव गरीब और किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ ही अधोसंरचना विकास के लिए भी कई कारगर कदम उठाए हैं और इसके साथ ही देश के सांस्कृति गौरव का पुनरूद्धार भी किया है। पीएम मोदी ने जो कहा वो करके भी दिखाया। वैसे तो उनकी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त बहुत लंबी है लेकिन उन्होंने जो महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की है उनमें प्रमुख है पीएम जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सूर्यघर योजना बेटी बचाव बेटी पढ़ाव योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना जिसके तहत आज भी देश के 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन मुफ्त दिया जा रहा है। अन्य योजनाओं का भी देश के करोड़ो लोगों को लाभ मिल रहा है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजीटल क्रांति के जरिए बिचौलियों को खत्म कर दिया है। इसके पहले जब यूपीए की सरकार थी तो केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच ही नहीं पाता था। उस समय तात्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने खुद यह बयान दिया था कि केन्द्र से गांव के गरीब के लिए चला एक रूपया उनके हाथों तक पहुंचने में दस पैसे के रूप में तब्दिल हो जाता है। यह कड़वी सच्चाई है जिसे राजीव गांधी ने स्वीकारने का साहस दिखाया था किन्तु 90 प्रतिशत कमीशनखोरी को खत्म करने के लिए वे कोई कारगर कदम नहीं उठा पाये न ही उनके बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने एक दशक के कार्यकाल के दौरान इस लूट पर रोक लगाई। पीएम मोदी ने सत्ता की बागडोर संभालते ही जनधन योजना और डीजिटल क्रांति के जरिए हितग्राहियों तक उनका पूरा हक पहुंचाने की क्रांतिकारी पहल की जो उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। आज समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीब की अनधेरी कुटिया तक विकास की रौशनी पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत की विशिष्ट पहचान भी बनाई आज भारत बड़े और विकसित देशों को पछाड़ कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पीएम मोदी विश्व नेता के रूप में उभर रहे हैं। अब तक उन्हें 32 देशों ने अपने अपने देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान और वैश्विक पुरस्कार दिये हैं। इतने अधिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पाने वाले वे दुनिया के एकमात्र नेता है। विश्व का और कोई नेता उनके आस पास भी नहीं है। यही वजह है कि उनके नेतृत्व में भारत को दुनिया विश्वगुरू के रूप में देख रही है। पीएम मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। इसके पहले वे लगभग 13 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इस तरह मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पच्चीस साल तक काम करने का भी नया कीर्तिमान रच दिया है। देश और दुनिया में पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से खीजे हुए विपक्ष ने उनकी छवि धूमिल करने की कोई कोशिश नहीं छोड़ी उनकी छवि खराब करने के लिए इंडी गठबंधन ने बकायदा अभियान चलाया जो अभी भी जारी है लेकिन उनका यह अभियान सफल नहीं हो पा रहा है। पीएम मोदी को मौत के सौदागर से लेकर गद्दार तक न जाने क्या क्या कहा गया यहा तक की उन्हें गंदी गालियां तक दी गई लेकिन उनकी लोकप्रियता और बढ़ती गई। पीएम मोदी ने एक बार कहा था कि विपक्ष उन्हें चाहे जितनी गालियां दें वे इसका बुरा नहीं मानते बल्कि इन गालियां को गहना समझकर पहन लेते हैं। कुल मिलाकर पीएम मोदी के नेतृत्व में पीछले 12 सालों के दौरान देश ने हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास किया है।

सद्गुरू बोधामृतम्


सद्गुरू ऋतेश्वर

मोह जब दफन होगा तो प्रेम का अंकुरण होगा। प्रेम का विकास होगा। और प्रेम से परिचय होगा। शिष्य के हर एक कार्य में गुरुदेव भगवान का चिंतन होना चाहिए। जो वर्तमान में असंतुष्ट हैं वो भविष्य में भी असंतुष्ट रहेगा इसलिए वर्तमान में जिसने संतोष सीख लिया, वर्तमान में जिसने जीना सीख लिया, वर्तमान में जिसने मुस्कुराना सीख लिया, उसका भविष्य खराब हो कैसे सकता है? वर्तमान जिसका आनंदमय है उसका निश्चित ही भविष्य भी आनंदमय ही होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1883 - हिंदुत्ववादी नेता और कवि विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 1883 में आज ही के दिन हुआ था। 1908 - जासूसी उपन्यास जेम्स बॉन्ड के लेखक इयान फ्लेमिंग का जन्म आज ही के दिन हुआ था। 1959 - आज ही के दिन दो अमरीकी बंदरों ने अंतरिक्ष की सफल यात्रा की। 1967 - 65 साल के ब्रितानी नाविक सर फ्रांसिस चिटचेस्टर आज ही के दिन अकेले नाव में दुनिया का चक्कर लगा कर घर पहुंचे। 1996 - रूस चेचेन्या को अधिकतम स्वायत्तता देने पर सहमत। 1998 - बलूचिस्तान की चगाई पहाड़ियों पर पाकिस्तान ने पाँच परमाणु परीक्षण किये, परमाणु परीक्षण के विरोध में सं.रा. अमेरिका ने पाकिस्तान के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंध लगाया। 1999 - बेंजामिन नेतान्याहू का संसद से इस्तीफ़ा, तुर्की में नयी गठबंधन सरकार का गठन। 2000 - भारत के राष्ट्रपति के. आर. नारायणन चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए छह दिनों की राजकीय यात्रा पर पेइचिंग पहुँचे।

भाजपा का अश्वमेध यज्ञ! अगला लक्ष्य! दक्षिण?

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में यदि किसी एक दल की रणनीतिक निरंतरता, संगठनात्मक अनुशासन और विस्तारवादी राजनीतिक भूख सबसे स्पष्ट दिखाई देती है, तो वह भारतीय जनता पार्टी है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पश्चिम बंगाल में भाजपा की उल्लेखनीय सफलता को एक प्रकार की "वैचारिक घर-वापसी" भी कहा जा रहा है। हालांकि यह प्रश्न अभी भी राजनीतिक गलियारों में "चाय की प्याली में तूफान" बना हुआ है कि बंगाल में आया परिवर्तन वास्तव में "बदला नहीं बदलाव" था, या "बदले की भावना से उपजा बदलाव"? राजनीति में अक्सर "दूध का जला छाछ भी फूँक-फूँक कर पीता है÷, इसलिए विपक्ष इस परिणाम को सहजता से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं दिखता।

राजीव खंडेलवाल

प्रधानमंत्री मोदी का बढ़ता आत्मविश्वास।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनावी आत्मविश्वास बैरकपुर की अंतिम चुनावी सभा में स्पष्ट रूप से व्यक्ति उनके इस कथन के साथ हुआ–"4 मई के बाद बंगाल में भाजपा के शपथ ग्रहण समारोह में आना ही है"। यद्यपि "कांग्रेस-विहीन भारत" का लक्ष्य अभी पूर्णतः साकार नहीं हुआ, किंतु भाजपा का "वन नेशन, वन पार्टी" की दिशा में बढ़ना अब केवल विपक्ष का आरोप नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श का विषय बन चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा ने "लोहे को गर्म देखकर चोट करना" सीख लिया है।

"लोकसभा चुनाव परिणाम से मिला सबक।"

2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए के सत्ता में आने के बावजूद भाजपा को अपेक्षित बहुमत न मिलना पार्टी के लिए ÷आसमान से गिरकर खजूर में अटकने÷ जैसा क्षण अवश्य था, किंतु यही झटका भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए आत्ममंथन का अवसर बन गया। गृह मंत्री अमित शाह की ÷माइक्रो मैनेजमेंट ÷ शैली, बूथ स्तर तक की रणनीति और संघ परिवार के जमीनी नेटवर्क ने भाजपा को पुनः राजनीतिक पटरी पर लौटा दिया। भाजपा ने सिद्ध किया कि वह हार को ठोकर नहीं, बल्कि सीढ़ी बनाना जानती है।

" विधानसभा चुनावों में अप्रत्याशित सफलता"

लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने जिस प्रकार बाउंस बैक किया, उसने राजनीतिक विश्लेषकों को भी चौंका दिया। चार राज्यों के आसीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नवीन पटनायक एमके स्टालिन और ममता बनर्जी को अपने ही गढ़ में हार का सामना करना पड़ा। राजनीति में कहा जाता है– जो सोता है, वही खोता है। यह सिर्फसंयोग नहीं बल्कि इस बात का संकेत है कि भाजपा चुनाव को इवेंट नहीं निरंतर प्रक्रिया मानकर चलती है।

भाजपा चुनाव को पाँच साल का उत्सव नहीं, बल्कि 24×7 चलने वाली राजनीतिक साधना मानती है। यही कारण है कि शपथ ग्रहण के अगले दिन से ही अगले चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो जाती है।

" विपक्ष बनाम संगठनात्मक अनुशासन।"

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने संघर्षशील नेता की छवि बनाए रखी, किंतु भाजपा का संगठनात्मक ढाँचा और विस्तार अधिक प्रभावी सिद्ध हुआ। दूसरी ओर राहुल गांधी की सीमित चुनावी सक्रियता ने

विपक्ष की रणनीतिक कमजोरी को उजागर कर दिया।

राजनीति में एक पुरानी कहावत है– जितना पसीना अभ्यास में बहाओगे, उतना खून मैदान में नहीं बहेगा। भाजपा ने इस सिद्धांत को व्यवहार में उतारा है, जबकि विपक्ष कई बार नौ दिन चले अढ़ाई कोस की स्थिति में दिखाई दिया।

" एंटी-इनकंबेंसी को अवसर में बदलना।"

सामान्यतः लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों के विरुद्ध एंटी-इनकंबेंसी पैदा होती है, किंतु भाजपा ने गुजरात और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में इस धारणा को सफलता पूर्वक चुनौती दी। यह केवल चुनावी प्रबंधन नहीं, बल्कि नैरेटिव कंट्रोल और जमीनी संपर्क का परिणाम है।

भाजपा ने यह समझ लिया है कि राजनीति में जो दिखता है, वही बिकता है।

" मतदाता सूची विवाद और चुनावी परिणाम।"

पश्चिम बंगाल में दो तिहाई से ज्यादा लगभग 70त्न सीटें प्राप्त कर और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित उनके 22 मंत्रियों की हार भाजपा की निर्णायक जीत ही कहलाएगी। बावजूद इसके मतदाता सूची को लेकर विवाद खड़ा हुआ। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा तृणमूल कांग्रेस के बीच लगभग 32 लाख वोटो का अंतर और लगभग उतने ही मतदाताओं के नाम सूची से गायब थे। (27 लाख मतदाता वंचित किए गए और 5 लाख जोड़े गए।) किंतु यहाँ प्रश्न यह उठता है कि क्या बिना प्रमाण यह मान लिया जाए कि सूची से बाहर हुए सभी मतदाता किसी एक दल के समर्थक थे?

भारत का लोकतंत्र गुप्त मतदान की संवैधानिक अवधारणा पर आधारित है। जब तक मतदाता स्वयं यह न बताए कि उसने किसे वोट दिया, तब तक उसकी राजनीतिक पहचान तय करना आँख मूँदकर तीर चलाने जैसा है।

उच्चतम न्यायालय की संभावित चिंता अगर जीत का अंतर बहुत कम है और बड़ी संख्या में मतदाताओं (जैसे 15त्न) को वोट देने अधिकार नहीं मिला, तो कोर्ट को गंभीरता से विचार करना पड़ेगा, को आधार बनाकर इस्तीफे से इनकार करना भी राजनीतिक बहस का विषय है। भारतीय राजनीति में यह घटना ऊँट के मुँह में जीरा नहीं, बल्कि बड़े संवैधानिक विमर्श का संकेत बन चुकी है।

"राष्ट्रवाद बनाम क्षेत्रीय दल।"

यह चुनाव एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है– क्या क्षेत्रीय दल राष्ट्रवाद के मार्ग में अवरोध हैं? भाजपा के बढ़ते प्रभाव ने तथा तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के क्षेत्रीय दलों के संबंध में दिए गए अभियान में बयान ने गंभीर चिंतन अवश्य इस बहस को और तेज कर दिया है।

हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में क्षेत्रीय या गैर-भाजपा दलों की मजबूती भारतीय लोकतंत्र की विविधता को दर्शाती है। स्पष्ट है कि भारत में एक फूल से माला नहीं बनती। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय– दोनों प्रकार की राजनीतिक शक्तियों के लिए पर्याप्त स्थान है।

" दक्षिण की ओर बढ़ता अश्वमेध"

अंग-बंग-कलिंग (बीच में झारखंड को छोड़कर) पर विजय के बाद 30 के 72त्न विभाग और उत्तर प्रदेश जनसंख्या का झंडा गाड़ने के बाद भाजपा के अश्वमेध यज्ञ का अब अगला निशाना उत्तर प्रदेश में पुनरावृत्ति करते हुए दक्षिण के शेष बचे राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पर भगवा झंडा फहराना है।

"कॉकरोच जनता पार्टी : खतरा किसके लिए?"

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर अचानक उभरी तथाकथित कॉकरोच जनता पार्टी ने राजनीतिक जिज्ञासा अवश्य पैदा की है। यह भाजपा विरोध की नई डिजिटल अभिव्यक्ति है या विपक्षी दलों की जमीन खिसकाने वाला नया प्रयोग – यह अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल इसकी घोषित नीति भाजपा का विरोध और अघोषित नीति विपक्ष की आलोचना प्रतीत होती है। राजनीति में कई बार घर का भेदी लंका ढाए वाली स्थिति भी बन जाती है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि यह प्रयोग भाजपा के लिए चुनौती बनता है या विपक्ष के वोट बैंक में ही सेंध लगा देता है। अंततः प्रश्न यही है कि क्या कोई दल इस अश्वमेध यज्ञ को रोक पाएगा, या विपक्ष केवल ढाक के तीन पात साबित होगा? उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

एआई का जनजातीय भाषाओं में संवाद: समावेशी विकास का द्योतक

रंजना चोपड़ा

हमारे देश भर में फैले जंगलों, पहाड़ियों और दूरदराज की बस्तियों में, एक शांत लेकिन सफल परिवर्तन चल रहा है। जनजातीय समुदाय लंबे समय से भारत की विकास गाथा के केंद्र में अपने उचित स्थान का इंतजार कर रहे थे। आज वे राष्ट्र की प्रगति के सक्रिय वास्तुकार के रूप में उभर रहे हैं। जनजातीय गरिमा उत्सव की यही भावना है: विकसित भारत की यात्रा का एक राष्ट्रीय उत्सव, जहां प्रगति भूगोल या परिस्थिति का विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का समान रूप से अधिकार है।

महत्वाकांक्षा का पैमाना

यह समझने के लिए कि प्रौद्योगिकी जनजातीय विकास के लिए अपरिहार्य क्यों हो गई है, किसी को पहले चुनौती की व्यापकता को समझना चाहिए। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए), राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन और संबंधित पहलों में 549 जिलों और 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2,911 ब्लॉकों के 63,000 से अधिक गांवों को शामिल किया गया है, जिससे 5.5 करोड़ से अधिक आदिवासी नागरिक लाभान्वित हुए हैं। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) पर विशेष ध्यान देने के साथ, इन प्रयासों का उद्देश्य आवास, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कनेक्टिविटी और आजीविका जैसी आवश्यक सेवाओं का सम्पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना है। इस तरह के विविध और विस्तृत इलाके में हर परिवार तक पहुंचने के लिए ऐसी प्रणाली की आवश्यकता होती है जो डेटा-संचालित, कनेक्टेड और उत्तरदायी होती है और यही हम तैयार कर रहे हैं।

इस वर्ष जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन लगभग चार विषयगत सप्ताह के आसपास किया जा रहा है, जो एक साथ जनजातीय विकास के पूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। उद्घाटन का विषय, ÷विकास के एक वाहक के रूप में प्रौद्योगिकी÷, इस बात को दर्शाता है कि कैसे डिजिटल सिस्टम, विज्ञान और नवाचार भारत के कुछ दूरस्थ समुदायों तक शासन और अवसर का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। इस दृष्टिकोण के केंद्र में एक सरल सिद्धांत निहित है: जनजातीय भाषाओं, संस्कृतियों, विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का पर्याप्त सम्मान करते हुए विकास को अंतिम दूरी तक पहुंचना चाहिए।

प्रौद्योगिकी द्वारा जनजातीय गरिमा को बढ़ावा

उद्देश्य के साथ निर्देशित होने पर प्रौद्योगिकी क्या हासिल कर सकती है, इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण बिरसा 101 यानी सिकल सेल रोग के लिए भारत की पहली स्वदेशी सीआरआईएसपीआर-आधारित जीन थेरेपी है। सिकल सेल रोग लंबे समय से जनजातीय आबादी के लिए स्वास्थ्य की एक बड़ी चुनौती पेश कर रहा है और भारत अब समानता और पहुंच में निहित उन्नत विज्ञान के साथ उस चुनौती का जवाब दे रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अनुसंधान, नैदानिक परीक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का समर्थन करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। सीएसआईआर-आईजीआईबी में हाल ही में एक संगोष्ठी में वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सिकल सेल योद्धाओं को एक साथ लाया गया, जो वैज्ञानिक प्रगति और प्रयासों के पीछे की मानवीय तात्कालिकता दोनों को दर्शाता है।

साझा लक्ष्य स्पष्ट है: एक किफायती, एकमुश्त उपचारात्मक उपचार विकसित करना जो जरूरतमंद हर आदिवासी परिवार तक पहुंच सके। बीआईआरएसए 101 केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि से भी बढ़कर है। यह एक घोषणा है कि भारत का सबसे उन्नत विज्ञान अपने सबसे पात्र समुदायों की सेवा करेगा।

यह दृढ़ विश्वास एक पहल से कहीं अधिक गहरा है। ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) और आयुर्जेनोमिक्स जैसे प्रयास दर्शाते हैं कि कैसे आधुनिक तकनीक आदिवासी समुदायों द्वारा लंबे समय से संरक्षित समृद्ध औषधीय और पारिस्थितिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण, मान्यीकरण और संरक्षण में मदद कर सकती है।

समावेशन की यही भावना इस बात को आकार दे रही है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जनजातीय विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में, मंत्रालय ने एक सरल लेकिन दृढ विश्वास पर आधारित एआई-सक्षम प्लेटफार्मों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भाषा एक बाधा नहीं है जिसे दूर किया जाना है, बल्कि एक पहचान है जिसका उत्सव मनाया जाना चाहिए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मछली, जल की है रानी। जीवन उसका है पानी ।। हाथ लगाओगे तो डर जाएगी । बाहर निकालोगे तो मर जाएगी।। एक मासूम अबोध बच्चे को भी यह बात पता है.... पर बड़े लोगों को यह बात जाने कब समझ में आएगी कि जो इंसान, जिस कार्य के लिए बना है, उससे वही कार्य कराया जाए.... कोई अन्य कार्य नहीं... क्योंकि मछली, पानी में तैरना जानती है पर पेड़ पर चढ़ना नहीं जानती.... पता नहीं बड़े लोगों को यह बात कब समझ में आएगी... सच्ची में....। **- अलका अग्रवाल**

मोर दुलरवा कका भूपेश बघेल के राज में कांग्रेस वाले जो लोग छत्तीसगढ़ कांग्रेस का ट्विटर और फेसबुक चला रहे थे ,वो लड़के अभी कहां हीं ,किसी को पता है क्या ! क्या शानदार सेंस ऑफ ह्यूमर था उनका , छत्तीसगढ़ की सोशल मीडिया में रंग जमा दिया था ...। **- अजय सरस्वती श्रीवास्तव**

ये नज़र आपसे अपनी मैं मिलाऊँ कैसे भूल जो हो गई मुझसे वो बताऊँ कैसे साथ रहने की जो हमने कसमे खाई थी वो कसम आज ज़माने से छिपाऊँ कैसे जिंदगी बोझ सी लगने है लगी अब मेरी फ़र्ज़ अपना मैं गरीबी में निभाऊं कैसे प्रेम का पाठ पढ़ाया न गया अपनों को रूठ कर आज चलें हैं वो मनाऊँ कैसे पूछते हाल मिरा आज मेरे दीवाने हाल मैं उनको सुनाऊँ तो सुनाऊँ कैसे। **- संजय कुमार गिरि**

सुनो कल यादों में ही रहेगा और तस्वीरों में ही मिलेगा अमर प्रेम यूज़ एंड थ्रो के ज़माने में गौरैया की ही तरह लुप्तप्राय है हर रिश्ते से आज प्रेम और कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ रहा स्वार्थ, लोभ और छलावा, सुनो चलो सार्थक जतन करें हम भी गौरैया को बचाने के शायद बच जाए प्रेम भी। **- शुचि 'भवि'**

कांगरेड सरकारों ने ताजमहल की जितनी ब्रांडिंग की, उसके हजारवें हिस्से के बजट में कंपनियों ने कोल्ड ड्रिंक को ऊर्जा और शक्ति देने वाले पेय में रूप में स्थापित कर दिया था देश में। अब जा कर भारत के वास्तविक स्थलों की ब्रांडिंग हो पा रही है। ताज देखने शायद लंबे समय बाद कोई विदेशी नेता गया है। है न ? **- पंकज कुमार झा**

अंजाम बन तु ..... सरगम सी मेरी जिंदगी ,साज बन तु , लफ्ज है मेरे पास ,आवाज बन तु , आगाज किया है मैंने ,अंजाम बन तु , राह देखे है ,मैंने हमसफ़र बन तू , ख्वाब देखती है मेरी आँखे ,उनमे रंग भर तू , मेरे साथ चल ,मेरा हमकदम बन तू , सांसे तो बस आती जाती रहती है , कुछ यू कर मेरे जीने की वजह बन तू , बस मैं बनू तू ,मैं बन तू , मेरा अक्स ,मेरा हर रंग बन तू ... **- नमन कुमार मिश्रा**

क्या ज़िंदगी मे सब सच होता है.... जो सच होता है.. वहाँ बस समय होता है.. क्या शिकायत ,क्या गिला खुद से खुद का सिलसिला..क्या ज़िंदगी में सब सच होता है... जो सच होता है.. वहाँ बस समय होता है... क्या शिकायत ,क्या गिला खुद से खुद का सिलसिला.. कि काश! मोहब्बत में इतने लापरवाह ना होते और जज्बातों में कभी उलझें ना होते... कि इतना काफ़ी रहा... उसने मुझे ज़र्रा-ज़र्रा तोड़ा .. और मैने खुद को ..? तिनका-तिनका फ़िर से जोड़ा... कि भरपाई है सबब और सबक..!! **- नंदिता तनूजा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा मध्यान बाद तक प्रत्येक कार्यो में उदासीनता दिखाएंगे परन्तु धार्मिक कार्यो के प्रति आकर्षित रहेंगे। मध्यान पश्चात गाड़ी पटरी पर आने लगेगी।

वृष: आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। दोपहर तक लगभग सभी कार्यो में विलंब होगा जो कार्य करेंगे उनके पूर्ण होने में भी संशय बना रहेगा लेकिन मध्यान बाद स्थिति में थोड़ा सुधार आने लगेगा।

मिथुन: आज दिन के मध्यान तक का समय सामान्य बना रहेगा लेकिन इसके बाद कही से अशुभ समाचार मिलने से परेशान रहेंगे। महिलाये पारिवारिक स्थिति के कारण बेचैन रहेंगी।

कर्क: आज का दिन पूर्वार्ध आपके लिए धन वृद्धि कारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे। उत्तम भोजन वाहन मनोरंजन पर्यटन से आनंद मिलेगा।

सिंह: आज दिन की शुरुआत आलस्य प्रमाद से होगी ध्यान रहें कार्यो को लेकर टालमटोल की प्रवृति हानि करा सकती है। दोपहर के समय से स्थिति बेहतर होने लगेगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा। आप आज प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करेंगे जिससे सफलता का प्रतिशत अधिक रहेगा। महिलाये घर की साज सज्जा पर खर्च करेंगी।

तुला: आज आप मध्यान तक जितना परिश्रम करेंगे इसके बाद के समय उससे पूर्ण संतुष्ट रहेंगे धन लाभ भी होने के साथ भविष्य में आय के मार्ग भी बनेंगे। आज का दिन प्रेम-प्रसंगों में भी यादगार अनुभूति कराएगा।

वृश्चिक: आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा बीते कल के अधूरे कार्य आज पूर्ण होने से धन की आमद होगी। महिलाओ की सेहत खराब होने की संभावना है।

धनु: आज आप दिन के आरंभिक भाग में अनुकूल परिस्थितियों का जमकर लाभ उठायेंगे। आज आपके स्वाभाव में नरमी रहने से परिजनों के साथ चल रहे मतभेद सामान्य होंगे।

मकर: आज का दिन भी शुभ फलों की प्राप्ति कराएगा लेकिन आज चोटादि का भी भय है जोखिम ना लें वाहन से सतर्क रहें। सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा। पुराने लटके कार्यो में गति आएगी।

कुंभ: आज दिन के मध्यान तक आप सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। शारीरिक स्फूर्ति गायब रहेगी। अधिकांश कार्यो में देरी होगी।

मीन: आज दोपहर तक अपने सभी कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें इसके बाद परिस्थिति कलहकारी बनेगी जिसका भला करने का सोचेंगे उसी का व्यवहार आपको आहत करेगा।

QUIZ TIME

1) किस राज्य के अनंतपुर अनार को हाल ही में जीआई टैग प्रदान किया गया?

2) भारत का पहला मेड-इन-इंडिया एआई प्लेटफार्म लांच करने की घोषणा किसके द्वारा की गयी?

3) उत्तर प्रदेश में किस राजनेता के नाम पर 76वां जिला बनाया जाएगा?

4) किसे गुजरात पिता कहा जाता है?

5) राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 में किसे विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आंध्रप्रदेश (2) जियो (3) कल्याण सिंह (4) रविशंकर महाराज (5) जयंत विष्णु नार्लीकर

कार्टून

सुशासन एक्सप्रेस से बढ़ी लोगों की उम्मीद, पहुंच रहा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई 'सुशासन एक्सप्रेस' ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। जिला प्रशासन द्वारा नारायणपुर जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित विशेष शिविरों और अभियानों के माध्यम से अब ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी प्रमाण पत्रों, कार्डो और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सीधे उनके गांव में ही मिल रहा है। प्रशासन के इस कदम से लोगों के समय और आर्थिक संसाधनों की बड़ी बचत हो रही है।

18 हजार से अधिक आवेदनों का त्वरित निराकरण

जिला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 25 मई 2026 तक सुशासन एक्सप्रेस के माध्यम से कुल 27 हजार 712 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से प्रशासन की सजगता के चलते 18 हजार 431 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 9 हजार 281 आवेदन वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। कई मामलों में शिविर स्थल पर ही त्वरित निराकरण कर ग्रामीणों को तुरंत राहत पहुंचाई जा रही है।

एक ही छत के नीचे मिल रहीं ढेरों सुविधाएं

सुशासन एक्सप्रेस शिविरों में नागरिकों की सहूलियत के लिए विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक जगह केंद्रित किया गया है। अब तक 10 हजार 682 आधार कार्ड एमबीयू (मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट) और 2 हजार 601 नए और संशोधित किये गए है। इसी तरह 4 हजार 068 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए और 1 हजार 524 नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं दी गई है। शिविरों में निर्वाचन फॉर्म-6 से संबंधित 3 हजार 795 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। इसके साथ ही 816 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, 737 राशन कार्ड और 818 नए बैंक खाते खोले गए।पीएम सम्मान निधि के 282 प्रकरणों का निराकरण किया गया।किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड , ऋष्ा पुस्तिका, कृषि यंत्र, पीएम किसान योजना का लाभ और ई-केवाईसी जैसी जरूरी सुविधाएं भी मौके पर ही दी जा रही हैं।

वनांचल और दूरस्थ गांवों में विशेष फोकस

प्रशासन द्वारा जिले के उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां से लोगों को जिला मुख्यालय या शासकीय कार्यालयों तक आने में कठिनाई होती थी। वर्तमान में सुदूर वनांचल के ग्राम आदनार, बम्हनी, कुतुल, गुदाड़ी, आमासरा, नेलवाड़, पोचावाड़ा, ओरछा, मालिंगनार, बागबेड़ा, धुरबेड़ा, कोलियारी, कच्चापाल, बड़ेजम्हरी और घमंडी सहित कई अंदरूनी गांवों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

बदली व्यवस्था, बढ़ा विश्वास

पहले जिन बुनियादी कार्यों और प्रमाण पत्रों के लिए ग्रामीणों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, अब वे कार्य सुशासन एक्सप्रेस के जरिए उनके घर के पास ही आसानी से पूरे हो रहे हैं। इस पारदर्शी और त्वरित व्यवस्था ने न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली को गति दी है, बल्कि शासन के प्रति आम जनता के विश्वास को भी और अधिक मजबूत किया है।

कस्तूरा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

प्रधानमंत्री आवास की चाबी और राशन कार्ड वितरण से ग्रामीणों के चेहरे खिले

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास की चाबी और राशन कार्ड वितरण से ग्रामीणों के चेहरे खिलेमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में दुलदुला विकासखंड के ग्राम कस्तूरा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की। इनमें ग्राम कस्तूरा के इसहाक बेक, ग्राम जामपानी के दीनदयाल राम, ग्राम रायडीह के राजेश राम तथा ग्राम बंगुरकेला के पतालेश्वर सिंह शामिल हैं। हितग्राहियों ने पक्के घर की सौगात मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

इसी प्रकार शिविर में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड भी वितरित किए गए। राशन कार्ड प्राप्त करने वालों में ग्राम रायडीह की आईती खाखा, ग्राम लोरो की अमिया बरवा, ग्राम दुलदुला की बिनिता भगत, ग्राम छेरड़ाड की मंगला देवी तथा ग्राम बम्हनी की सुनिता खाखा शामिल हैं। हितग्राहियों ने कहा कि अब उन्हें खाद्यान्न योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

कोहकामेटा सुशासन शिविर में उमड़ी भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत नारायणपुर जिले के जनपद पंचायत ओरछा के ग्राम कोहकामेटा में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की सेवाओं को सरल एवं सुलभ बनाना था, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं, मांगों और शिकायतों के निराकरण के लिए कुल 326 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 134 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया। शेष 192 आवेदन वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। शिविर में सर्वाधिक 90 मामलों का स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर निराकरण कर ग्रामीणों को राहत दी। आयुष्मान कार्ड के 8, आधार कार्ड से संबंधित 15, जाति प्रमाण पत्र के 2 तथा निवास प्रमाण पत्र के 3 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े 12 मामलों का समाधान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि मनरेगा जॉब कार्ड से जुड़े 20 आवेदन दर्ज किए गए। इसी तरह बैंक खाते से संबंधित 2 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि अन्य विभागों से संबंधित 84 आवेदन भी शिविर में प्राप्त हुए।

ग्रामीणों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से (शिविर में) उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएं और जानकारियां मिल रही हैं, जिससे उनके समय और संसाधनों की बड़ी बचत हो रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

जब प्रशासन की संवेदनशील पहल से 162 परिवारों के जीवन में आई स्वच्छता और सम्मान की नई सुबह

रायपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले में इन दिनों सुशासन तिहार 2026 केवल शासकीय शिविरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण परिवारों के जीवन में उम्मीद, सम्मान और सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से जिले के 162 परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जिससे उनके घरों में स्वच्छता के साथ आत्मसम्मान की नई रोशनी पहुंची है। कई ग्रामीण परिवार ऐसे थे, जो वर्षों से शौचालय सुविधा के अभाव में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह समस्या केवल असुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय थी। लेकिन सुशासन तिहार के शिविरों में दिए गए आवेदनों पर जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई और कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 162 पात्र परिवारों को शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। यह पहल ग्रामीण जीवन में गरिमा और स्वच्छता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बनकर सामने आई है। स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कई महिलाओं ने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें खुले में शौच जाने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी यह सुविधा राहत लेकर आएगी। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है और समय पर समाधान भी कर रहा है।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि सुशासन का वास्तविक उद्देश्य आमजन की समस्याओं का सम्मानपूर्वक और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन केवल शौचालय निर्माण तक सीमित योजना नहीं, बल्कि स्वस्थ और सम्मानजनक समाज निर्माण का अभियान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वीकृत हितग्राहियों के शौचालय निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

संघर्ष से सफलता का सफर: नागेश के हौसलों को मिले ट्राइसाइकिल के पहिए

रायपुर/नवप्रदेश। अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो शारीरिक अक्षमता भी आपके कदमों को नहीं रोक सकती। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है धमतरी जिला के विकासखंड धमतरी के ग्राम पीपरछेड़ी के रहने वाले जांबाज छात्र नागेश देशमुख ने। नागेश ने अपनी शारीरिक दिव्यांगता को कभी अपनी पढ़ाई के आड़े नहीं आने दिया, लेकिन उनका यह सफर आसान नहीं था। अब शासन की एक संवेदनशील पहल ने उनके इस कठिन सफर को ट्राइसाइकिल ने न सिर्फ आसान बना दिया है, बल्कि उनके सपनों को नई उड़ान भी दे दी है।

नागेश बचपन से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर और समर्पित रहे हैं। सीमित संसाधनों और रोजमर्रा की शारीरिक दिक्कतों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। स्कूल आने-जाने के लिए उन्हें हर दिन एक नए संघर्ष से गुजरना पड़ता था। कभी परिवार के सदस्यों की मदद का इंतजार करना पड़ता, तो कभी खुद ही कष्ट सहकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इस दर्द और थकान के बाद भी उनका हौसला नहीं डिगा और उन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर 11वीं की परीक्षा सम्मानजनक अंकों के साथ उत्तीर्ण की। नागेश की जिंदगी में असली बदलाव आया 21 मई को, जब ग्राम पीपरछेड़ी में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नागेश की तकलीफ को समझते हुए प्रशासन द्वारा त्वरित कदम उठाया गया।

बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए सुनहरा अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में संगठित क्षेत्र के बीमित श्रमिकों के बच्चों को स्नातक स्तर पर मेडिकल में पढ़ाई के लिए होने वाले प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में सरलता से प्रवेश प्राप्त होने का अवसर दिये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 20 मेडिकल कॉलेजों में बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए 700 सीट आरक्षित की गई है। बीमित श्रमिकों के बच्चों को नीट यूजी में प्रवेश लेने हेतु होने वाले प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।

पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव की तैयारियों को लेकर प्रेस क्लब परिसर में हुई बैठक

रायपुर/ए.। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा 30 मई को आयोजित किए जा रहे ÷पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव÷ की तैयारियों को लेकर आज प्रेस क्लब परिसर में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने सबसे पहले प्रेस क्लब कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक ली। बैठक में कार्यकारिणी के नव नियुक्त सात सदस्यों के साथ विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के विशेष आमंत्रित संयोजक तथा सलाहकार सदस्य के रूप में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव भी उपस्थित रहे।

कार्यकारिणी की बैठक के पश्चात ÷पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव÷ के सफल आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में संरक्षक एवं सलाहकार मंडल के सदस्यों ने विभिन्न समितियों के संयोजकों के साथ आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रम के स्वरूप तथा आयोजन की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह विशेष उत्सव दिनभर चार सत्रों में संपन्न होगा। कार्यक्रम का प्रथम सत्र शुभारंभ सत्र होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। द्वितीय सत्र हिंदी प्रिंट मीडिया की 200 वर्षों की गौरवशाली यात्रा एवं उसकी भूमिका पर केंद्रित रहेगा। तृतीय सत्र इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं न्यू मीडिया की संभावनाओं और चुनौतियों पर आधारित होगा, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार, मीडिया विशेषज्ञ एवं विभिन्न संस्थानों से जुड़े प्रतिनिधि अपने विचार रखेंगे। इसके अतिरिक्त रायपुर प्रेस क्लब द्वारा इस अवसर पर एक विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें पत्रकार साथियों की प्रस्तुतियों के साथ संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं को सुचारु एवं निर्बाध सेवाओं का दिलाया भरोसा

रायपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) – इंडियनऑयल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल – देशभर में पेट्रोल (एमएस), डीज़ल (एचएसडी) एवं एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार संचालन एवं लॉजिस्टिक समन्वय बनाए हुए हैं। कई क्षेत्रों में ईंधन की मांग में वृद्धि के बावजूद कंपनियां आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं।

हाल के दिनों में ओएमसी ने मई 2026 में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है।

ईंधन की बढ़ी हुई मांग का प्रमुख कारण कृषि क्षेत्रों में मौसमी गतिविधियों में तेजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के रिटेल आउटलेट्स पर अन्य आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में मूल्य अंतर के चलते संस्थागत एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का पीएसयू आउटलेट्स की ओर रुख करना है। तेल उद्योग उपभोक्ताओं को आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सामान्य खरीद व्यवहार बनाए रखें तथा अनावश्यक घबराहट में खरीदारी से बचें। साथ ही, उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ईंधन उपलब्धता से संबंधित सही जानकारी के लिए केवल अधिकृत एजेंसियों एवं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

पूजा का लक्ष्य पीएचडी कर शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाना

75% श्रवण बाधित पूजा की दृढ़ इच्छाशक्ति से सपनों को मिली उड़ान

■ *श्रवण बाधित सुश्री पूजा साहू को मिली नई जिंदगी का सहारा*

रायपुर/नवप्रदेश। सपनों की कोई आवाज नहीं होती, लेकिन उन्हें पूरा करने का हौसला हर मुश्किल से बड़ा होता है।गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के वार्ड क्रमांक 1 सिंचाई कॉलोनी सारबहरा स्मृति वाटिका गौरेला की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली 75 प्रतिशत श्रवण बाधित सुश्री पूजा साहू ने अपने संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास से यह साबित कर दिया है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, दृढ़ इच्छाशक्ति इंसान को मंजिल तक पहुंचा ही देती है।

श्रवण बाधित सुश्री पूजा साहू डिजिटल श्रवण यंत्र और रोजगार मिलने से खिल उठी मुस्कान, अब पीएचडी कर समाज सेवा का सपना करेंगी पूरा

आर्थिक अभाव, सुनने में कठिनाई और सीमित संसाधनों के बीच भी सुश्री पूजा ने हार नहीं मानी। उन्होंने लगातार पढ़ाई जारी रखी और नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने भीतर उच्च शिक्षा हासिल करने का सपना जीवित रखा। उनका लक्ष्य पीएचडी कर शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाना है। लेकिन श्रवण संबंधी समस्या और आर्थिक कठिनाइयां उनके रास्ते की बड़ी बाधा थीं।

अपने सपनों को नई ताकत देने की उम्मीद लेकर सुश्री पूजा समाज कल्याण विभाग पहुंचीं। उनकी स्थिति और संघर्ष को समझते हुए जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही द्वारा 26 जून 2026 को उन्हें 2 नग डिजिटल श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। श्रवण यंत्र मिलते ही सुश्री पूजा के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी की चमक साफ दिखाई दी। अब वे अपनी पढ़ाई, संवाद और शोध कार्य को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकेंगी। समाज कल्याण विभाग ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सुश्री पूजा को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी अहम पहल की। उन्हें अशासकीय समाजसेवी संस्था ÷प्रगति सेवा संस्था÷ में सामाजिक कार्यकर्ता के पद पर नियुक्त किया गया है, जहां उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपये मानदेय प्राप्त होगा। यह रोजगार उनके लिए आर्थिक संबल के साथ-साथ आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का नया माध्यम बनेगा। भावुक होकर सुश्री पूजा साहू ने समाज कल्याण विभाग और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके लिए किसी नए जीवन से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि अब वे अपने सपनों को पूरा करने के साथ समाज के अन्य दिव्यांगजनों के लिए भी प्रेरणा बनना चाहती हैं।

सुश्री पूजा की यह कहानी केवल एक दिव्यांग बेटी की सफलता नहीं, बल्कि शासन की संवेदनशील योजनाओं और मानवीय पहल का जीवंत उदाहरण है, जो जरूरतमंदों के जीवन में नई उम्मीद और नया विश्वास जगा रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार की तिथि में किया गया परिवर्तन

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत कुल 11 संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार जिला पंचायत, दंतेवाड़ा के सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई थी एवं सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के 02 रिक्त पदों हेतु कौशल परीक्षा एन.आई. सी. दंतेवाड़ा में प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के तहत् ''ईद-उल-जुहा (बकरीद)'' के पर्व हेतु पूर्व में घोषित अवकाश दिनांक 27 मई 2026, दिन बुधवार के स्थान पर दिनांक 28 मई 2026 दिन-गुरूवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। अतः मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत दिनांक 28 मई 2026 को होने वाली कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार को निरस्त करते हुए संशोधित दिनांक 01 जून 2026 को निर्धारित की गई है। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कुल 11 रिक्त संविदा पदों हेतु साक्षात्कार जिला पंचायत, दंतेवाड़ा के सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे एवं सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के 02 पदों हेतु कौशल परीक्षा एन.आई.सी. दंतेवाड़ा में प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई है। जिसका अवलोकन जिले के वैबसाइट www.dantewada.nic.in पर किया जा सकता है।

कांग्रेसियों ने मनाई पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि

कांकेर/नवप्रदेश। राजीव भवन कांकेर में कांग्रेसियों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पण्डित जवाहर लाल नेहरू के पुण्यतिथि के अवसर पर याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य नितिन पोटाई ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने देश के आजादी के बाद विपरीत परिस्थितियों में देश का बागडोर संभाला था तब उन्होंने देश को आगे बढ़ाने के लिये बड़े बड़े संस्थाओं और बांधों का निर्माण करवाया। उन्होने आगे कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेहरू देश की आजादी के लिए कई बार जेल गये वे लगभग 9 साल जेल में रहे जेल में रहकर उन्होंने विश्व इतिहास की झलक नामक प्रसिद्ध पुस्तक का लेखन कार्य किया था वही जेल से ही अपनी पुत्री इन्दिरा गांधी को पत्र लिखा करते थे जिसे पिता का पत्र पुत्री के नाम संकलित किया गया है। भारत की विदेश नीति पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीति मानी जाती है उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक समाजवाद, गुटनिरपेक्षता, पंचषील, निःशस्त्रीकरण आदि पर बल दिया।कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने आगे कहा कि उनके दो उक्तियां हमेशा प्रेरणा के स्त्रोत रहे है जिसमें एक है ''आराम हराम है'' और दूसरा ''अनुशासन ही देश को महान बनाता है'' यह दोनों ही शब्द किसी भी देश के विकास के लिए मील के पत्थर साबित हो सकते है। शायद नेहरू जी ने पहले ही महसूस कर लिया था कि ये दोनों शब्द देश के लिये अति आवश्यक है क्योंकि जब भारत देश नया नया बना था उस समय देश के नवनिर्माण की आवश्यकता थी जो मेहनत से ही संभव हो सकता है।इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यासीन कराणी , महिला कांग्रेस अध्यक्ष भारती सलाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, अजय भासवानी, मनोज जैन, नीरा साहू, नरेश बिछिया, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, मुकेश तिवारी, रंजन गोस्वामी, देवेश यादव, अजय नेताम, सूर्या नेताम, रमेश गावड़े, अशोक ऊके, जीत सिंह कवाची, यशवंत दर्रा, पंच राम सलाम, प्रशांत सिन्हा, पप्पू नायक आदि उपस्थित थे।

सुशासन तिहार के तहत पाली ब्लॉक के निरधी में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, आमजन को मिला त्वरित समाधान

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप कोरबा जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न विकासोन्मुख गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत निरधी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्री कौशल नेटी, जनपद सदस्य श्री सुरेश निषाद तथा श्री उत्तम अगरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संघ पाली के अध्यक्ष एवं ग्राम निरधी के सरपंच श्री छत्रपाल सिंह राज ने की। इस शिविर में ग्राम शिवपुर, सिल्ली, परसदा, पोलमी, पोंडी, बतरा, कर्रानवापारा और कोडार के सरपंच भी उपस्थित हुए। सभी जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान किया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अनेक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। जनपद पंचायत द्वारा दो हितग्राहियों को राशन कार्ड, चार हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश तथा एक हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कृषि विभाग ने शाकम्भरी योजना के तहत ग्राम सिल्ली के श्री बिसाहूराम/जेठूराम को 03 एचपी पेट्रोल पंप का वितरण किया। राजस्व विभाग की ओर से पाँच हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब, नौ हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र की पर्ची तथा चार हितग्राहियों को किसान किताब की द्वितीय प्रति प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इसी के साथ जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशेष स्वच्छता अभियान के तहत दंतेवाड़ा में जन जागरूकता अभियान तेज

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में 20 मई 2026 से 15 जून 2026 तक संचालित विशेष स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक परिवार को शौचालय उपयोग एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है।

अभियान के अंतर्गत विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम, स्वयंसेवकों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव-गांव पहुंचकर स्वच्छता संबंधी संदेश दिया जा रहा है। टीम द्वारा घर-घर जाकर व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण, शौचालय उपयोग की आवश्यकता तथा खुले में शौच से होने वाली हानियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। साथ ही घर-घर कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। आज दिनांक 27 मई 2026 को ग्राम पंचायत बड़े पनेडा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, समुदाय के लोगों तथा युवोदय टीम की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने मिलकर गांव में स्वच्छता गतिविधियां संचालित कीं तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत हितावर में भी ब्लॉक समन्वयक एवं स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को घर-घर जाकर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने, अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा नियमित रूप से शौचालय का उपयोग करने की अपील की गई।

युवोदय टीम द्वारा स्थानीय भाषा हल्बी एवं गोंडी में मुनादी कर लोगों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पूर्व में आयोजित अभियान में क्षेत्रीय विधायक श्री चैतराम अटामी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर ग्रामीणों को स्वच्छता पथ का संकल्प दिलाया था। उन्होंने स्वच्छता को दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

तनाव के बाद प्रशासन ने अस्पताल किया सील

बच्ची की मौत के बाद फूटा गुस्सा अस्पताल में तोड़फोड़, हाईवे जाम

पखांजूर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र अंतर्गत कापसी स्थित श्री रामचंद्र अस्पताल में इलाज के दौरान एक मासूम बच्ची की मौत के बाद बुधवार को भारी बवाल की स्थिति निर्मित हो गई। बच्ची की मौत से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल का सामान बाहर निकालकर सड़क पर फेंक दिया और अस्पताल के सामने से गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना रहा।

इलाज के दौरान हुई बच्ची की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

जानकारी के अनुसार बच्ची को उपचार के लिए कापसी स्थित श्री रामचंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि समय पर सही उपचार नहीं मिलने के कारण बच्ची की जान चली गई।

बच्ची की मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और गुस्साए लोगों ने अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान अस्पताल के कांच, फर्नीचर, मशीनें और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया गया। कई लोगों ने अस्पताल के भीतर रखा सामान बाहर सड़क पर फेंक दिया।

स्टेट हाईवे पर चक्काजाम, आवागमन पूरी तरह प्रभावित

अस्पताल में हंगामे के बाद ग्रामीणों ने अस्पताल के सामने स्थित स्टेट हाईवे पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी बच्ची की मौत मामले में निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे थे। चक्काजाम के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

18 गुम मोबाइल को पुलिस ने मोबाइल धाराकों को लौटाया

■ मोबाइल मिलने से खिले चेहरे पुलिस का जताया आभार

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर पुलिस द्वारा मिशन रिकनेक्ट अभियान के तहत जिलेभर से गुम हुए 218 मोबाईल फोन बरामद कर वास्तविक मोबाईल धारकों को लौटाए गए

तकनीकी अनुसंधान एवं सीईआईआर पोर्टल की सहायता से सायबर सेल कांकेर एवं थानों-चौकियों द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही किया गया है।बरामद मोबाईलों की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख / रूपये आंकी गई है।उत्तर बस्तर कांकेर पुलिस द्वारा आमजन की डिजिटल सुविधा एवं गुम/चोरी हुए मोबाईलों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे मिशन रिकनेक्ट अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है।पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सायबर) दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में सायबर सेल कांकेर एवं जिले के विभिन्न थाना स्टाफ द्वारा सघन अभियान चलाकर गुम मोबाईलों की पतासाजी कर उन्हें बरामद किया जा रहा था. जो 27 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम मोबाइल के वास्तविक स्वामियों/धारकों को उनके मोबाइल वापस कर सुपुर्द किया गया।

नाबालिग से ब्लैकमेल कर करता रहा बलात्कार 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी द्वारा ब्लैकमेल कर वर्ष 2025 से लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।थाना चारामा पुलिस प्रार्थीया की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को किया गिरफ्तार किया गया है।घटना की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा पुलिस द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 मई 2026 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम आंवरी निवासी खिलेश्वर यादव द्वारा नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर एवं परिवार वालों को संबंध की जानकारी देने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता था। आरोपी द्वारा 10सितंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक लगातार जबरन शारीरिक संबंध बनाया गया। रिपोर्ट पर थाना चारामा में अपराध क्रमांक 112/2026 धारा 64, 64(2)(ड), 87 बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अघनपुर की वार्षिक जात्रा में शामिल हुए कुमार जयदेव, माता और झाड़ेश्वर मंदिर में टेका माथा

■ जलनी माता मंदिर की जात्रा में नुकीले कीलों के झूले पर बैठे कुमार जयदेव,श्रद्धालुओं में बनी चर्चा

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकमान्य तिलक वार्ड स्थित अघनपुर के जलनी माता मंदिर और झाड़ेश्वर मंदिर में आयोजित वार्षिक माता मेला मंडई एवं जात्रा में मंगलवार को सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जलनी माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और राज्य व बस्तर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पुजारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जात्रा के दौरान कुमार जयदेव को पारंपरिक रूप से जलनी माता के आशीर्वाद स्वरूप नुकीले कीलों वाले झूले पर बैठने का अवसर मिला, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण और चर्चा का विषय बना। बताया गया कि मुख्य सिरहा के साथ कांटों की झुलना में उनकी सहभागिता को उपस्थित पुजारियों और सिरहा समाज ने माता की विशेष कृपा माना। कुमार जयदेव ने कहा कि तेतरकुटी के लोगों ने उन्हें सम्मान और आत्मीयता के साथ जात्रा में आमंत्रित किया, जिसे वे अपने लिए सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि माता की शक्ति और आशीर्वाद से ही ऐसा संभव हो पाया तथा ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं मां ने उन्हें यह आदेश दिया हो।

कलेक्टर ने किसानों से खाद-बीज का अग्रिम उठाव करने की अपील

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिले के किसानों से खाद-बीज का अग्रिम उठाव करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले के सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक भण्डारण किया जा रहा है, जिसका अग्रिम उठाव किसान भाई करें। वर्तमान में सहकारी समितियों में यूरिया- 7197 मेट्रिक टन, डी.ए.पी. 1588 मेट्रिक टन, सुपर फास्फेट 4614 मेट्रिक टन, पोटाश 2663 मेट्रिक टन और एन.पी.के 6833 मेट्रिक टन का भण्डारण किया जा चुका है। डीएपी के विकल्प के तौर पर

सुपर फास्फेट और एन.पी.के. उर्वरकों के उपयोग की सिफारिश कृषि वैज्ञानिक के द्वारा किया गया है। जिसके आधार पर इस समितियों से कृषकों को उर्वरक वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही समितियों के माध्यम से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी किसानों को वितरित किया जा रहा है ।

अंधेकत्ल की सुलझी गुत्थी बदले की भावना से पूर्व सरपंच ने मिलकर शराब में जहर देकर कर दी हत्या

कांकेर/नवप्रदेश। नरहरपुर ब्लॉक के हल्बा चौकी थाना नरहरपुर ने आठ माह पहले हुई हत्याकांड को सुलझाने में बड़ी सफलता मिली है। हल्बा चौकी पुलिस ने आठ माह पूर्व हुई अंधे कत्ल के आरोप में सरपंच सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अंधेकत्ल मामले का मास्टरमाइंड गांव का सरपंच निकला। जिन्होंने पुरानी रंजिश को लेकर जमीन खरीदी बिक्री में किये गबन राशि का उजागर होने की आशंका पर जहर देकर योजना

बनाकर हत्या कराई गई। हल्बा चौकी से मिली जानकारी अनुसार 28 जुलाई 2025 को ग्राम डुमरपानी के मिलन पटेल उम्र 75 वर्ष द्वारा जहर सेवन किये जाने से स्वास्थ्य खराब होने पर नरहरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां ईलाज के दौरान 29 जुलाई 2025 को मिलन पटेल की मृत्यु हो गयी जिस पर गर्ग कर्मांक 63/2025 थारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान मृतक की पुत्री जागेश्वरी पटेल व गवाहों द्वारा शुरू से ही वतन पटेल के ऊपर शंका जाहिर किया जा रहा था। जिस आधार पर वतन पटेल को तलब कर कड़ाई से पूछताछ करने पर मिलन पटेल को शराब में जहर घोलकर पिलाना स्वीकार किया। जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों की दी गयी।

11वीं शताब्दी के शिलालेख से लेकर ताड़पत्र पाण्डुलिपियों तक

ज्ञानभारतम् मिशन के तहत जिले में मिली प्राचीन धरोहरें

■ जिले में खोजे गए इतिहास के महत्वपूर्ण साक्ष्य

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए ÷ज्ञानभारतम् मिशन÷ के अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले में भारतीय ज्ञान परम्परा और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां सामने आई हैं। इस मिशन का उद्देश्य देशभर में बिखरी प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों, हस्तलिखित पोथियों तथा शिलालेखों का सर्वेक्षण कर उन्हें संरक्षित एवं सुरक्षित करना है, ताकि भारत की समृद्ध बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत भावी पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंच सके।

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला नोडल अधिकारी एवं एसडीएम श्री लोकांश एल्मा के नेतृत्व में जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स, विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों तथा संकुल स्तर पर शिक्षकों को सर्वेयर नियुक्त किया गया है। टीम द्वारा जिले के विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों में लगातार

सर्वेक्षण और दस्तावेजीकरण का कार्य किया जा रहा है।इस अभियान के दौरान जिले में अब तक 05 प्राचीन शिलालेख तथा 02 महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियां प्राप्त हुई हैं। इनमें 29 अप्रैल 2026 को शिव मंदिर समलूर से 11वीं शताब्दी का एक दुर्लभ शिलालेख प्राप्त हुआ, जो तेलुगु लिपि में उत्कीर्ण है। इसके बाद 16 मई 2026 को समलूर स्थित मंदिर परिसर में पंडित की कोठरी से 18वीं से 20वीं शताब्दी के मध्य की एक प्राचीन पाण्डुलिपि प्राप्त हुई, जो देवनागरी लिपि में लिखी गई है। समलूर क्षेत्र से ही 11वीं शताब्दी का एक अन्य शिलालेख भी मिला है, जो देवनागरी लिपि में अंकित है।

इसी क्रम में 21 मई 2026 को ऐतिहासिक मामा-भांजा मंदिर, बारसूर से 1060 से 1068 ईस्वी कालखंड के समतुल्य एक महत्वपूर्ण शिलालेख प्राप्त हुआ, जो तेलुगु लिपि में उत्कीर्ण है।

वहीं 25 मई 2026 को दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा से 13वीं शताब्दी के प्रारंभिक काल के दो प्राचीन शिलालेख प्राप्त हुए, जिनमें तेलुगु एवं देवनागरी दोनों लिपियों का प्रयोग देखने को मिला। इसके अतिरिक्त जिले के आंवराभाटा संकुल क्षेत्र में श्री इन्द्रजीत यादव के निवास से एक दुर्लभ ताड़पत्र पाण्डुलिपि प्राप्त हुई है।

कलेक्टर रोक्तिमा यादव बोलीं- नशा उन्मूलन सर्वोच्च प्राथमिकता खानापूर्ति नहीं चलेगी

■ 'नशे के खिलाफ जनजागरण के साथ, कड़ी कार्यवाही भी करें'

कोरिया / नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर समिति (नकॉर्ड) की बैठक में जिले में नशा उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए विभिन्न विभागों की कार्ययोजना की समीक्षा की गई।कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जिले को नशामुक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लगातार अभियान चलाया जाए।

जिला सैनिक बोर्ड की बैठक में पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

***पूर्व सैनिकों एवं सैनिक परिवारों के कल्याण संबंधी विषयों पर हुई चर्चा**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला सैनिक बोर्ड, अम्बिकापुर की बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण, सुविधाओं तथा विभिन्न सहायता योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल एवं डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन उमेद सिंह चारण (सेवानिवृत्त) ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता एवं विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। बैठक में

लेफ्टिनेंट कर्नल एम.के. तिवारी (सेवानिवृत्त), न्यूरो सर्जन जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के उपचार हेतु सीजीएचएस दर एवं ईसीएचएस के संलग्नीकरण के संबंध में जानकारी साझा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों पर पूरे देश को गर्व है।

उन्होंने कहा कि परिवार के किसी सदस्य को खोने का दर्द वही परिवार समझ सकता है जिसने अपना प्रियजन देश सेवा में समर्पित किया हो। उन्होंने कहा कि इस पीड़ा के साथ एक गौरव की भावना भी जुड़ी होती है, जो देश सेवा के लिए समर्पण एवं बलिदान की प्रेरणा देती है। सैनिक देश की सेवा में लगे रहते हैं कठिन समय में देश की रक्षा करते है और हम शांति से रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक देव नन्दन दीक्षित, रामनरेश गुप्ता एवं अनिल गुप्ता को सम्मानित किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

''मोर मकान,मोर आस'' 177 आवासों का 1 जून को होगा आबंटन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम अंबिकापुर आयुक्त डी.एन. कश्यप से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक ''मोर मकान - मोर आस'' अंतर्गत माता राजमोहनी देवी भवन में 01 जून को सुबह 11 बजे से शेष बचे 177 आवासों का हितग्राहियों को लाटरी पद्धति से आबंटन किया जाएगा। बता दें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत शासन से कुल 493 आवासों की स्वीकृति मिली थी। जिसमें पूर्व में 316 आवासों का आबंटन किया जा चुका है। इस योजना के तहत शहरी क्षेत्र में 31 अगस्त 2015 के पूर्व निवासरत एवं केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देश अनुसार गरीब, मजदूर, दिहाड़ी, आवासहीन एवं भूमिहीन लोगों को शामिल किया गया है। आबंटन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु हितग्राही निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

ईद-उल-जुहा का अवकाश अब 28 मई को, जारी की संशोधित अधिसूचना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंगलवार को इस संबंध में संशोधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। पूर्व में जारी अधिसूचना के तहत ईद-उल-जुहा (बकरीद) का सार्वजनिक अवकाश 27 मई 2026, बुधवार को घोषित किया गया था। राज्य शासन ने उक्त आदेश में संशोधन करते हुए बकरीद का सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026, गुरुवार को घोषित किया है। पूर्व निर्धारित तिथि यानी 27 मई 2026 (बुधवार) को अब सामान्य कार्य दिवस रहेगा।

आस्था और लोक संस्कृति का संगम बना गंगा दशहरा

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का पर्व गंगा दशहरा मंगलवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सैकड़ों श्रद्धालु जूना लखनपुर स्थित प्राचीन दशहरा तालाब पहुंचे, जहां पापनाशिनी मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अच्छे जीवन की कामना की गई।

सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए ग्रामीणों ने ग्राम बैगा की उपस्थिति में पूजा संपन्न कराई। लोकरीति के अनुसार श्रद्धालुओं ने दूल्हा-दुल्हन के मौर (मुकुट), नवजात बच्चों के नाभि अवशेष, चौल-मुंडन के बाल तथा कलश आदि का तालाब में विसर्जन किया। पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने ग्राम बैगा को दान-दक्षिणा देकर परंपरा निभाई।दशहरा तालाब के किनारे लगे मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मेले का आनंद लिया। पर्व के अवसर पर चावल से बनी रोटियां, भीगे चने और गुड़ प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। लोगों ने मंदिरों और

देवालयों में पहुंचकर माथा टेककर परिवार की खुशहाली की कामना की।

पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को राजा भागीरथ ने कठोर तपस्या कर मां गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित कराया था। तभी से गंगा दशहरा पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और पूजा करने से मन, कर्म और वचन से किए गए दस प्रकार के पापों का नाश होता है।गंगा दशहरा के अवसर पर सरगुजा की प्रसिद्ध लोकगायन शैली 'दादर गीत' की भी विशेष धूम रही। महिला-पुरुषों की जोड़ियों ने पारंपरिक दादर गीत गाकर लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखा। सवाल-जवाब की शैली में गाए जाने वाले ये गीत लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। बुजुर्गों ने बताया कि पुराने समय में दादर गीत की हार-जीत के आधार पर युवक-युवतियां एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार कर लेते थे, हालांकि अब यह परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है।नगर सहित आसपास के गांवों में गंगा दशहरा पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक पकवानों के साथ आपसी मेल-मिलाप का माहौल देखने को मिला। यह पर्व जल संरक्षण और जल स्रोतों के महत्व को भी दर्शाता है, इसलिए नदी, तालाब और पोखरों के तट पर विशेष पूजा-अर्चना की गई।

देवमती को उन्नत बकरा पालन के लिए मिला 4,000 का चेक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे श्सुशासन तिहारश् और समाधान शिविरों का सकारात्मक परिणाम धरातल पर नजर आने लगा है। प्रशासन द्वारा हितग्राहियों के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत नारायणपुर की रहने वाली और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला श्रीमती देवमती पैकरा के लिए यह सुशासन तिहार एक नई आर्थिक शुरुआत लेकर आया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) वाड्रफनगर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

// उद्घोषणा//

सर्व साधारण जनता ग्राम पंचायत परसडीहा तहसील वाड्रफनगर को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी जीवती आ0 भूपनारायण जाति तेली व 01 अन्य निवासी ग्राम बरतीकलां तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा उत्तरवादी नरजू प्रसाद आ. भूपनारायण वगैरह के विरूद्ध रा.प्र.क्र./ 202305270800047 (19/अ-6/2022-23) विचाराधीन है। प्रकरण में उत्तरवादीगण (1) मालती आ. भूपनारायण निवासी ग्राम महुली तहसील दुद्धी जिला सोनभद्र (उ.प्र.), (2) नीलम आ. भूपनारायण पत्नी कल्पनाथ निवासी ग्राम अम्बिकापुर (दर्रीपारा) जिला सरगुजा (छ.ग.), (3) परनी उर्फ कुण्उल आ. भूपनारायण पत्नी मोतीलाल निवासी नगर जिला गढ़वा (झारखण्ड), (4) शीतल कुवंर आ. भूपनारायण पत्नी सुरेश साहू निवासी ग्राम गोन्दला तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.), (5) समीया आ. विदूर पत्नी सुरेश पत्नी विकास गुप्ता निवासी कापू तहसील धरमगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) की उपस्थिति अपेक्षित है।

उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वे दिनांक **29/05/2026** तक अपना दावा/आपत्ति स्वयं किसी मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा द्वारा अंकित कर पारित एवं उद्घोषित ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
वाड्रफनगर
जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

न्यायालय, तहसीलदार चिरमिरी,
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक /940/ वाचक / 2026
चिरमिरी, दिनांक 26/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी / नगरवासी ग्राम डोमनहिल प.ह.न. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी, के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका नर सिंह आ. एक्का उम्र ....वर्ष.... जाति दण्डासी निवासी ग्राम डोमन हिल प.ह.नं. 04 रा.नि.म. व तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने पत्नी लक्ष्मी की मृत्यु ग्राम डोमनहिल में दिनांक 25.11.2000 को हो गई थी, जिनका जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक / आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / अपत्ति दिनांक 10/06/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

26/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
चिरमिरी,
जिला - एम.सी.बी.(छ.ग.)

जल जीवन मिशन से जनकपुर में हर घर पहुंचा शुद्ध पेयजल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर के आश्रित ग्राम जनकपुर में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीणों को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से राहत मिल गई है। जिला मुख्यालय से लगभग 33 किलोमीटर दूर स्थित इस छोटे से गांव में 11 परिवार निवासरत हैं। पहले जनकपुर के ग्रामीण पेयजल के लिए हैंडपंप और कुओं पर निर्भर थे। बरसात के दिनों में गंदा पानी निकलने की समस्या बनी रहती थी, जिससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता था।

वहीं गर्मी के मौसम में भू-जल स्तर गिरने से कुएं सूख जाते थे और हैंडपंप से भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता था। पानी भरने के लिए ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को लंबे समय तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था, जिससे घरेलू और कृषि कार्य प्रभावित होते थे। अब जल जीवन मिशन के तहत पूरे जनकपुर गांव में 11 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। गांव में 10 हजार लीटर क्षमता वाले स्टील स्ट्रक्चर टंकी का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से सभी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। ग्राम सरपंच वृक्षमनिया देवी बताती हैं कि ग्राम जनकपुर को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है। जल जीवन मिशन के प्रभाव से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

योजना के संचालन एवं निगरानी के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया है। साथ ही 5 महिलाओं द्वारा गठित जल वाहिनी समूह समय-समय पर पानी की शुद्धता की जांच कर रहा है, ताकि ग्रामीणों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सके। उपसरपंच अनिल ने बताया कि पहले पेयजल के लिए हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे काफी समय व्यर्थ हो जाता था। अब घर-घर नल से शुद्ध पानी मिलने के कारण महिलाओं को बड़ी राहत मिली है और वे घरेलू एवं कृषि कार्य समय पर कर पा रही हैं। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन को गांव के लिए वरदान बताया है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर,
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202605140400042/अ-6/ 2025-26

(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक ऋषभ जैन पिता राकेश कुमार जैन निवासी राजापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 2+3/29, क्षेत्रफल 15000.76 व.मी., खाली जगह, भू-भाटक 251135.00 रु. त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रतापदेव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रतापदेव, राजेश्वरी देवी पति स्व. सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सूर्यक्षी, ना.बा. सूर्यादित्य प्रतापदेव पि. स्व. सूर्य प्रतापदेव, अश्विनी प्रतापदेव पि. स्व. उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका व्दारा उक्त भूखण्ड क्र. 39, प्लाट नं 2/29, प्लाट नं. 3 शामिल नं. मे से, क्षेत्रफल 139.07 व.मी. या 1496.39 व.फू., भू.भाटक 2329.00 रु. को विक्रय मूल्य 17,20,850 रु. (सत्रह लाख बीस हजार आठ सौ पचास रू.) में क्रय कर दिनांक 20.04.2026 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है ।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर,
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202605140400041/अ-6/ 2025-26

(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक आशीष फब्यानी पिता प्रेम फब्यानी मांझापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 2+3/29, क्षेत्रफल 15000.76 व.मी., खाली जगह, भू-भाटक 251135.00 रु. त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रतापदेव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रतापदेव, राजेश्वरी देवी पति स्व. सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सूर्यक्षी, ना.बा. सूर्यादित्य प्रतापदेव पि. स्व. सूर्य प्रतापदेव, अश्विनी प्रतापदेव पि. स्व. उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका व्दारा उक्त भूखण्ड क्र. 82, प्लाट नं 2/29, प्लाट नं. 3 शामिल नं. मे से, क्षेत्रफल 139.54 व.मी. या 1496.39 व.फू., भू.भाटक 2337.00 रु. एवं भूखंड क्र. 83 प्लाट नं. 2/29, प्लाट नं. 3 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 139.54 व.मी. या 1496.39 व.फू., भू भाटक 2337.00 रु. को विक्रय मूल्य 33,60,000 रु. (तैतीस लाख साठ हजार रू.) में क्रय कर दिनांक 12.05.2026 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है ।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर,
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202605140400043/अ-6/ 2025-26

(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नम्रता साहू पति रुपेन्द्र कुमार साहू गुडरापारा ग्राम ढेकुना तहसील नरहरपुर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 2+3/29, क्षेत्रफल 15000.76 व.मी., खाली जगह, भू-भाटक 251135.00 रु. त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रतापदेव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रतापदेव, राजेश्वरी देवी पति स्व. सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सूर्यक्षी, ना.बा. सूर्यादित्य प्रतापदेव पि. स्व. सूर्य प्रतापदेव, अश्विनी प्रतापदेव पि. स्व. उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका व्दारा उक्त भूखण्ड क्र. 77, प्लाट नं 2/29, प्लाट नं. 3 शामिल नं. मे से, क्षेत्रफल 131 व.मी. या 1400.53 व.फू., भू.भाटक 2194.00 रु. को विक्रय मूल्य 15,40,600.00 रु. (पन्द्रह लाख चालीस हजार छः सौ रू.) में क्रय कर दिनांक 14.05.2026 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

फ.सं. 10-3/2026-टीएस.।।।

भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

****

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरूक्षेत्र (हरियाणा) में निदेशक की नियुक्ति

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरूक्षेत्र (हरियाणा) में निदेशक के पद हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य केन्द्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआई) के निदेशकों के समकक्ष यथा अनुप्रयोज्य 11,250/- प्रति माह के विशेष भत्ते और अन्य स्वीकार्य भत्तों सहित 2,10,000/- (निश्चित) के वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

एनआईटी के निदेशक के अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हो। नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी।

पात्र/इच्छुक व्यक्ति www.nitcouncil.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 01.06.2026 से 30.06.2026 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक खोली जाएगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिन्दी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगी।

अन्य आवश्यक जनाकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन बेवसाइट http://education.gov.in और www.nitcouncil.org.in पर दिए गए है।

****

सीबीसी-21260/11/0001/2627

दूषित पानी की सप्लाई पर बवाल, धरने पर बैठीं कांग्रेस पार्षद

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में पिछले काफ़ी समय से हो रही गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई को लेकर स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा है। दूषित पानी से त्रस्त जनता की सुध लेते हुए वार्ड क्रमांक 07 से कांग्रेस पार्षद कृतिका जैन और और उनके पति रवि जैन सीधे मैदान में उतर आए हैं। प्रशासन के ढुलमुल रवैये से नाराज पार्षद दंपत्ति अपने समर्थकों के साथ मुख्य पानी टंकी के सामने ही विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए हैं। इस आंदोलन के बाद से नगरपालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नलों से आने वाला पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि उसे कपड़े धोने या नहाने के उपयोग में भी नहीं लाया जा सकता। मजबूरी में इस पानी का उपयोग करने

के कारण वार्ड के कई घरों में लोग डायरिया, पेट दर्द, पीलिया और त्वचा संबंधी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि वे लगातार टैक्स का भुगतान कर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें सिर्फ बीमारियाँ परोसी जा रही हैं। धरने पर बैठीं पार्षद कृतिका रवि जैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नगरपालिका क्षेत्र के कई वार्डों में लगातार दूषित पानी की सप्लाई की जा रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 239/न.पा./ लो.नि.वि. / 2026-27 — मुंगेली, दिनांक 27/05/2026

- प्रथम मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना -

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 15 वें वित्त मद अंतर्गत पी.डब्ल्यू.डी रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 से वर्तमान दिनांक तक प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में रिस्क एण्ड कास्ट में समस्त कर सहित दिनांक 17.06.2026 समय सायं 4:00 बजे तक मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	अवधि	रिमार्क
1	वार्ड क्र. 20 राकेश पात्रे के घर से राजेश खाण्डे / विद्युत कार्यालय के पीछे सी.सी. सड़क व आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य ।	6.74	5055.00	750	03 माह	सक्षम श्रेणी

टीप - 1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. विस्तृत नियम एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउलोड कर व भर कर निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर कार्य हेतु "सी" एवं उच्च श्रेणी के ठेकेदारों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	निविदा आमंत्रण क्र./दिनांक/ सिस्टम नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	38/25-05-2026/191577	सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ आवर्धन जल प्रदाय योजना जल वितरण प्रणाली (शेष कार्य) 100-500 मि.मी. व्यास डी.आई. के-7 5698 मीटर पाईप लाईन	139.80

Important Events and Time Schedule - Date of calling **NIT-25-05-2026,** Bid Start Date - **29-05-2026,** Pre Bid meeting date- **02-06-2026,** Bid Due Date- **15-06-2026,** PHY Doc. Submission last Date-**17-06-2026,** PQ Document Download Date-**18-06-2026**

नोट - उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 27.05.2026 से देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)
राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लो.स्वा.यां विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

जी-262701016/7

आईएफएस परीक्षा में चयनित गुरुदयाल का हुआ सम्मान, विधायक, अफसरों ने दी शुभकामनाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पलानसरी के होनहार युवा गुरुदयाल जांगड़े ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस) परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।

आईएफएस परीक्षा में चयन होने पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं डीएफओ ग्राम पलानसरी स्थित उनके निवास पहुंचे और गुरुदयाल जांगड़े सहित उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। गुरुदयाल जांगड़े ग्राम पलानसरी निवासी सचिव श्री काशीराम जांगड़े के पुत्र हैं। सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास के दम पर यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि को गांव एवं क्षेत्र के लोगों ने युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख सहित एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, सीईओ जनपद पंचायत मुंगेली संतोष घोसले एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गुरुदयाल की सफलता पर गांव को विकास कार्यों की सौगात- विधायक पुन्नूलाल मोहले ने गुरुदयाल जांगड़े और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। विधायक ने गुरुदयाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ग्राम पलानसरी में विकास कार्यों हेतु 15 लाख रुपये की स्वीकृति देने की घोषणा की।उन्होंने कहा कि गुरुदयाल ने यह साबित कर दिया है कि लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जिले के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। युवाओं के लिए प्रेरणा बने गुरुदयाल कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व और खुशी का क्षण है कि जिले के युवा आईएफएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

इससे निश्चित रूप से जिले के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में बड़ी संख्या में युवा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। हर बड़ी उपलब्धि के पीछे कठिन परिश्रम, धैर्य और निरंतर प्रयास छिपा होता है। विद्यार्थियों को परिणाम की चिंता करने के बजाय मेहनत और अनुशासन पर ध्यान देना चाहिए। कलेक्टर ने गुरुदयाल के माता-पिता को भी बधाई देते हुए कहा कि अच्छे संस्कार और शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

न्यूज गैलरी

एनएचएम भर्ती में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, सीएमएचओ व डीपीएम को नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया में हुई देरी और प्रशासनिक लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वीकृत संविदा पदों पर भर्ती के लिए शासन स्तर से पूर्व में अनुमति प्राप्त होने के बावजूद निर्धारित समयावधि में पदपूर्ति नहीं की जा सकी। जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। नोटिस का जवाब 03 दिनों के भीतर प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जारी नोटिस में आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड निर्माण के लक्ष्यों की पूर्ति, गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों की पहचान एवं उपचार, डीएमएफ प्रस्तावों की जानकारी, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि आबंटन तथा भवन निर्माण, झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई, टीकाकरण एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

बकरीद अवकाश की तारीख बदली, अब 28 मई को रहेगा अवकाश

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2026 के सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की सूची में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में ÷ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व हेतु 27 मई बुधवार को घोषित सार्वजनिक अवकाश को संशोधित करते हुए अब 28 मई गुरुवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर आदेश प्रसारित किया गया है।

10वीं-12वीं में 80% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों का होगा सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीम राव आम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा 2026 में 80:से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 7 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से दो सत्र में किया जा रहा है। प्रथम सत्र में कैरियर गाइडेंस एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभा सम्मान जिसमें जिले के समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा अपने रिजल्ट के इंटरनेट कॉपी और अपने एक अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं पूर्व से पंजीयन भी करा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के मो. नम्बर 9303901651 पर संपर्क करें उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष राजेंद्र दिवाकर एवं सचिव एच आर भास्कर ने दी है।

एकलव्य विद्यालय में 11वीं में लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में कक्षा 11वीं विज्ञान एवं कला संकाय में लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 02 सीटों पर केवल बालकों के लिए प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। छात्रों का चयन पूरी तरह से कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक छात्र 23 मई से 05 जून 2026 तक विद्यालय कार्यालय से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच अपना आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, छात्रों को पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची मार्कशीट की छायाप्रति और अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में जमा करना होगा। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून, दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है और इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रवेश से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए छात्र या उनके अभिभावक कार्यालयीन समय के दौरान सीधे विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र हेतु 28 मई को होगा पंजीयन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में आयोजित होने वाले जिला मेडिकल बोर्ड की तिथि में संशोधन किया गया है। शारीरिक योग्यता प्रमाण पत्र मेडिकल फिटनेस हेतु प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाला मेडिकल बोर्ड इस बार शासकीय अवकाश के कारण गुरुवार 28 मई को आयोजित किया जाएगा। इसके तहत 28 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पंजीयन किया जाएगा। संबंधित आवेदकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराने कहा है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे बालक-बालिकाएं जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में असाधारण क्षमता और उपलब्धि प्राप्त की है जो कि राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो, उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिसके लिए पात्र बालक एवं बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जलस्तर गिरने से शहर में पेयजल संकट गहराया

सरकारी कार्यालयों में हार्वेस्टिंग सिस्टम सिर्फ दिखावे के लिए

सुशील शुक्ला/ मुंगेली।

गर्मी मे पानी की किल्लत से जुझ रहे वर्तमान मे नगर मे पानी को खरीदकर पीने को मजबूर हो रहे है, अगर जल्द ही नगर मे पानी को बचाने के ठोस उपाय नही किए गये तो गभीर जलसंकट का सामना करना पड सकता है। नगर को बरसात के पानी को बचाने और वाटर लेबल बढाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का कडाई से पालन कराना होगा पिछले कई वर्षों की तरह औपचारिकता करने पर गभीर परिणाम आ सकते है। वही अब नागरिकों को भी समझना होगा कि चमचमाती कार से ज्यादा कीमती प्यास बुझाता पानी है। पानी की बर्बादी को रोकना अब केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। याद रखें, नल से गिरती हर बूंद हमारे आने वाले कल की प्यास है।

जहाँ एक ओर धरती का सीना चीरने के बाद भी पानी की एक बूंद मयस्सर नहीं हो रही, वहीं दूसरी ओर हमारे शहर की सड़कों पर लापरवाही का सैलाब बह रहा है। गिरता भूजल स्तर आज एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक भयावह हकीकत बन चुका है। लेकिन विडंबना देखिए कि इसी शहर के रिहायशी इलाकों और मुख्य सड़कों पर बने अवैध गैरेज और सर्विस सेंटर बेखौफ होकर पानी की बर्बादी कर रहे हैं। पानी की किल्लत से बचने के लिए वर्षा ऋतु में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने पालिका को सक्रिय होना होगा। सरकारी दफ्तरों में ही आदेश का पालन नहीं हो पाता अनेक कार्यालयो मे, वाटर हार्वेस्टिंग लगाया गया पर काम का नहीं लापरवाही पालिका, जिला अस्पताल, कलेक्टोरेट सहित अन्य आफिसों में हार्वेस्टिंग सिस्टम सिर्फदिखावे के लिए आर ई एस सहित अनेक शासकीय भवन मे नजर ही नही आता इस गहराते जल संकट को लेकर प्रदेश सरकार को अब पानी कानून लाना पड़ रहा है क्योंकि पानी बचाने कराए जा रहे प्रयास फेल हो रहे हैं। पानी बचाने जारी सरकारी आदेश उन्हीं कार्यालयों में दम तोड़ रहे हैं, जिन पर पानी बचाने लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी है मगर वे खुद ही गंभीर नहीं है। जिला मुख्यालय में संचालित

सरकारी कार्यालयों में बरसाती पानी को बचाने बनाए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कहीं चालू नहीं है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थिति यह है की नगरपालिका, जिला अस्पताल, कलेक्टोरेट परिसर, आर ई एस में जाकर स्थिति देखी जहां बरसाती पानी को जमीन तक ले जाने वाली पाइप कई हिस्सों में बंटी और टूटी-फूटी कचरों के बीच मिली। स्थिति बता रही है कि जिम्मेदारों ने कहीं इस ओर झांक कर नहीं देखा होगा तभी ऐसी स्थिति है। और कई कार्यालयो मे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया ही नही गया है।

शुल्क लेकर भी नहीं बना रहे सिस्टम 55 वर्ग प्रति एनओसी देते हुए पालिका भू स्वामी से 55 रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से इसके लिए शुल्क लेती है। अधिकतम 15 हजार रुपए सिस्टम बनवाने के लिए राशि जमा कराई जाती है जिम्मेदार ही लापरवाह तो निजी घरों में कैसे बने सिस्टम. वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की जिम्मेदारी नगरीय निकायों को मिली है। भवन अनुज्ञा देने के बाद एक निश्चित राशि इसके लिए जमा कराई जाती है। भवन में सिस्टम बनवाने के बाद यह राशि भू स्वामी को वापस कर दी जाती है मगर जिला मुख्यालय में नपा अफसरों ने इस दिशा में लापरवाही ही बरती। शहर के पुराने घरों को छोड़ दे तो पांच साल के दौरान बनने वाले नए मकानों में बरसाती पानी को बचाने यह सिस्टम बनाया गया। जिले का जल स्तर 100 फीट नीचे, शहर में स्थिति और खराब टैंकर दिन रात पहुंचा रहे वाडों में पानी जिला अस्पताल में टूट कर गिरी वाटर हार्वेस्टिंग की पाइप। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थिति जिला अस्पताल जिला अस्पताल में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर जिम्मेदार भूल चुके हैं। भवन में लगाई गई पाइप चार से पांच हिस्सों से टूटकर कचरों के बीच पड़ी है। लापरवाही बन रही जल संकट की वजह- कलेक्टोरेट परिसर के पीछे लगाई गई वाटर हार्वेस्टिंग की पाइप टूटी पड़ी मिली। कुछ भवन में ही टूटकर अटके पड़े हैं। पानी बचाने को लेकर न तो सरकारी अफसर गंभीर है न आम आदमी जागरूक। यह लापरवाही ही शहर के लिए जल संकट बनकर उभरी है। पीएचई के अफसरों ने अनुसार इस बार मार्च में भी भू-जल स्तर 60 से 90 फीट नीचे जा चुका है।

सड़कों पर बहता पानी, सूखे कंठ की कहानी

शहर के लगभग हर दूसरे मोड़ पर चल रहे कार और बाइक वॉशिंग सेंटर आज जल संकट के सबसे बड़े मुजरिम बनकर उभर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक, एक कार को धोने में औसतन 100 से 150 लीटर साफपानी खर्च हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि इसमें से अधिकांश जगहों पर शुद्ध पेयजल या बोरवेल के पानी का अंधाधुंध इस्तेमाल हो रहा है। गैरेज की मनमानी: सड़कों पर गाड़ियां खड़ी कर उन्हें प्रेशर पंप से धोया जा रहा है, जिससे न केवल पानी बर्बाद हो रहा है, बल्कि सड़कों पर जलजमाव से राहगीरों को भी परेशानी हो रही है।' प्रशासन की चुप्पी नियमों के मुताबिक वॉटर रीसाइक्लिंग प्लांट अनिवार्य होने के बावजूद, अधिकांश केंद्रों पर पानी सीधे नालियों में बहा दिया जाता है। भविष्य की पीढ़ी का हिस्सा आज सड़कों पर गाड़ियां धोने में बहा रहे हैं। अगर आज हम नहीं जागे, तो कल पैसा होने के बावजूद पीने को पानी नहीं मिलेगा।
समाधान की राह: अब क्या?-सिर्फ कोसने से हल नहीं निकलेगा व्यवस्था और व्यवहार दोनों में बदलाव की जरूरत है: ड्राई वॉश तकनीक: गैरेज संचालकों को पानी के बजाय स्टीम या ड्राई वॉश को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। जुर्माना: सड़कों पर पानी बहाने वाले कमर्शियल केंद्रों पर नगर पालिका द्वारा भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

जनदर्शन में एडीएम ने मौके पर सुनी समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में 145 से अधिक नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी और विभागवार अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम छटन के केजाराम साहू ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, ग्राम झोंका के मनीष ने राशन कार्ड से नाम कटवाने, ग्राम बरमपुर के कीर्तन कुर्रे ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, नगर पालिका क्षेत्र के संजू जायसवाल ने आधार कार्ड में नाम संशोधन कराने, तेलियापुरान के जयकुमार साहू ने पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने तथा ग्राम जगताकापा की दुखनी ने जमीन सीमांकन की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम झोंका की रिंकी ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कोदवाबानी के राजकुमार ने नाली निर्माण, ग्राम भुरका के संजय नट ने जाति प्रमाण पत्र जारी कराने, ग्राम कुआंगांव के पुनीतराम ने खेत से ट्रांसफार्मर हटाकर अन्य स्थान पर स्थापित कराने तथा ग्राम अमोरा के ग्रामीणों ने नल-जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग रखी।

मौन रैली निकालकर जैन समाज ने जताई चिंता

मुंगेली/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के रीवा शहर में जैन साध्वियों के साथ दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। इस हादसे में आर्यिका श्री 105 श्रुतमति माताजी और आर्यिका श्री उपशममति माताजी का दुखद समाधिमरण हो गया था। समाज से अनूप जैन ने बताया कि गुरुदेव प्रमाण सागर महाराज एवं सुधा सागर महाराज के निर्देशानुसार पूरे देश में कल देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के सभी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्देश हुआ था। पूरे देश के जैन समाज ने स्पष्ट लिखित में समाज ने अपनी मांग

रखी है कि जैन गुरुओं की सुरक्षा हेतु सरकार वचनबद्ध हो एवं सुरक्षा हेतु कुछ विशेष कदम उठाएं। जिसमें अहिंसा मार्ग में चलने वाले जैन साधु एवं साध्वी की सुरक्षा हो सके। इसी क्रम में मुंगेली शहर से पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग ने मौन रैली निकालते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्टर परिसर पहुंचकर एडीएम निष्ठा पांडे तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

दरिमा शराब दुकान हटाने की मांग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विगत दिनों दरिमा क्षेत्र के ग्रामीणों एवं महिलाओं ने जिला कलेक्टरेट पहुंचकर कलेक्टर सरगुजा से अंग्रेजी शराब दुकान हटाने मांग प्रस्तुत की थी। जिला प्रशासन ने मांग को गम्भीरता से लेते हुए नियमानुसार परीक्षण पश्चात आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रशासन द्वारा कहा गया था कि राज्य शासन की विभिन्न योजनाएं एवं नीतियां अलग-अलग विभागों के माध्यम से संचालित होती हैं तथा प्राप्त आवेदन एवं मांगों पर नियमानुसार प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाती है। मांग के आधार पर नियमानुसार परीक्षण कर शराब दुकान हटाने की कार्रवाई की जाएगी।कुछ मीडिया माध्यमों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिलाओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है। खबर में बताया गया है कि दरिमा क्षेत्र में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को लेकर प्रशासन द्वारा महिलाओं से चर्चा के दौरान 'महतारी वंदन योजना' को शराब दुकान संचालन से जोड़ा गया। यह जानकारी पूर्णतः भ्रामक, तथ्यहीन एवं गलत है, दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत को तोड़-मडोरकर पेश किया गया है।

जिले में 36 परीक्षा केंद्र बनाए, 11841 अभ्यर्थी होंगे शामिल

04 जून को होगी प्री. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन 4 जून को किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह परीक्षा जिले के कुल 36 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी, जिसमें 11 हजार 841 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है।व्यापमं द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया की जाएगी। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले यानी सुबह 9:30 बजे परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।परीक्षार्थियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा, ताकि अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद उन्हें अनुमति दी जा सके।परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सख्ती बरती जाएगी। अभ्यर्थियों को केवल चप्पल पहनकर आने की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित रहेगा। इसके अलावा मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, पर्स, बेल्ट, पाउच, स्कार्फ, टोपी तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। व्यापमं ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पेज 1 का शेष...

मुंगेली की बौद्धिक पहचान...

प्रेरणा होती है, यदि इसका जीर्णोद्धार किया जाए, तो यह युवाओं के लिए एक शानदार स्टडी सेंटर या डिजिटल लाइब्रेरी बन सकता है। अगले वर्ष यह वाचनालय अपने 100 वर्ष (शताब्दी वर्ष) पूरे कर लेगा। ऐसे में इसका जीर्णोद्धार प्रशासन के लिए एक बेहतरीन अवसर हो सकता है।

गर्मी से बेहाल देश, पीएम...

इसके साथ ही, पीएम मोदी ने उन नागरिकों और दुकानदारों की दिल से सराहना की, जो इस भीषण गर्मी में अपने घरों और दुकानों के बाहर मटके, प्याऊ या पानी के टैंकरों की व्यवस्था कर रहे हैं ताकि राहगीर और जरूरतमंद अपनी प्यास बुझा सकें।

भीषण गर्मी में सतर्कता-संवेदनशीलता...

हुए कहा कि छोटी-सी सावधानी स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभा सकती है।

उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो घर, दुकान, कार्यालय अथवा सार्वजनिक स्थानों के आसपास राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था अवश्य की जाए, क्योंकि संवेदना का यह छोटा प्रयास किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए राहत और संबल बन सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील होने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि घर, आंगन, छत, दुकान अथवा आसपास पानी का एक छोटा पात्र रखने जैसी छोटी पहल इस भीषण गर्मी में किसी जीव के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह समय सेवा, संवेदना, सजगता और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत करने का है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी एक-दूसरे का संबल बनें और मानवता के इस दायित्व को मिलकर निभाएं।

तेंदूपत्ता अग्निकांड पर वन...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई को शासन का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि वनवासियों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वन मंत्री केदार कश्यप ने दो टूक कहा कि तेंदूपत्ता केवल वन उपज नहीं, बल्कि हजारों आदिवासी और वनवासी परिवारों की आजीविका का आधार है। उनकी मेहनत और अधिकारों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इस मामले में किसी भी स्तर की लापरवाही को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही मंत्री कश्यप ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक लेकर पूरे मामले की तत्काल जांच के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, समयबद्ध और तथ्यात्मक होनी चाहिए।

मारपीट का केस रफा-दफा...

मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

सरकंडा थाने में पदस्थ था हेड कॉन्स्टेबल

जानकारी के मुताबिक, रिश्वत मांगने वाले हेड कॉन्स्टेबल शोभित कैवर्त्य सरकंडा थाने में पदस्थ था। उसे मारपीट केस की जांच सौंपी गई थी। आरोप है कि हेड कॉन्स्टेबल ने आरोपियों को पकड़कर थाने में बैठाया और फिर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजने की धमकी देकर पैसों की मांग की।

एसआईआर अवैध नहीं, आयोग...

असम में स्पेशल रिवीजन (एसआर) हुआ। बिहार एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं से ही मामला सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। कुल कितनी याचिकाएं थीं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

छत्तीसगढ़ में बकरीद पर सख्ती...

शिफ्ट में नमाज पढ़ें जाएंगे। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने भी स्पष्ट किया कि पिछले साल से ही नमाज शिफ्ट में अदा की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नियम तोड़ने पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, रायगढ़ में ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरी तैयारी कर ली है। कुर्बानी के एक से डेढ़ लाख रुपए तक के बकरे खरीदे गए हैं। पंजाब, ओडिशा समेत आसपास के जिलों से भी बकरे मंगाए गए हैं।

एअर इंडिया हफ्ते में घटाएगी...

चार सबसे बड़ी एयरलाइंस के ऑपरेशन्स में पिछले साल की तुलना में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस दौरान इंडिगो ने 4.5 प्रतिशत और एअर इंडिया ने 7.5 प्रतिशत कम उड़ानें संचालित कीं। एअर इंडिया की बजट एयरलाइन 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' में सबसे ज्यादा 17.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

बढ़ते किराए से यात्रियों की संख्या पर असर: ऑपरेटिंग कॉस्ट बढ़ने से एयरलाइंस ने इसका बोझ यात्रियों पर डाल दिया है, जिससे हवाई किराए महंगे हो गए हैं। किराए बढ़ने से घरेलू हवाई यात्रा की डिमांड में भी कमी आई है। भारत में अभी इंडिगो और एअर इंडिया का दबदबा है। इनका घरेलू मार्केट शेयर करीब 90 प्रतिशत है। इस बीच, अकासा एयर छोटे बेड़े के बावजूद तेजी से विस्तार की कोशिश कर रही है।

विजयन समर्थकों का ईडी...

को लेकर विजयन ने कहा- काफी समय से ईडी मेरे घर की तलाशी लेना चाहती थी।

छत्तीसगढ़ में बदलेगा मौसम का मिजाज, आंधी-हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान से परेशान छत्तीसगढ़वासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 28 मई से मौसम के अचानक बदलने की संभावना जताई है।

विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश होने के आसार हैं। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्सों में इसका सबसे अधिक असर देखने को मिलेगा। बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, रायगढ़ और जशपुर सहित कई जिलों में तेज हवाएं चल सकती हैं। हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। इसके साथ ही बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं।पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में तापमान लगातार 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा था। गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी थी। ऐसे में मौसम में आने वाला यह बदलाव आम जनता के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के बाद तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने किसानों के लिए भी सलाह जारी की है। विभाग ने कहा है कि तेज आंधी और बारिश को देखते हुए किसान अपनी फसलों और कृषि उपकरणों को सुरक्षित स्थानों पर रखें।

इन जिलों में ज्यादा असर

मौसम विभाग के अनुसार बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जशपुर, कोरबा और रायगढ़ जिलों में मौसम का असर अधिक देखने को मिलेगा। इन क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश की संभावना है। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। विभाग ने यलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम खराब होने के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। ग्रामीण इलाकों में बिजली गिरने का खतरा अधिक रहने की संभावना जताई गई है।

तापमान में आएगी भारी गिरावट

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम बदलने से तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश के बाद अधिकतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक कम हो सकता है। इससे लोगों को गर्म हवाओं और उमस से राहत मिलेगी। पिछले कई दिनों से प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान 44 डिग्री के आसपास बना हुआ था। मौसम में ठंडक आने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह बदलाव फायदेमंद माना जा रहा है।

किसानों और आम लोगों के लिए सलाह

मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि तेज हवा और बारिश को देखते हुए किसान अपनी फसल, भूसा और कृषि उपकरण सुरक्षित स्थानों पर रखें। खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। बिजली चमकने के समय मोबाइल का उपयोग खुले स्थानों पर न करें। वहीं वाहन चालकों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने आपात स्थिति में स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है।

न्यूज गैलरी

सड़क हादसा में एडिशनल एसपी के चाचा की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के तखतपुर नगर के मुख्य मार्ग बेलसरी नाका के पास मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एडिशनल एसपी के चाचा की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार सवारी बस और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में ग्राम लीदरी निवासी बृजराज उर्फ गोविंद महादेवा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बृजकिशोर महादेवा (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह रोजाना की तरह अपने काम के सिलसिले में बाइक से तखतपुर आ रहे थे। जैसे ही वह बेलसरी नाका के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही श्री साई ट्रैवल्स की तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 10 जी 1167 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराने के लिए सड़क खाली कराई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बस को भी जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में बस चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

हाई कोर्ट ने शासन को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने छूट दी

महामाया पहाड़ व डबरीपानी संरक्षित वन भूमि में बेजा कब्जा करने वालों को अंतरिम राहत नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच ने सरगुजा के महामाया पहाड़ और डबरीपानी संरक्षित वन भूमि पर बेजा कब्जा करने वालों की अंतरिम राहत आवेदन को खारिज कर दिया है। आवेदन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को निर्धारित कि गई है।

सरगुजा के महामाया पहाड़ और डबरी पानी रिजर्व फोरेस्ट इलाके में रशीदा खातून व अन्य कई सालों से बेजा कब्जा कर मकान बनाकर रह रहे हैं। राजस्व विभाग व वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में एक सप्ताह का समय दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ने हाईकोर्ट में कार्रवाई पर रोक लगाने अर्जेंट हिरिंग आवेदन दिया था। याचिका में कहा कि पिटीशनर्स को 17 मार्च 2026 को नोटिस जारी होने की तारीख से 7 दिनों के अंदर उस ज़मीन से अपना कब्ज़ा हटाने का निर्देश दिया गया है, ऐसा न करने पर, रेस्पोंडेंट अथॉरिटीज़ पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन की मदद से पिटीशनर्स का कब्ज़ा हटवा देंगी।



मालिकाना हक साबित करने में नाकाम

पिटीशनर्स के वकील का कहना है कि पिटीशनर्स का उस ज़मीन पर 15-20 साल से कब्ज़ा है, लेकिन, डिवीजन फ़ॉरेस्ट ऑफ़िसर ने 25 जनवरी 2025 को पिटीशनर्स के फाइल किए गए ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स की ठीक से जांच किए बिना एक ऑर्डर पास किया है जिसमें कहा गया है कि पिटीशनर्स अपने जमा किए गए डॉक्यूमेंट्स के आधार पर उस फॉरेस्ट ज़मीन पर अपना अधिकार और मालिकाना हक साबित करने में नाकाम रहे हैं।

बिना रिहैबिलिटेशन बेदखली गलत

पिटीशनर्स के वकील का कहना है कि पिटीशनर्स ने उस ज़मीन पर अपना सुपरस्ट्रक्चर बनाया है और पिछले 15-20 सालों से वहीं रह रहे हैं और बिना किसी रिहैबिलिटेशन स्कीम के, पिटीशनर्स को उस ज़मीन से बेदखल करना गलत होगा। शासन के वकील का कहना है कि उस फ़ॉरेस्ट ज़मीन के संबंध में पिटीशनर्स के पक्ष में कोई अलॉटमेंट नहीं हुआ है। पिटीशनर्स ने जंगल की ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है और उन्हें बेदखल करने का ऑर्डर सही तरीके से पास किया गया है डॉक्यूमेंट्स पेश करने में नाकाम जस्टिस एन के व्यास की वेकेशन बेंच ने कहा कि,हमने मामले के फैक्ट्स और हालात देखे,पिटीशनर भी रेस्पोंडेंट अथॉरिटीज़ के सामने कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट्स पेश करने में नाकाम रहे हैं जिससे यह साबित हो सके कि, उस जंगल की ज़मीन पर उनका हक और मालिकाना हक है, इन सभी मामलों में पिटीशनर्स के पक्ष में कोई अंतरिम राहत देने के लिए कोर्ट तैयार नहीं है इसलिए, अंतरिम राहत देने की एप्लीकेशन खारिज की जाती है। रेस्पोंडेंट अथॉरिटीज़ इस मामले में कानून के मुताबिक आगे बढ़ेंगी। इन मामलों पर विचार करने की ज़रूरत है, इसलिए इन मामलों को आगे की सुनवाई के लिए 13 जुलाई, 2026 को लिस्ट किया जाता है। उल्लेखनीय है कि वन भूमि में 157 परिवार ने अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया है।

प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने की अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

पेंड्रा में सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या का मामला

पेंड्रा/नवप्रदेश। जीपीएम जिले के कोटमी बाजार में सराफा व्यापारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या और लाखों के जेवरात लूट की घटना से पूरे प्रदेश के व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी आईजी के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि खुले बाजार में इस प्रकार की जघन्य वारदात कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। घटना के बाद श्री सोनी मृतक सराफा कारोबारी प्रदीप सोनी उर्फ पप्पू के परिजनों से भी मिले और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सराफा व्यापारियों को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए। गौरतलब है कि मंगलवार शाम पेंड्रा-मरवाही मुख्य मार्ग स्थित कोटमी साप्ताहिक बाजार में हथियारबंद तीन नकाबपोश बदमाश बाइक से पहुंचे और सराफा कारोबारी प्रदीप सोनी की दुकान पर धावा बोल दिया। बदमाशों ने जेवरातों से भरी पेटी लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने व्यापारी की छाती में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी सोने-चांदी के जेवरों से भरी पेटी लेकर फरार हो गए।

केन्द्रीय मंत्री तोखन ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी से की सौजन्य मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली में माननीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से सौजन्य मुलाक़ात की। इस दौरान दोनों नेताओं के मध्य विभिन्न समसामयिक, विकासोन्मुख एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

बैठक में देश में औद्योगिक विकास, सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका, आत्मनिर्भर भारत अभियान, आधुनिक अधोसंरचना निर्माण एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्र प्रथम, अंत्योदय एवं सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर आधारित है, जिसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। तोखन साहू ने कहा कि एच.डी. कुमारस्वामी के अनुभव, प्रशासनिक दृष्टि एवं विकास संबंधी विचारों से अनेक विषयों पर नई प्रेरणा एवं सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

ढाबा में मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ढाबा में मारपीट करने वाले आरोपी को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। ढाबा संचालक एवं आरोपी का सहयोग करने थाना आने वाले के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। आरोपी के खिलाफ धारा- 296, 351(3) 115(2), 191(2) 324 (4) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार हर्ष पटेल पिता लखन सिंह पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी तारबाहर चौक शीतला मंदिर के पास थाना तारबाहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 मई वह अपने साथी आदित्य साहू एवं आदित्य मुदलियार के साथ भवानी ढाबा खाना खाने गए थे, खाना खाने के बाद वहां से जाने वाले थे उसी समय एक व्यक्ति आदित्य साहू को अनवाश्यक गाली गलौच करने लगा जिसे मना करने पर आरोपी सुमीत यादव अपने अन्य 6-7 साथियो गंदी गंदी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडा, पाईप व पत्थर से मारने लगें, आरोपी सुमित यादव द्वारा प्रार्थी के मोबाईल का पटक कर तोड दिया।

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी गरियाबंद/वि.स.क्षे. गरियाबंद/54-02/2026-27/1354 रायपुर, दिनांक 26/05/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद जिला गरियाबंद अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 15.06.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 23.06.2026

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर. विवरण
1	जिला गरियाबंद वि.खं. गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबाहरा में पानी टंकी के पास शेड निर्माण एवं ग्राम पंचायत मालगांव के वार्ड क्र. 08 एवं 13 में, ग्राम पंचायत गरियाबंद में वार्ड क्र. 07, 08 एवं 15 में, वि.खं. मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरजीभाठा में, वि.खं. छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डुका में, ग्राम पंचायत पिपराही के ग्राम बोरियाझर में, ग्राम पंचायत घटकर्रा में रंगमंच के पास, ग्राम पंचायत नवापारा के ग्राम भैरा में शीतला मंदिर के पास, ग्राम पंचायत छुरा में वार्ड क्र. 04 एवं 11 में, ग्राम पंचायत आमदी में सभी स्थानों में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत बोडराबांधा के ग्राम आसरा में रंगमंच निर्माण कार्य। **(द्वितीय आमंत्रण)**	143.09	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभाशील एस.ओ.आर.पर।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद
जिला गरियाबंद

संवाद- 47943/2

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद
जिला गरियाबंद

OFFICE OF THE SUPERINDENDING ENGINEER (PROJECT) CIRCLE BILASPUR
C.S.P.D.C.L. BILASPUR

NO. SE (PROJECT)/ BSP/Tender Notice/ PAPER PRAKASHAN/400 BILASPUR, DT. 25-05-2026

NOTICE INVITING E- TENDER

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible electrical contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following work

No	Tender No.	RFX No.	Particulars of Work's	Tender Amount (in RS.)	Tender Fee (on line)	Completion (excuding Rainy Seasion)	Time Due Date of Submission
1	SE/PRO./ BSP/T- 83 13/05/2026	8100051492	Estimate for external electrification at new composite building u/n. Saranggarh (T) DC O&m Dn. SARANGGARH.	8791874/-	2000/-	60 days	03.00pm on 02/06/2026
2	SE/PRO./ BSP/T- 84 13/05/2026	8100051511	Estimate for providing 01 nos. 25 kva 11/0.4 kv Addl. X'mer at village Laxmipur U/n. Saranggarh (R) DC O&m Dn. SARANGGARH.	1234681/-	2000/-	60 days	03.00pm on 02/06/2026
3	SE/PRO./ BSP/T- 82 13/05/2026	8100051487	Estimate for shifting of existing 11 kv line at village Kurudih (applied by GM (M) S/ Area Manager Manikpur ocp sub area u/n Bhaisma DC O&M Dn. Korba.	1538355/-	2000/-	60 days	03.00pm on 02/06/2026
4	SE/PRO./ BSP/T- 81 12/05/2026	8100051477	Estimate for providing of 04 nos. 11 kv VCB at 33/11 kv S/s. Kunkuri Ranpur & patratali U/n. O&m Dn. Kunkuri.	664609/-	2000/-	60 days	03.00pm on 01/06/2026
5	SE/PRO./ BSP/T- 85 14/05/2026	8100051546	Estimate for external electrification of mohalla ward no. 35 u/n Podimar Zone U/n. City Dn. Korba.	595888/-	2000/-	60 days	03.00pm on 03/06/2026
6	SE/PRO./ BSP/T- 86 14/05/2026	8100051552	Estimate for Augmentation LT Line &Mid Span pole bare conductor to 3 ph. 5 w 50 sqr. mm 1 core cable mohlla w.no. 51 u/n Darri Zone U/n. City Dn. Korba.	556040/-	2000/-	60 days	03.00pm on 03/06/2026
7	SE/PRO./ BSP/T- 87 14/05/2026	8100051557	Estimate for external electrification of mohalla ward no. 22 u/n Pondi mar Zone U/n. City Dn. Korba.	620970/-	2000/-	60 days	03.00pm on 03/06/2026
8	SE/PRO./ BSP/T- 88 14/05/2026	8100051571	Estimate for external electrification of mohalla ward no. 14 u/n Tulsi Nagar Zone U/n. City Dn. Korba.	650854/-	2000/-	60 days	03.00pm on 03/06/2026
9	SE/PRO./ BSP/T- 89 18/05/2026	8100051653	Estimate for external electrification of mohalla ward no. 08 at Various location u/n Tulsi Nagar Zone U/n. City Dn. Korba.	655573-	2000/-	60 days	03.00pm on 08/06/2026
10	SE/PRO./ BSP/T- 90 18/05/2026	8100051661	Estimate for external electrification of mohalla ward no. 62 at Various location u/n Darri Zone U/n. City Dn. Korba.	511708/-	2000/-	60 days	03.00pm on 08/06/2026
11	SE/PRO./ BSP/T-77 08/ 05/2026	8100051396	Estimate for p/s 11 nos.13 HP Irrigation TW Connection at Various Villages U/n. Birra DC U/n. O&M Dn. Champa.	464986/-	2000/ -	60 days	03.00pm on 28/05/2026

Terms & Conditions:-1.Bids will be opened at 3.30pm and onward on the same day of submission.The details available in web site www.cspc.co.in → CSPDCL→ PROJECT may be downloaded and should be submitted. 2.CSPDCL reserves the right to reject or cancel any or all the bids without assigning any reason thereof.3.Corrigendum, if any will be published only on website www.cspc.co.in→ CSPDCL→O&M and notice board.4.For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672 EITC (CSPDCL). tenders.cspdcl@co.in)

V.K.TIWARI (91519200)
SAVE ELECTRICITY S-47942/2 Superintending Engineer (Project)Circle, C.S.P.D.C.L., Bilaspur

डिलिस्टिंग की मांग पर दिल्ली में जनजातीय हुंकार, देशभर से डेढ़ लाख लोगों का सांस्कृतिक समागम

- **बस्तर से 1441 कार्यकर्ताओं ने टिकट लेकर की दिल्ली तक यात्रा, जनजातीय अस्मिता और अधिकारों की उठी आवाज**
- **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में डिलिस्टिंग मुद्दे पर जनजाति सुरक्षा मंच ने रखा पक्ष**

जगदलपुर/नवप्रदेश। देशभर में जनजातीय अस्मिता,सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक अधिकारों को लेकर 24 मई को राजधानी दिल्ली में आयोजित विशाल सांस्कृतिक समागम में जनजाति समाज की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। जनजाति सुरक्षा मंच के अनुसार,पूरे देश से करीब डेढ़ लाख जनजातीय समाज के लोग डिलिस्टिंग की मांग को लेकर इस सांस्कृतिक समागम में शामिल हुए। कार्यक्रम में बस्तर जिले से 1441 जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने विधिवत टिकट लेकर समर स्पेशल ट्रेन के माध्यम से दिल्ली की यात्रा कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

जिला पत्रकार कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम किसी आंदोलन या विरोध प्रदर्शन का हिस्सा नहीं था,बल्कि यह देशभर के 705 जनजातीय समुदायों के सांस्कृतिक समागम और जनजातीय हितों से जुड़ी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से रखने का मंच था। उन्होंने कहा कि बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 10 हजार कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई और सभी कार्यकर्ता अपने व्यक्तिगत खर्च पर दिल्ली पहुंचे। इसके लिए प्रत्येक प्रतिभागी से डेढ़ हजार रुपये का पंजीयन शुल्क लिया गया था तथा यात्रा और कार्यक्रम के संचालन में किसी संस्था, संगठन अथवा अन्य स्रोत से आर्थिक सहयोग नहीं लिया गया।

संविधान की धारा 342 में संशोधन न हो

जनजाति सुरक्षा मंच ने मीडिया को जानकारी में बताया कि पूरे देश के जनजाति समुदाय से जुड़े लोगों की एक प्रमुख मांग संविधान की धारा 342 में संशोधन नहीं किए जाने को लेकर थी। मंच का कहना है कि जो व्यक्ति जनजाति समाज से दूसरे सम्प्रदाय या पंथ में सम्मलित हो गए हैं,उन्हें जनजाति वर्ग का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस आशय का एक ज्ञापन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को सौंपा गया। मंच के अनुसार,उन्होंने आश्वस्त किया कि जनजातीय समाज की संस्कृति, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार ठोस कदम उठाने का प्रयास करेगी।

प्रेसवार्ता में यह भी बताया गया कि दिल्ली में आयोजित जनजातीय समागम और शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ की टोली को विशेष महत्व देते हुए प्रथम पंक्ति में स्थान दिया गया। कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति,परंपरा और अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने को मंच ने जनजातीय मुद्दों के प्रति गंभीरता का संकेत बताया और कहा कि इससे समाज के भीतर सकारात्मक संदेश गया। अमित शाह जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यक्रम में सम्मलित हुए। उक्त जानकारी जनजाति सुरक्षा मंच के केंद्रीय टोली प्रमुख एवं प्रांतीय सयोंजक गोरखनाथ पटेल ने दी। जिला सयोंजक रामनाथ बघेल ने कहा कि दिल्ली में ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ तथा समागम शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ की टोली को प्रथम पंक्ति में रखा गया। प्रेसवार्ता में महादेव नाग व अन्य सम्मलित थे।

सिर पर पत्थर से वार कर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

जगदलपुर/नवप्रदेश। हत्या के एक गंभीर मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को कठोर दंड सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। जैतगिरी गांव में पत्थर से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले आरोपी को अदालत ने दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत सजा सुनाई। अदालत के फैसले के बाद यह स्पष्ट संदेश गया है कि जानलेवा हमलों और हत्या जैसे गंभीर अपराधों पर न्यायालय सख्त रुख अपनाने से पीछे नहीं हट रहा है। घटना 18 अप्रैल 2024 की बताई गई है, जब जैतगिरी गांव के आवासपारा क्षेत्र में आरोपी ने राजेश कश्यप पर पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। हमले में सिर पर कई गंभीर चोटें पहुंचीं, वहीं बाएं कान के पीछे, कंधे, बांह और गले के पास भी गंभीर जख्म आए थे। गंभीर चोटों के कारण पीड़ित की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों और अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विचार करने के बाद अदालत ने माना कि आरोपी ने हत्या करने के आशय और जानकारी के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में अदालत ने आरोपी पर 100 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। यह फैसला हत्या जैसे जघन्य अपराधों के विरुद्ध सख्त न्यायिक कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गांजा बेचते महिला गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही बस्तर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा बिक्री में संलिप्त महिला को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली पुलिस ने

कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला के कब्जे से लगभग 617 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा बिक्री से प्राप्त नकदी 1,250 रुपये जब्त किए हैं। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिले में नशे एवं आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने वाली महिला के खिलाफसख्त कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि डोंगाघाट क्षेत्र की एक महिला अपने घर के समीप झाड़ियों में प्लास्टिक की पारदर्शी झिल्ली में गांजा रखकर बिक्री कर रही है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी. धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में महिला पुलिस बल सहित विशेष टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया।

स्वच्छता समिति और जलवाहिनी ने बदली मरकापाल की तस्वीर

जगदलपुर/नवप्रदेश। विकासखंड तोकापाल के ग्राम पंचायत घाटधनोरा के आश्रित ग्राम मरकापाल में जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर एक सकारात्मक बदलाव की मिसाल देखने को मिल रही है। कभी पानी की कमी से जूझने वाला यह छोटा गांव अब ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति और महिला जलवाहिनी की सक्रिय सहभागिता से स्वच्छता, जल संरक्षण और नियमित पेयजल आपूर्ति की दिशा में नई पहचान बना रहा है। ग्रामीणों में पानी को सहेजने और उसकी बर्बादी रोकने की सोच ने गांव की तस्वीर बदल दी है, जिससे अब मरकापाल आत्मनिर्भरता और जागरूकता का उदाहरण बनकर उभर रहा है। करीब 220 की आबादी वाले इस गांव में एक समय ऐसा था जब पेयजल के लिए ग्रामीणों को हैंडपंपों और दूरस्थ स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी लाना महिलाओं और परिवारों के लिए बेहद कठिन और थकान भरा कार्य था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत गांव में चार हैंडपंपों के साथ एक पृथक जल स्रोत विकसित किया गया तथा 10 हजार लीटर क्षमता की टंकी से मोटर पंप के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था शुरू की गई। गांव में बिछाए गए पाइपलाइन नेटवर्क ने अब हर घरक्षमता की टंकी से मोटर पंप के माध्यम से शुरू की गई।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरुकता की अलख, नुक्कड़ नाटक से शहर में गूंजेगा संदेश

जगदलपुर/ नवप्रदेश। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर 28 मई को शहर में जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया जाएगा। निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन की पहल पर महिलाओं और युवतियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली,नुक्कड़ नाटक,स्किट शो और सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में माहवारी को लेकर व्याप्त भ्रांतियों,झिझक और चुप्पी को समाप्त कर स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। आयोजकों के अनुसार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक महारानी अस्पताल स्थित नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां नर्सों और चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा स्किट शो और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इसके बाद जागरूकता रैली शहर के संजय मार्केट,मिताली चौक,दंतेश्वरी मंदिर,गोल बाजार चौक,मेन रोड और चांदनी चौक से होते हुए पुनःमहारानी अस्पताल पहुंचकर संपन्न होगी।

घर बैठे मिल रहीं 441 से अधिक लोक सेवाएं, सुदूर वनांचल तक पहुंची डिजिटल शासन व्यवस्था, प्रमाण-पत्रों से भू-नकल तक आसान हुई प्रक्रिया

सेवा सेतु बना बस्तरवासियों का डिजिटल सहारा

- **96 सेवा सेतु केंद्रों से बदली प्रशासनिक तस्वीर,समय-सीमा में मिल रहीं सुविधाएं**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में प्रशासनिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-सुलभ बनाने की दिशा में राज्य शासन की डिजिटल पहल 'सेवा सेतु' तेजी से आम लोगों के जीवन को आसान बना रही है। सुदूर वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए यह व्यवस्था अब किसी राहत से कम नहीं है, जहां पहले छोटे-छोटे प्रमाण-पत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब लोग घर बैठे या नजदीकी केंद्रों के माध्यम से सैकड़ों सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रारंभ इस पहल के तहत पुराने लोक सेवा केंद्रों को उन्नत कर सेवा सेतु केंद्रों में परिवर्तित किया गया है। 18 मई को शुभारंभ के बाद बस्तर जिले के 96 स्थानों पर ये केंद्र सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं। इस तकनीकी सुधार ने प्रशासनिक प्रक्रिया को न केवल तेज और सुव्यवस्थित बनाया है,बल्कि लोगों के समय,श्रम और धन की भी उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित की है।

पूर्व में संचालित ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म पर जहां केवल 86 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध थीं,वहीं अब सेवा सेतु पोर्टल के जरिए 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एकल मंच पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें 54 नई सेवाओं को जोड़ा गया है तथा विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का सफल एकीकरण किया गया है। वर्तमान में 30 से अधिक विभाग इस सिंगल विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टलों पर भटकना नहीं पड़ रहा और पूरी प्रक्रिया अधिक सरल,पारदर्शी एवं प्रभावी बन गई है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र,विवाह प्रमाण-पत्र,नाम परिवर्तन के लिए साधारण राजपत्र अधिसूचना तथा भूमि संबंधी भू-नकल जैसी मूलभूत सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। प्रत्येक सेवा के लिए निर्धारित समय-सीमा तय होने से लोगों को समय पर दस्तावेज उपलब्ध हो रहे हैं,जबकि इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो आधारित निगरानी प्रणाली ने आवेदन प्रक्रिया को अधिक भरोसेमंद बना दिया है। आधुनिक तकनीक के विस्तार के साथ सेवा सेतु को व्हाट्सएप से भी जोड़ा गया है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिक मोबाइल फोन के जरिए सेवाओं की जानकारी और ऑनलाइन पहुंच प्राप्त कर पा रहे हैं। अब कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और इंटरनेट आधारित सुविधाओं के माध्यम से बस्तर का ग्रामीण समाज तेजी से डिजिटल मुख्यधारा से जुड़ता नजर आ रहा है।

सेवा सेतु से बदली प्रशासनिक पहुंच की तस्वीर

बस्तर जिले में सेवा सेतु केवल एक डिजिटल पोर्टल नहीं,बल्कि शासन और जनता के बीच दूरी कम करने वाला प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। सुदूर गांवों के नागरिकों को अब प्रमाण-पत्रों और जरूरी सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही। एक ही मंच पर सैकड़ों सेवाओं की उपलब्धतासमय-सीमा आधारित निपटारा,ऑनलाइन निगरानी और व्हाट्सएप इंटीग्रेशन जैसी सुविधाओं ने प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक सरल और भरोसेमंद बनाया है। इससे ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के नागरिक भी डिजिटल शासन प्रणाली से सीधे जुड़ते हुए सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त कर रहे हैं।

वन विद्यालय जगदलपुर में 71वें बैच द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

जगदलपुर/नवप्रदेश। वन विद्यालय जगदलपुर में 71वें बैच के प्रशिक्षार्थियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सहायक अनुदेशक श्री राजेंद्र सिंह कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमान देवांगन, एसडीओ सर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वन विद्यालय के प्रशिक्षार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें स्थानीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोण्डागांव के कर्मचारी श्री चंदन सेठिया एवं उनकी टीम द्वारा बस्तर की पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत ÷आमचो सुंदर कोंडागांव÷ गीत रहा, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। इस प्रस्तुति में दुर्ग वृत्त के श्री प्रमोद कुमार धोते जी एवं उनके साथी भी शामिल हुए, जिन्होंने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों ने अपनी प्रतिभा, सांस्कृतिक समझ एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के उद्बोधन एवं प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर भीषण सड़क हादसा

ट्रक से टकराई खाली पिकअप, चालक गंभीर

- **ओवरटेक के प्रयास में अनियंत्रित हुई गाड़ी, पिकअप का अगला हिस्सा चकनाचूर**

जगदलपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर फरसागुड़ा-जूनावाही के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में खाली मुर्गा पिकअप ट्रक से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा उस समय हुआ जब जगदलपुर से केशकाल की ओर लौट रही पिकअप ने आगे चल रहे ट्रक को साइड लेते हुए नियंत्रण खो दिया और पीछे से जा भिड़ी। दुर्घटना इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप जगदलपुर में मुर्गा खाली कर वापस केशकाल लौट रही थी। इसी दौरान हाईवे पर ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में वाहन असंतुलित हो गया और सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा।

हादसे ने फिर खड़े किए सड़क सुरक्षा पर सवाल

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर लगातार हो रहे सड़क हादसे एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही के खतरनाक परिणामों को सामने ला रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरटेक के दौरान सावधानी नहीं बरतने और तेज गति के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सुबह के व्यस्त समय में हुए इस हादसे ने कुछ देर के लिए आवागमन रोक दिया, जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और जल्दबाजी में ओवरटेक से बचने की अपील की है।

दूरस्थ अंचलों के स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं की जांच, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर सख्त नजर, सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

- **टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और कैंसर रोकथाम अभियान की हुई समीक्षा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी तेज कर दी है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और मैदानी अमले की सक्रियता का बारीकी से आकलन करते हुए अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया।

निरीक्षण दल ने बस्तर विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र बालेंगा से भ्रमण की शुरुआत करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडागांव, रोतमा, उप स्वास्थ्य केंद्र भैंसगांव और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोटिया का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में आपातकालीन और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा संचालन व्यवस्था का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान टीबी और मलेरिया नियंत्रण अभियान की प्रगति,गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं की नियमित जांच, टीकाकरण व्यवस्था और मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। किशोरियों को कैंसर से बचाव के लिए लगाए जा रहे एचपीवी वैक्सीन के प्रभावी फॉलोअप और नई हितग्राहियों को जोड़ने के लिए अभिभावकों की काउंसलिंग पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यूविन पोर्टल में शत-प्रतिशत प्रविष्टि, रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ डाटा अपडेट और वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने पाया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य सहायक,स्टाफ नर्स और लैब टेक्नीशियन मौजूद थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सी मैत्री ने निरीक्षण कर संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती पर विशेष फोकस

ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण के दौरान केवल व्यवस्थाओं की जांच ही नहीं की गई, बल्कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जमीनी प्रगति, मातृ-शिशु स्वास्थ्य,टीकाकरण,टीबी-मलेरिया नियंत्रण और कैंसर रोकथाम अभियान की प्रभावशीलता को भी परखा गया। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि दूरस्थ गांवों तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने, समय पर इलाज उपलब्ध कराने और प्रत्येक पात्र हितग्राही तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निगरानी और मैदानी समीक्षा आगे भी जारी रहेगी।

हिमालय में 'टाइम बम' बनी घेपन झील

लाहौल-स्पीति के सिस्सू गांव में रहने वाले लोग अब शांतिपूर्ण पहाड़ी जीवन नहीं जी पा रहे हैं. अटल टनल खुलने के बाद यहां पर्यटकों की भारी भीड़ आ गई है, लेकिन गांव के ठीक ऊपर एक बड़ी समस्या पैदा हो रही है. 4,068 मीटर की ऊंचाई पर बनी घेपन झील हर साल बड़ा होती जा रही है. वैज्ञानिकों को डर है कि अगर यह झील फट गई तो सिस्सू गांव पर बहुत बड़ा खतरा आ सकता है. एकदम 2013 में केदारनाथ में आई आपदा की तरह।

सिस्सू गांव चंद्रा नदी के किनारे बसा है। अटल टनल से निकलते ही यह पहला बड़ा गांव है. कुछ साल पहले तक यहां शांति थी. लोग खेती और पशुपालन करते थे. लेकिन अक्टूबर 2020 में अटल टनल खुलने के बाद रोजाना हजारों गाड़ियां यहां से गुजरती हैं. पीक सीजन में 5000 गाड़ियां तक आती हैं। DTE की रिपोर्ट के मुताबिक नदी किनारे अब बोटिंग, जिपलाइन, ऑफरोड वाहन और पर्यटक गतिविधियां चल रही हैं. गांव में होमस्टे और कैफे खुल गए हैं. लेकिन इस खूबसूरती के पीछे एक बड़ा खतरा छिपा है. गांव से करीब 11 किलोमीटर ऊपर हिमालय की घेपन झील (घेपांग घट) लगातार बढ़ रही है.

झील का आकार तेजी से बढ़ रहा है।

घेपन ग्लेशियर झील है. 1989 में इसका क्षेत्रफल सिर्फ 36.49 हेक्टेयर था. 2022 तक यह बढ़कर 101.30 हेक्टेयर हो गया है - यानी लगभग तीन गुना. वैज्ञानिकों के अनुसार, घेपन ग्लेशियर तेजी से पिघल रहा है. 1962 से अब तक ग्लेशियर 2.76 किलोमीटर पीछे हट चुका है। राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर (NRSC) की रिपोर्ट में साफ चेतावनी दी गई है कि यह झील अतिसंवेदनशील है. अगर झील फटी तो सबसे पहले सिस्सू गांव पर असर पड़ेगा।

महाराष्ट्र में बकरीद पर कुर्बानी विवाद

मुंबई/ए.। महाराष्ट्र में बकरीद के त्योहार से पहले कुर्बानी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मुंबई के घाटकोपर पश्चिम में बुधवार को कुर्बानी के लिए लाए गए बकरों को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने सागर पार्क सोसाइटी का दौरा कर रिहायशी इलाकों में बकरों को बांधे जाने और कुर्बानी की संभावना पर चिंता जताई। किरीट सोमैया ने कहा कि कुर्बानी निश्चित रूप से होगी और होनी भी चाहिए, लेकिन यह केवल नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही की जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी को भी धर्म की आड़ में धार्मिक माफियागिरी फैलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाकों के अंदर कुर्बानी नहीं दी जानी चाहिए। सोमैया ने चेतावनी दी कि अगर किसी भी हाउसिंग सोसाइटी के अंदर बकरी बांधी जाती है, तो नगर आयुक्त को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी जोर दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी नियम का उल्लंघन न हो। किरीट सोमैया ने सवाल उठाया कि बकरी सोसाइटी में कैसे पहुंची और उसे वहां रखने की अनुमति कैसे दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसी ही स्थिति कल मीरा-भयंदर में भी देखी गई थी। उन्होंने कहा कि यह क्षत्रपति शिवाजी महाराज का महाराष्ट्र है। यहां ऐसी कोई माफियागिरी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी का चेयरमैन कोई मुस्लिम माफिया बन जाए, तो उसे कुर्बानी के लिए इजाजत देने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि हाउसिंग सोसाइटी का चेयरमैन उस इमारत की देखभाल और मरम्मत के लिए हो। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा और जो नहीं मानेगा, उसे ठिकाने पर लाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब बकरीद के मद्देनजर कुर्बानी को लेकर कई रिहायशी सोसायटियों में तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। मीरा-भयंदर के पुलिस उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि बकरीद से पहले कुर्बानी के लिए बकरियों को परिसर के अंदर लाए जाने पर मीरा रोड स्थित पूनम क्लस्टर सोसाइटी में विवाद खड़ा हो गया था। चौहान ने बताया कि आपत्तियां उठने के बाद एक बैठक में इस मामले पर चर्चा की गई, जिसके बाद नगर निगम ने कुर्बानी के लिए एक अलग स्थान निर्धारित किया। उन्होंने आगे बताया कि निवासियों ने आपसी सहमति से बकरियों को सोसाइटी से निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई।

शीर्ष अदालत ने एनसीएलएटी का आदेश और सीसीआई का 202 करोड़ का जुर्माना रद्द किया

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसने फ्यूचर ग्रुप के साथ अमेजन के निवेश सौदे पर लगे एंटी-ट्रस्ट निलंबन के खिलाफ उसकी अपील खारिज कर दी थी। यह फैसला बुधवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 17 दिसंबर 2021 के उस आदेश को भी पलट दिया है, जिसमें अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इसके साथ ही सीसीआई के आदेश में फ्यूचर के साथ उसका सौदा निलंबित कर दिया गया था।

अमेजन ने सीसीआई को बताया था कि वह एफसीपीएल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद रही है। इस सौदे में एफआरएल के 2.52 प्रतिशत शेयर एफसीपीएल को ट्रांसफर करने की व्यवस्था भी शामिल थी। अमेजन का कहना था कि यह निवेश एफसीपीएल के गिफ्ट कार्ड, लॉयल्टी कार्ड और पेमेंट कारोबार को मजबूत करने के लिए किया गया है। सीसीआई ने 28 नवंबर 2019 को इस सौदे को मंजूरी दी थी। आयोग ने कहा था कि इस लेनदेन से भारत में प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना नहीं है। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया था कि अगर दी गई जानकारी गलत पाई गई तो मंजूरी स्वतः निरस्त मानी जाएगी। बाद में सीसीआई ने अमेजन के आंतरिक दस्तावेजों की जांच की। आयोग के अनुसार, इन दस्तावेजों से पता चला कि अमेजन की रुचि केवल एफसीपीएल के गिफ्ट कार्ड कारोबार तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसका उद्देश्य फ्यूचर रिटेल और भारत के ऑफलाइन रिटेल सेक्टर में रणनीतिक पकड़ बनाना था। दस्तावेजों में प्रोजेक्ट ताज, फ्यूचर रिटेल के स्टोर नेटवर्क, बड़े शहरों में तेज डिलीवरी, प्राइवेट लेबल ग्रोसरी और फैशन उत्पादों के साथ विदेशी निवेश नियमों में बदलाव होने पर हिस्सेदारी बढ़ाने की संभावना का जिक्र था।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या फैसला सुनाया?

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, "तमाम निष्कर्षों को देखते हुए अपील की अनुमति दी जाती है। एनसीएलएटी द्वारा 13 जून 2022 को पारित निर्णय और सीसीआई द्वारा 17 दिसंबर 2021 को पारित आदेश को रद्द किया जाता है।" न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निर्देश दिया कि अमेजन से जमा कराई गई या वसूली गई कोई भी राशि आठ सप्ताह के भीतर वापस की जाए। यह फैसला अमेजन के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, जो फ्यूचर ग्रुप के साथ अपने सौदे को लेकर लंबे समय से कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। गौरतलब है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। यह जुर्माना फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के दौरान अहम जानकारी छिपाने के आरोप में लगाया गया था।

अमेजन ने 2019 में दी थी जुर्माना लगाए जाने को चुनौती

अमेजन ने 2019 में फ्यूचर कूपन्स में निवेश के लिए मंजूरी लेते समय महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने के आरोप में लगाए गए जुर्माने को चुनौती दी थी। मामला फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लिमिटेड में अमेजन के 2019 के निवेश से जुड़ा है, जो फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) से संबंधित इकाई थी।

राहुल ने पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली/ए.। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा 12वीं के एक छात्र की आंसर शीट जांच में हुई कथित गड़बड़ी पर खूब विवाद हुआ है, जिसकी सोशल मीडिया पर भी चर्चा है। अब इस विवाद को लेकर राहुल गांधी ने भी केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा कि सीबीएसई परीक्षा परिणाम को लेकर भयंकर हेर-फेर हो गया है, जिससे देश के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह शांत हैं और इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह गलती नहीं बल्कि एक सोचा-समझा षड़यंत्र है। राहुल गांधी ने सवाल पूछे, 'COEMPT को सीबीएसई का ठेका क्यों और किसके कहने पर दिया गया? COEMPT पहले ही Globarena के नाम से विवादों में घिर चुकी है फिर सीबीएसई को इस बारे में क्यों पता नहीं चला? बैकग्राउंड चेक क्यों नहीं किया गया?' राहुल गांधी ने पूछा कि COEMPT प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच क्या संबंध हैं?

राहुल गांधी ने मांग की कि सीबीएसई विवाद की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जाए और एसआईटी का गठन किया जाए। राहुल गांधी ने युवाओं से कहा कि 'आपकी मेहनत, आपका भविष्य कोई चुरा नहीं पाएगा। हम इस साजिश की तह तक जाएंगे और इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।'

राहुल ने पूछे सवाल

राहुल गांधी ने सीबीएसई परीक्षा कराने वाली कंपनी COEMPT को ठेका दिए जाने पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा, 'जिस कंपनी COEMPT को परीक्षा परिणाम की जिम्मेदारी दी गई, वह पहले Globarena नाम से तेलंगाना में 2019 में यही कारनामा कर चुकी है। राहुल गांधी ने कहा, नाम बदला पर नीयत नहीं। इतिहास सबको पता था फिर भी ठेका दिया गया। ऐसी कंपनी के हाथों में 18.5 लाख बच्चों का भविष्य सौंप दिया गया और किसी को फर्क नहीं पड़ा!'

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज, मुख्यमंत्री दे सकते हैं इस्तीफा

बेंगलुरू/ए.। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने राजभवन में सुबह 10:30 बजे का समय मांगा है। इससे पहले, वे उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ नाश्ते पर बैठक करेंगे। नई दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ हुई चर्चाओं के बारे में जब सिद्धारमैया से पूछा गया तो उन्होंने कहा कल बात करूंगा। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने आज बयान दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता कांग्रेस आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। परमेश्वर ने यह भी बताया कि पार्टी के महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। वे इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देंगे। उन्होंने कहा, हम आलाकमान के फैसले का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जो भी मामला हो, आलाकमान ही निर्णय लेगा। उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष डीके शिवकुमार गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ नाश्ते पर बैठक करेंगे। यह बैठक राज्य में राजनीतिक परिदृश्य को लेकर अटकलों को और हवा दे रही है। शिवकुमार के कार्यालय ने बुधवार को इस बैठक की पुष्टि की। बैठक गुरुवार (28 मई) को बंगलुरु में मुख्यमंत्री के आवास कावेरी में सुबह नौ बजे निर्धारित है। शिवकुमार गुरुवार को सुबह पांच बजे नई दिल्ली से रवाना होकर सुबह 8:30 बजे बंगलुरु पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री के इस्तीफे की संभावना और बैठकें

आईएएनएस सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुरुवार को राजभवन में अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। उन्होंने सुबह 10:30 बजे का समय मांगा है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ नाश्ते की बैठक के बाद वे राजभवन जाएंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्रियों की एक बैठक बुलाई है। इस संबंध में सभी मंत्रियों को मंगलवार रात संदेश भेजे गए थे। राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, कई मंत्री और वरिष्ठ विधायक मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचना शुरू हो गए हैं।

इबोला के नए स्ट्रेन से लड़ने को वैक्सीन तैयार! रूस ने किया दावा

नई दिल्ली (ए.)। रूस द्वारा इबोला वायरस के नए स्ट्रेन के खिलाफ वैक्सीन विकसित करने का दावा वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी खबर के रूप में सामने आया है। यह वायरस डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में तेजी से फैल रहा है और इसके चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भी इस प्रकोप को लेकर चिंता जताई है, क्योंकि संदिग्ध मामलों और मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में किसी संभावित वैक्सीन का सामने आना चिकित्सा विज्ञान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हालांकि अभी तक इस वैक्सीन की प्रभावशीलता और उपलब्धता को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी पुष्टि नहीं हुई है। इबोला जैसे घातक वायरस के खिलाफ यह दावा अगर सफल साबित होता है तो यह वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है। रूस ने दावा किया है कि उसके वैज्ञानिकों ने इबोला वायरस के नए स्ट्रेन के खिलाफ वैक्सीन विकसित की है, जो DRC में फैल रहे Bundibugyo स्ट्रेन से भी सुरक्षा दे सकती है। रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराश्को के अनुसार, यह वैक्सीन न केवल नए इबोला स्ट्रेन बल्कि दुर्लभ बुंदीबुग्यो स्ट्रेन से भी सुरक्षा देने में मदद कर सकती है।

बायजू के संस्थापक रवींद्रन को बड़ा झटका अवमानना के आरोप में सुनाई 6 माह की जेल

नई दिल्ली/ए.। भारत की कभी सबसे सफल मानी जाने वाली एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटनाक्रम में सिंगापुर की एक अदालत ने उन्हें अदालत की अवमानना का दोषी मानते हुए छह महीने जेल की सजा सुनाई है। यह फैसला रवींद्रन के लिए एक बहुत बड़ा झटका है, जो पहले से ही भारी आर्थिक संकट और विदेशी निवेशकों के कानूनी दावों का सामना कर रहे हैं। यह पूरा मामला रवींद्रन की संपत्तियों और अदालती आदेशों की अनदेखी से जुड़ा हुआ है। सिंगापुर की अदालत ने स्पष्ट किया है कि रवींद्रन ने अप्रैल 2024 से अपनी संपत्तियों से संबंधित कई अदालती आदेशों की जानबूझकर अवहेलना की है। इन आदेशों का पालन न करने के कारण ही उन्हें अदालत की अवमानना का दोषी पाया गया और छह महीने की जेल की सजा तय की गई। सजा के अलावा, अदालत ने रवींद्रन पर आर्थिक दंड भी लगाया है। उन्हें कानूनी खर्च के तौर पर 90,000 सिंगापुर डॉलर (लगभग 70,500 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, अदालत ने उन्हें तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा है। अदालत ने केवल सजा और जुर्माने पर ही बात खत्म नहीं की है, बल्कि उन्हें अपनी कुछ संपत्तियों का हिसाब देने को भी कहा है। रवींद्रन को अब ऐसे कानूनी दस्तावेज सौंपने होंगे जो यह साबित कर सकें कि 'बीएआर इन्वेस्टको पीटीई' के वे ही असली और कानूनी मालिक हैं। बता दें कि यह एक कॉरपोरेट इकाई है जिसके पास एक अन्य संबंधित कंपनी के शेयर मौजूद हैं। इस कानूनी लड़ाई में कतर होल्डिंग्स का प्रतिनिधित्व 'ड्रू एंड नेपियर' कर रहे हैं, जबकि बायजू इन्वेस्टमेंट्स का पक्ष 'फारवेंट चैंबर्स' रख रहे हैं। रवींद्रन के लिए यह सजा ऐसे समय में आई है जब दुनिया भर के कई विदेशी निवेशक उनसे अपने नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। अमेरिका में भी ऋणदाता 1.2 अरब डॉलर के उस बड़े लोन के डूबने के बाद अपना पैसा वापस पाने के लिए कड़ी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

नॉर्वे शतरंज: अलिरेजा फिरोजा ने प्रज्ञानानंद को क्लासिकल में हराया

नई दिल्ली/ए.। नॉर्वे शतरंज 2026 के दूसरे दौर में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने भारतीय स्टार आर. प्रज्ञानानंद को क्लासिकल मुकाबले में हराकर अपनी मजबूत शुरुआत जारी रखी, जबकि महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने कोनेरू हम्पी को आर्मगेडन टाईब्रेक में पराजित किया।

अलिरेजा फिरोजा ने आर. प्रज्ञानानंद को क्लासिकल मुकाबले में हराया। यह फिरोजा की लगातार दूसरी क्लासिकल जीत है।

विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन और जर्मनी के विन्सेंट कीमर के बीच क्लासिकल ड्रॉ रहा, लेकिन आर्मगेडन में कार्लसन ने जीत हासिल की।

विश्व चैम्पियन डी. गुकेश और अमेरिका के वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा। आर्मगेडन में वेस्ली सो ने जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में सभी तीन क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ रहे और फैसला आर्मगेडन में हुआ।

टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त बिबिसारा असाउबायेवा (कजाखस्तान) ने चीन की झू जिनर को आर्मगेडन में हराकर लीड बरकरार रखी।

ङ्क दिव्या देशमुख ने कोनेरू हम्पी को आर्मगेडन टाईब्रेक में हराया। क्लासिकल में दोनों के बीच ड्रॉ रहा था।

ङ्क अन्ना म्यूजिचुक ने महिला विश्व चैम्पियन जू वेनजुन को आर्मगेडन में शिकस्त दी।

टूर्नामेंट की जानकारी

नॉर्वे शतरंज 2026 का आयोजन 25 मई से 5 जून 2026 तक ओस्लो में हो रहा है। इस टूर्नामेंट की खासियत यह है कि क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ होने पर आर्मगेडन खेला जाता है, जिससे हर दौर में एक निर्णायक विजेता निकलता है।दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती दौरों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन मिश्रित रहा है।

'आश्रम' सीरीज के बोल्ड सीन्स पर बॉबी देओल का खुलासा

मुंबई। 'आश्रम' सीरीज में बॉबी देओल की परफॉर्मेंस को लोगों ने खूब सराहा। भले ही उन्होंने एक नेगेटिव किरदार निभाया, लेकिन दर्शकों से उन्हें जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। हाल ही में एक बातचीत में बॉबी देओल ने बताया कि सीरीज में जो बोल्ड सीन थे, उनके बारे में उन्होंने सबसे पहले सिर्फ अपनी पत्नी तान्या देओल को ही बताया था।

बॉबी देओल हाल ही में शेखर सुमन के चैट शो 'शेखर टूनाइट' में नजर आए। यहां उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने पहली बार इस सीरीज की कहानी सुनी थी, तो उन्होंने अपने परिवार में किसी को नहीं बताया था।

उन्होंने कहा, 'सबसे पहले जब मैंने कहानी सुनी, तो मैंने अपने पिता, मां या यहां तक कि अपने भाई को भी नहीं बताया। मैंने सिर्फ एक ही इंसान को बताया- मेरी पत्नी। मुझे उन्हें बताना जरूरी था, वरना अगर उन्हें बाद में पता चलता तो मैं मुश्किल में पड़ जाता।'

आगे उन्होंने अपनी पत्नी तान्या को अपने मुश्किल समय में साथ देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'आज मैं जो भी हूं, वो अपनी पत्नी की वजह से हूं। जब मैं अपने खराब दौर से गुजर रहा था, तब उन्होंने पूरे घर को संभाला। मुझे लगता है कि वो मेरी ताकत हैं।' दमदार कहानी, शानदार स्टारकास्ट और अनुराग कश्यप के निर्देशन की वजह से 'बंदर' फिल्म को 2026 की सबसे एक्साइटिंग फिल्मों में गिना जा रहा है।

फिल्म में बॉबी देओल के अलावा सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद, राज बी शेट्टी, जीतेंद्र जोशी, सपना पब्बी, इंद्रजीत सुकुमारन, रिद्धि सेन और नागेश भोसले अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

भड़के जगद्गुरु रामभद्राचार्य, बोले- मेरे जगद्गुरु होने का परीक्षण कर लें, हर कसौटी पर खरा हूं...

■ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी विवाद: नेता प्रतिपक्ष ने रामभद्राचार्य को बताया था भाजपा का प्रचारक

मनेन्द्रगढ़/चिरमिरी/एमसीबी। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र में चल रही श्रीराम कथा के बीच एक बड़ा राजनीतिक और धार्मिक विवाद खड़ा हो गया है। सूबे के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा जगद्गुरु रामभद्राचार्य को लेकर दिए गए विवादित बयान पर अब जगद्गुरु ने व्यासपीठ से खुली चुनौती देते हुए तीखा पलटवार किया है। चिरमिरी के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में चल रही कथा के दौरान इस वैचारिक संग्राम ने पूरे प्रदेश का सियासी पारा गरमा दिया है।

दरअसल, मनेन्द्रगढ़ दौरे पर आए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से जब मीडियाकर्मियों ने पूछा कि क्या वे चिरमिरी में आयोजित श्रीराम कथा में जगद्गुरु रामभद्राचार्य से मिलने और आशीर्वाद लेने जाएंगे? इस पर डॉ. महंत ने तीखा रुख अपनाते हुए कहा:'रामभद्राचार्य भाजपा के प्रचारक हैं। मैं उनको न जगद्गुरु मानता हूँ और न ही गाँव का गुरु मानता हूँ। '

इसी मुद्दे पर उनकी पत्नी और कोरबा सांसद ज्योत्स्ना महंत ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धर्म की आड़ में राजनीति नहीं होनी चाहिए। सांसद ने कहा, 'मैं काम को ही धर्म मानती हूँ और मेरे लिए जनता की सेवा सबसे महत्वपूर्ण है। मैं उनसे मिल चुकी हूँ, उनकी कथा भी सुन चुकी हूँ, लेकिन जनप्रतिनिधियों को सेवा भाव में रहना चाहिए। '

जगद्गुरु रामभद्राचार्य की खुली चुनौती: 'मैं ऐसे-वैसे जगद्गुरु नहीं'

- महंत दंपति के इस बयान की गूंज जैसे ही चिरमिरी के कथा पंडाल तक पहुँची, जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने व्यासपीठ से मोर्चा संभाल लिया। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में उन्होंने डॉ. चरणदास महंत को चुनौती देते हुए कहा:

- 'मेरे जगद्गुरु होने का पूर्ण परीक्षण कर लें, मैं हर कसौटी पर खरा हूँ। जगद्गुरु बनने के लिए शास्त्रों में निर्धारित मापदंड होते हैं, जिसमें तीन ग्रंथों पर भाष्य लिखना अनिवार्य है। सभी अखाड़ों और संत समाज ने मुझे यह मान्यता दी है।'

- उन्होंने आगे कहा कि वह 'ऐसे-वैसे जगद्गुरु नहीं' हैं और 22 भाषाओं में धाराप्रवाह बोल सकते हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य के पलटवार के मुख्य बिंदु

- योग्यता की चुनौती: शास्त्रों के मापदंडों के अनुसार 3 ग्रंथों पर भाष्य लिखा है और 22 भाषाओं का ज्ञान है।

- रामभक्ति पर घेरा: जिन्हें राम से प्रेम करने वालों से दिक्कत है, उन्हें मिर्ची लग रही है। जो राम जी से प्रेम करेगा, उसे मेरा आशीर्वाद मिलेगा।

- इतिहास की याद दिलाई: रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान निहत्थे रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां चलवाई गईं, हम महीनों जेल में रहे।

देश विभाजन और इतिहास को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कांग्रेस के पुराने घटनाक्रमों और देश के इतिहास को लेकर भी तीखे सवाल दागे। उन्होंने मंच से पूछा, 'देश को गर्त में किसने पहुंचाया? देश का विभाजन किसने करवाया और देश को टुकड़ों में किसने बाँटा? इसका जवाब भी विरोध करने वालों को देना होगा।'

धार्मिक आयोजन बना सियासी संग्राम का केंद्र

जगद्गुरु के इन आक्रामक बयानों के दौरान पूरा स्टेडियम 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा और उपस्थित भक्तों ने हाथ उठाकर उनका समर्थन किया। चिरमिरी में आयोजित यह श्रीराम कथा अब केवल एक धार्मिक आयोजन न रहकर, छत्तीसगढ़ के आगामी राजनीतिक और वैचारिक टकराव का मुख्य केंद्र बनती नजर आ रही है।

न्यूज गैलरी

108 संजीवनी एक्सप्रेस कर्मियों की सूझबूझ से एम्बुलेंस में हुआ प्रसव

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा 108 संजीवनी एक्सप्रेस एक बार फिर गर्भवती महिला के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। 108 एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता, सूझबूझ एवं संवेदनशीलता से एक गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। वर्तमान में जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदगांव निवासी मानसी, पति दीपक, उम्र 24 वर्ष को गर्भावस्था संबंधी जटिलता होने पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा में भर्ती कराया गया था। महिला की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेकाहारा रायपुर रेफर किया। इसके बाद 108 संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट नीलमणि एवं ईएमटी कलावती गायकवाड़ तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचे और गर्भवती महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर रायपुर के लिए रवाना हुए। रायपुर पहुंचने से पहले धरसीवां के आसपास महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ईएमटी कलावती गायकवाड़ ने परिजनों की सहमति एवं पायलट नीलमणि के सहयोग से एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। ईएमटी द्वारा सभी आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रियाओं एवं सावधानियों का पालन करते हुए सुरक्षित प्रसव कराया गया। कुछ ही देर में महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

गर्मी बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

बेमेतरा/नवप्रदेश। गर्मी के शुरूआती दौर में ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए है तापमान लगातार सामान्य से उपर दर्ज किया जा रहा है मौसम विभाग ने भीषण गर्मी और लू चलने चेतावनी जारी की है। इसका असर बेमेतरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बुधवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में बढोतरी होने की संभावना है जिससे लोगो की परेशानी और बढ़ सकती है। दिन के साथ साथ रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है नगर सहित आसपास क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से काफी अधिक माना जा रहा है। देर रात तक गर्म हवाएं चलने और उमस बने रहने से लोग बेचैनी महसूस कर रहे है पंखे और कुलर भी लोगों को राहत देने में नाकाम साबित हो रहे है। जिला सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरो से बाहर निकल रहे है। दोपहर के समय बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम दिखाई दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी परेशान हो रहे है। कई स्थानों पर लोग पेड़ो की छांव और ठंडे पेय पदाथों का सेवन करते नजर आ रहे है। गर्मी बढ़ने के साथ ही अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

ग्राम कांटाकुर्रीडीह में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कांटाकुर्रीडीह में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए लगभग 160 लीटर महुआ शराब जब्त की है तथा करीब 1200 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई दिनांक 25 मई 2026 को जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती निरुपमा लोन्हारे के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में तथा आबकारी उप निरीक्षक श्री निशांत साधु के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। विभाग को ग्राम कांटाकुर्रीडीह थाना केरेगांव क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री किए जाने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने सुनियोजित ढंग से आरोपी के निवास पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी बसन्तु कमार पिता झुकू राम कमार के घर से पहले 400 मिलीलीटर महुआ शराब की खरीदी की गई, जिसके बाद तलाशी लेने पर लगभग 60.40 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई।

45 डिग्री तापमान में झुलस रहा शरीर, फिर भी कंधों पर ढो रहीं पूरे शहर का कचरा

शहर को साफ रखने वाली बहनों की जल रही जिंदगी

जयदेव सिंह

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने वाली वे महिलाएं, जिन्हें नगर पालिका ने सफाई मित्र का नाम दिया है, आज खुद सबसे ज्यादा उपेक्षा और संवेदनहीनता का शिकार होती नजर आ रही हैं। एक ओर भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए शासन द्वारा मवेशियों से काम लेने पर रोक लगाकर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 44 से 45 डिग्री तापमान और आसमान से बरसती आग के बीच नगर पालिका के मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत सफाई मित्र बहनें रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर शहर की सफाई व्यवस्था संभालने को मजबूर हैं।

तपती सड़कों पर दिनभर रिक्शा खींचती ये महिलाएं अब सवाल पूछ रही हैं कि क्या संवेदनाएं सिर्फपशुओं के लिए हैं? क्या शहर को साफरखने वाली इन मेहनतकश महिलाओं की जिंदगी और स्वास्थ्य की कोई कीमत नहीं? नगर पालिका में कार्यरत लगभग 117 सफाई मित्र बहनें सप्ताह में 6 दिन लगातार लगभग 10 घंटे तक काम करती हैं। सुबह साढ़े 6 बजे वे नगर पालिका कार्यालय पहुंचती हैं, जहां निष्ठा ऐप में हाजिरी दर्ज कराने के बाद अपने-अपने वार्डों के लिए निकल पड़ती हैं। इसके बाद शुरू होता है संघर्ष का वह सफर, जो तेज धूप, गर्म हवाओं और थकान से भरे लंबे घंटों तक चलता रहता है।

शहर के 30 वार्डों में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करना, भारी रिक्शा चलाना, संकरी गलियों से गुजरना और फिर शहर से दूर स्थित मणिकंचन केंद्रों तक कचरा पहुंचाना इनके रोजमर्रा के काम का हिस्सा है। लेकिन यह काम जितना सुनने में सामान्य लगता है, हकीकत में उतना ही कठिन और पीड़ादायक है। दोपहर होते-होते सड़कें आग उगलने लगती हैं। गर्म हवाएं चेहरे को झुलसाने लगती हैं। कई बार रिक्शा धकेलते-धकेलते महिलाओं के हाथ कांपने लगते हैं, शरीर जवाब देने लगता है और आंखों के सामने अंधेरा छाने लगता है। इसके बावजूद मजबूरी ऐसी है कि वे रुक नहीं सकतीं। क्योंकि यदि काम रुका, तो घर की रसोई भी ठंडी पड़ जाएगी।

सफाई मित्र दोसदा चंद्राकर बताती हैं कि दोपहर की गर्मी में रिक्शा चलाना किसी सजा से कम नहीं लगता। कई बार ऐसा महसूस होता है जैसे शरीर जल रहा हो, लेकिन जिम्मेदारी निभाने के लिए काम करना ही पड़ता है। वहीं सुमति कसना कहती हैं कि कई महिलाओं को चक्कर आने लगते हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, बुखार और कमजोरी हो जाती है, लेकिन छुट्टी लेने का मतलब वेतन कटना है। प्रभा चंद्राकर, रीना छात्रे, तोरण चक्रधारी, ज्योति यादव और अलका चंद्राकर जैसी कई महिलाओं का कहना है कि यदि कार्य का समय सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे के बजाय सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया जाए, तो उन्हें भीषण गर्मी से काफी राहत मिल सकती है। उनका कहना है कि दोपहर की धूप सबसे ज्यादा जानलेवा साबित हो रही है। लेकिन बार-बार मांग उठाने के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। नगर पालिका द्वारा सफाई कार्य के लिए 21 फुट रिक्शा और 20 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं।

> नगर पालिका का अपना अलग सिस्टम है। आपके माध्यम से हमें जानकारी मिली है। निश्चित रूप से सफाई मित्र बहनों को राहत देने के लिए कार्य समय में बदलाव पर विचार करेंगे और इस तपती गर्मी में उन्हें राहत पहुंचाने की पूरी कोशिश की जाएगी।
>
> **- विनय कुमार लंगेह,** कलेक्टर, महासमुंद

अवैध रेत-चूना पत्थर परिवहन पर शिकंजा, 36 वाहन जब्त

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफप्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनिज माफियाओं पर शिकंजा कस दिया है। जिले के विभिन्न इलाकों में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान अवैध रूप से रेत और चुना पत्थर का परिवहन करते पाए जाने पर 36 वाहनों को जब्त किया गया है। कार्रवाई के बाद संबंधित वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है, जबकि कई प्रकरणों में वैधानिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

जिला प्रशासन के निर्देश पर संचालित इस विशेष अभियान में जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल ने उपनपाल, देवड़ा, कोडेनार,बड़ेआमाबाल,कोरपाल,बस्तर,खोरखोसा,बेलगांव, धरमपुरा,जगदलपुर,कुम्हरावंड,पिपलावंड,बजावंड,बडांजी, छापरमानपुरी,तारापुर और बनियागांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर गौण खनिज रेत और चुना पत्थर का अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भंडारण पाया गया,जिसके बाद परिवहनकर्ताओं, उत्खननकर्ताओं और भंडारणकर्ताओं के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए।खनिज विभाग के अनुसार केवल वाहनों की जब्ती तक कार्रवाई सीमित नहीं रही, बल्कि चार भंडारणकर्ताओं के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।

विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित मामलों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1967 की धारा 21 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की अवैध निकासी पर अंकुश लगाने के लिए नियमित निगरानी और औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

नशे पर बस्तर पुलिस का एक्शन बस चालक निकला अफीम तस्कर

■ कोतवाली पुलिस ने 95 हजार रुपए की अफीम के साथ आरोपी को दबोचा

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बस चालक के रूप में कार्य करते हुए गुप्त रूप से अफीम की आपूर्ति करता था। थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 167.2 ग्राम अवैध अफीम जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 95 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिले में नशे और आपराधिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना कोतवाली को सूचना मिली थी कि एक सरदार व्यक्ति गोयल बड़ी तिराहा, रायपुर मुख्य मार्ग के पास अफीम बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया।पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हरदीप सिंह, पिता प्यारा सिंह, उम्र 63 वर्ष, निवासी खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग बताया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 167.2 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी अफीम रखने और बिक्री के संबंध में कोई वैधानिक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका तथा अवैध बिक्री करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को मादक पदार्थ नियंत्रण कानून की धारा 18 (बी) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

संकल्प, शिक्षा और सफलता: बाल संप्रेषण गृह के 6 बच्चों ने परीक्षा में पाई सफलता

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के मार्गदर्शन में बाल संप्रेषण गृह दुर्ग में निवासरत बालकों को कक्षा 7वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही थी। बच्चों को अध्ययन सामग्री एवं शिक्षकों की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। कठिन पारिवारिक, सामाजिक एवं मानसिक परिस्थितियों के बावजूद बच्चों ने हार नहीं मानी और निरंतर अध्ययन जारी रखा।

इन बच्चों की मेहनत एवं लगन यह संदेश देती है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त की जा सकती है। अनुशासन एवं नियमित अध्ययन से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास हुआ है तथा यह सिद्ध हुआ है कि सतत प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बच्चों की इस सफलता ने यह प्रमाणित किया है कि यदि प्रत्येक बच्चे को उचित अवसर एवं सकारात्मक वातावरण मिले, तो वह नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। परीक्षा की तिथि निकट आने पर बालकों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति हेतु आवेदन किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बच्चों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 7 बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित होने अनुमति प्रदान की गई थी, जिसमें से 6 बच्चों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। बच्चों की इस उपलब्धि से संस्था में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। शिक्षा प्राप्त कर बालक अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं तथा खेल, कला, संगीत एवं अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। साथ ही वे समाज के अन्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित कर सकते हैं, आत्मनिर्भर बनकर समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं तथा कंप्यूटर, तकनीकी एवं नवाचार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के नए अवसर भी हासिल कर सकते हैं। बच्चों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि शिक्षा जीवन को बदलने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे अन्य बच्चों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं गंभीरता बढ़ेगी।

समर कैंप : जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता, वन मंत्री केदार कश्यप ने दी बधाई

बारनवापारा के देवपुर जंगल में दिखी दुर्लभ विशाल भारतीय गिलहरी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बारनवापारा क्षेत्र ने एक बार फिर अपनी समृद्ध जैव विविधता से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। बलौदाबाजार वनमंडल के अंतर्गत देवपुर जंगल में आयोजित देवपुर समर कैंप 2026 के दौरान दुर्लभ विशाल भारतीय गिलहरी (जायंट मालाबार स्क्विरल) दिखाई दी। इस दुर्लभ वन्यजीव के दिखने से वन विभाग, प्रकृति प्रेमियों और वैज्ञानिकों में उत्साह है।

वन विभाग की टीम: वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने इस उपलब्धि पर वन विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ सरकार की वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की योजनाओं का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जंगलों और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है, जिससे दुर्लभ प्रजातियों के लिए सुरक्षित आवास विकसित हो रहे हैं।

'देवपुर समर कैंप में दिखी दुर्लभ प्रजाति': बलौदाबाजार वनमंडल द्वारा 16 मई से 22 मई 2026 तक देवपुर समर कैंप का आयोजन किया गया था। कैंप के पहले दिन 16 मई को आयोजित बर्डिंग ट्रेल के दौरान इस दुर्लभ गिलहरी को देखा गया। इसकी पहचान प्रकृति प्रेमी एवं साइबर रिस्क एक्सपर्ट श्री हेमंत वर्मा ने की।

'विशाल भारतीय गिलहरी की खासियत': विशाल भारतीय गिलहरी, जिसका वैज्ञानिक नाम रेटूफा इंडिका है, भारत की सबसे बड़ी वृक्षवासी गिलहरियों में से एक है। इसकी पूंछ सहित लंबाई लगभग तीन फीट तक होती है। इसके शरीर पर गहरे लाल, भूरे, काले और क्रीम रंगों का सुंदर मिश्रण होता है। यह अपना अधिकांश जीवन पेड़ों पर ही बिताती है और एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक लंबी छलांग लगाने में सक्षम होती है।

'कानूनी संरक्षण प्राप्त दुर्लभ प्रजाति': यह प्रजाति वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-2 के तहत संरक्षित है। इसका शिकार या व्यापार करना कानूनन अपराध है। स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत है। वनमंडलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर ने कहा कि बारनवापारा अभ्यारण्य और आसपास का वन क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। देवपुर जंगल में इस दुर्लभ गिलहरी का दिखना इस बात का प्रमाण है कि यहां का वन पारिस्थितिकी तंत्र स्वस्थ और सुरक्षित है। वनमंडलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर ने बताया कि देवपुर समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें शामिल बच्चों और युवाओं के लिए यह अनुभव बेहद खास रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com